स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
24 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 66 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


बाबर आजम की दस महीने बाद पाकिस्तान टी20 टीम में वापसी








# भारत पर 50 नहीं सिर्फ 15 प्रतिशत ट्रंप टैरिफ संभव

- जल्द ट्रेड डील के आसार
- अमेरिकी मक्का-एथेनॉल की खरीद बढ़ा सकता है भारत




**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही ट्रेड डील होने के आसार हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की चुनिंदा वस्तुओं पर लगने वाला 50 प्रतिशत टैरिफ घटकर 15 प्रतिशत हो सकता है। ट्रेड डील से जुड़े सूत्रों के अनुसार ऊर्जा और कृषि सेक्टर वार्ता की टेबल पर सबसे अहम हैं। भारत इनमें कुछ रियायत दे सकता है। अमेरिकी वार्ताकार दावा कर रहे हैं कि भारत धीरे-धीरे रूसी कच्चे तेल की खरीद में कमी ला सकता है। साथ ही, अमेरिका से नॉन जीएम (जेनेटिकली मॉडिफाइड) मक्का और सोयामील के लिए बाजार को खोल सकता है। भारत का मानना है कि तेजी से बढ़ी घरेलू पोल्ट्री, डेयरी और एथेनॉल इंडस्ट्री में अमेरिकी उत्पाद खप जाएंगे। भारतीय किसानों के हित भी प्रभावित नहीं होंगे।

अभी भारत सालाना करीब 5 लाख टन मक्का अमेरिका से आयात करता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने अमेरिकी पक्ष को दो टूक बता दिया है कि नॉन जीएम मक्का पर वर्तमान में 15 प्रतिशत टैक्स को कम नहीं किया जाएगा। अमेरिका, भारत पर प्रीमियम चीज (पनीर) को भी एंट्री देने के लिए दबाव डाल रहा है, लेकिन भारत इस पर फिलहाल राजी नहीं है।

# आसियान सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे पीएम मोदी

- मलयेशिया के प्रधानमंत्री ने की पुष्टि



**कुआलालंपुर।** मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बुधवार को पुष्टि की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के लिए कुआलालंपुर नहीं जाएंगे, बल्कि वर्चुअली इसमें शामिल होंगे। मलयेशियाई प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के एक करीबी सहयोगी से फोन पर हुई बातचीत के बाद कहा, हमने इस महीने के अंत में कुआलालंपुर में होने वाले 47वें आसियान शिखर सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा की।

## ‘ट्रंप से बचना चाहते हैं मोदी’

**नई दिल्ली।** मलयेशिया में होने वाले आसियान शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी नहीं जाएंगे, बल्कि वो इस सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे। इस बात के सुर्खियों में आने के साथ ही कांग्रेस ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा है। पार्टी का कहना है कि पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बचना चाहते हैं, इसलिए वे इस सम्मेलन में नहीं जा रहे हैं। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सोशल मीडिया पर ट्रंप की तारीफ करना एक बात है, लेकिन उनसे आमने-सामने मिलने से मोदी खुद को बचा रहे हैं। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करने के लिए कहा है और मोदी इस विवाद में फंसना नहीं चाहते।

# फायर सर्विस में जल्द बनेगी स्पेशलाइज्ड यूनिट : योगी

- हर 100 किलोमीटर पर होगी फायर चौकी
- विभाग में नए पदों का सृजन भी होगा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिक विस्तार और शहरीकरण की गति को देखते हुए अग्निशमन विभाग की संरचना को अधिक सशक्त, आधुनिक व जनसुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है। फायर सर्विस को केवल आग बुझाने तक सीमित न रखकर इसे आपदा प्रबन्धन, रेस्क्यू ऑपरेशन और आपात सेवाओं के समेकित स्वरूप में विकसित किया जाए। सीएम योगी अपने सरकारी आवास पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कैडर रिव्यू की आवश्यकता जताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक रीजन में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं व सुपर हाईराइज बिल्डिंग जैसी परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो। मुख्यमंत्री ने फायर सर्विस को अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित जनशक्ति से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभाग में नए पदों के सृजन पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग की प्रशासनिक क्षमता और वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रत्येक जनपद में अकाउण्ट कैडर स्थापित किया जाए। साथ ही, राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में अतिरिक्त पद सृजित कर प्रशिक्षण व अनुसंधान की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए।

# अब चार नॉमिनी जोड़ सकेंगे बैंक ग्राहक

- पहली नवंबर से प्रभावी होगा प्रावधान




नई दिल्ली। अगले महीने से बैंक ग्राहक अपने खाते में अधिकतम चार नॉमिनी का विकल्प चुन सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान में एकरूपता और दक्षता सुनिश्चित करना है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को कहा गया कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान 1 नवंबर 2025 से प्रभावी होंगे। नए संशोधनों के अनुसार ग्राहक एक साथ या क्रमिक रूप से अधिकतम चार लोगों को नामांकित कर सकते हैं। इससे जमाकर्ताओं और उनके नामांकित व्यक्तियों के लिए दावा निपटान सरल हो जाएगा। इसमें कहा गया है कि जमाकर्ता अपनी पसंद के अनुसार एक साथ या क्रमिक नामांकन का विकल्प चुन सकते हैं।

सुरक्षित अभिरक्षा में रखी वस्तुओं और सुरक्षा लॉकरों के लिए नामांकन के संबंध में, इसमें कहा गया है कि केवल क्रमिक नामांकन की ही अनुमति है। संशोधित नियमों में कहा गया है, जमाकर्ता अधिकतम चार व्यक्तियों को नामित कर सकते हैं और प्रत्येक नामित व्यक्ति के लिए हिस्सेदारी या पात्रता का प्रतिशत निर्दिष्ट कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि कुल 100 प्रतिशत की राशि सभी नामित व्यक्तियों के बीच पारदर्शी तरीके से वितरित हो सके। वित्त मंत्रालय ने बताया है कि जमा राशि, सुरक्षित अभिरक्षा में रखी वस्तुएं या लॉकर रखने वाले व्यक्ति अधिकतम चार नामांकित व्यक्तियों को का नाम जोड़ सकते हैं। यहां नामांकित व्यक्ति केवल पहले नामित व्यक्ति की मृत्यु के बाद ही हकदार होगा। इससे निपटान में निरंतरता और उत्तराधिकार की स्पष्टता सुनिश्चित होती है। बयान में कहा गया है, इन प्रावधानों के कार्यान्वयन से जमाकर्ताओं को अपनी पसंद के अनुसार नामांकन करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही बैंकिंग प्रणाली में दावा निपटान में एकरूपता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी।

# सबरीमाला मंदिर का पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सबरीमाला मंदिर से गोल्ड कम होने के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने बुधवार को मंदिर के पूर्व अधिकारी बी. मुरारी बाबू को चंगनाश्शेरी स्थित घर से गिरफ्तार किया। एसआईटी ने गुरुवार को बताया कि मुरारी से तिरुवनंतपुरम के क्राइम ब्रांच ऑफिस में पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एसआईटी बाबू को पथानामथिट्टा में ज्यूडिशियल फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश करेगी और कस्टडी की मांग करेगी। मुरारी द्वारपालक मूर्तियों की सोने की प्लेट और गर्भगृह के दरवाजों की फ्रेम से सोना गायब होने से जुड़े दो मामलों में आरोपी है। इस मामले में त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड की विजिलेंस टीम ने शुरुआती जांच के बाद रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें बोर्ड के 9 अधिकारियों के खिलाफ ऐक्शन लेने का फैसला किया था।

# ‘वयस्क है, फैसले खुद ले सकती है’

- बॉम्बे हाई कोर्ट ने गर्भवती महिला को परिवार से सुरक्षा का दिया आदेश



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान एक 31 साल की गर्भवती महिला को उसके परिवार से सुरक्षा देने का आदेश दिया है। महिला ने अपने घर से भागकर अपने प्रेमी से शादी कर ली है। वह अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखती है और अपने परिवार के विरोध के बावजूद अपने फैसले पर अड़ी हुई है। महिला के पिता ने पुलिस में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार वालों ने दावा किया था कि उनकी बेटी अप्रैल महीने से घर से गायब है। इस शिकायत पर हाईकोर्ट में हैबियस कॉर्पस याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें लड़की को परिवार के पास लाने की मांग की गई थी। ऐसे में कोर्ट में महिला को भी पेश किया गया, जिन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़ा है क्योंकि उनका परिवार उनके प्रेम संबंध को स्वीकार नहीं कर रहा था और उन्हें कई परेशानियां दी जा रही थीं। उन्होंने कहा कि वह तीन महीने की गर्भवती हैं और अपने साथी के साथ शादी करके बसना चाहती हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि महिला वयस्क है और अपने फैसले खुद लेने की पूरी आज़ादी रखती है। इसलिए उसके पिता की याचिका में कोई दम नहीं बचा है। कोर्ट ने यह भी माना कि महिला अपने परिवार से खतरे की आशंका रखती है, इसलिए उसकी सुरक्षा जरूरी है।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता और खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। दिल्ली की हवा की गुणवत्ता गुरुवार को भी बेहद खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 6 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 353 दर्ज किया गया। कई इलाके रेड जोन में हैं। अक्षरधाम मंदिर के पास सड़कों पर विजिबिलिटी कम थी। यहां ज्यादातर इलाकों में सुबह के समय स्मॉग छाया रहा। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में एक्यूआई 300 से 400 के बीच रहा। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर रही। सबसे खराब स्थिति आनंद विहार में थी, जहां सुबह 5.30 बजे एक्यूआई 511 तक पहुंच गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि जब तक एक्यूआई मीडियम लेवल पर न आए, दिल्ली-एनसीआर में बाहर की गतिविधियां सीमित रखें।

## यमुनोत्री धाम के कपाट बंद

**बड़कोट (उत्तरकाशी)।** यमुनोत्री धाम में मां यमुना मंदिर के कपाट आज छह माह के लिए बंद कर दिए गए। इससे पहले मां यमुना मंदिर का खजाना खोला गया। यमुनोत्री धाम में इस साल 6,45,000 श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और चढ़ावा भेंट किया। इस यात्राकाल में यमुनोत्री मंदिर समिति को करीब 50 लाख रुपये की आय हुई है। गत वर्ष की अपेक्षा श्रद्धालुओं की आवाजाही में थोड़ी कमी आई है। यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप उनियाल सचिव सुनील उनियाल ने बताया कि इस बार पिछले साल की अपेक्षा श्रद्धालुओं में कमी के साथ ही थोड़ी बहुत आय में भी कमी आई है। इस बार मंदिर समिति को दान पात्र और रसीद बुकों से करीब 50 लाख रुपये का चढ़ावा प्राप्त हुआ।

# देर से और देर तक सोना बन सकता है मुसीबत

## नींद के घंटे नहीं...सोने के समय से तय होता है मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य



**लंदन।** एक नई वैज्ञानिक रिपोर्ट कहती है कि रात में देर से सोने और फिर समय बदल-बदल कर देर तक सोने की आदत शरीर की आंतरिक जैविक घड़ी को असंतुलित कर सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नींद की कुल अवधि से कहीं अधिक महत्वपूर्ण यह है कि आप रोजाना एक ही समय पर सोने और जागने की आदत बनाए रखें, क्योंकि यही लय मस्तिष्क और हृदय दोनों के लिए बेहतर साबित होती है। यह अध्ययन यूनाइटेड किंगडम के यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर और अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के नींद-विज्ञान विशेषज्ञों ने संयुक्त रूप से किया है। इसे ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्लीप मेडिसिन तथा नेशनल ज्योग्रैफिक हेल्थ सेक्शन में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि सोने का समय व्यक्ति की नींद की गुणवत्ता और शरीर के समग्र स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। अगर कोई व्यक्ति देर रात तक जागता रहता है और अगले दिन देर तक सोकर नींद की कमी पूरी करने की कोशिश करता है, तो उसका शरीर जैविक असंतुलन (सर्केडियन रिद्म डिसरप्शन) का शिकार हो सकता है। अनियमित नींद के समय से मस्तिष्क की कार्यक्षमता, ध्यान केंद्रण की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा इससे हृदय रोग, मोटापा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ जाता है। शोध में 40,000 से अधिक प्रतिभागियों के नींद-पैटर्न, जीवनशैली और स्वास्थ्य संकेतकों का दीर्घकालिक विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों की औसत आयु 18 से 65 वर्ष के बीच थी।






स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# भैया दूज पर बंधा प्रेम और परंपरा का नाता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भाई-बहन के अमर प्रेम का प्रतीक भैया दूज का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी दीर्घायु, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की, वहीं भाईयों ने उपहार और मिठाई देकर अपनी जिम्मेदारी और स्नेह व्यक्त किया। शहर के ऐतिहासिक मोहल्लों और आधुनिक कॉलोनियों में लोग पारंपरिक गीत, संगीत और खेलों के साथ इस पर्व का आनंद लेते दिखे। भईया के माथे सिर पगड़ी, भउजी के माथे सिंदूर हो ना जैसे लोकगीतों की गूंज और 'राम भईया के लाली घोड़िया' गीतों ने माहौल को उल्लास और उमंग से भर दिया। भाई-बहन के इस पर्व में यमुना स्नान और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व रहा। कई घरों में गोवर्धन की आकृतियाँ बनाई गईं, जिनके सामने



बहनों ने सुबह जल्दी पहुंचकर पूजा की और भाईयों को माला पहनाकर बजरी खिलाई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भैया दूज न केवल भाई-बहन के रिश्तों को प्रगाढ़ करता है, बल्कि परिवार और समाज में एकता और पारंपरिक संस्कृति को जीवित रखने में भी मदद करता है। शहर के प्रमुख मंदिरों और घरों में विशेष आयोजन हुए। बहनों ने भाईयों की लंबी उम्र की कामना की और भाईयों ने बहनों को उपहार देकर इस पर्व को और खास बनाया। परिवारों ने पारंपरिक पकवान और मिठाइयों के साथ भाई-बहन का प्रेम बढ़ाया। बच्चों और बुजुर्गों ने भी इस उत्सव में भाग लिया और घर-घर उत्सव का माहौल बना। स्थानीय बाजारों में इस अवसर पर मिठाई और उपहारों की खरीदारी देखने को मिली। लोग भाई-बहनों के लिए रंग-बिरंगे पकवान और उपहार खरीदकर पर्व की रौनक बढ़ा रहे थे। भैया दूज के इस पावन पर्व को श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के साथ मनाकर परिवारों और समाज में भाई-बहन के प्रेम को मजबूत किया।

# अधाधुंध जल रही पराली, कृषि विभाग की नींद उड़ी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं ने कृषि विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ा दी है।

### पश्चिमी यूपी में आज से डेरा डालेंगे अधिकारी

एनजीटी या सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई से बचाने के लिए शीर्ष अधिकारी गुरुवार को इसे रोकने के उपायों पर मंथन किया। तय किया गया है कि मुख्यालय पर तैनात शीर्ष अधिकारी मौके पर जाकर इसे रोकने का जतन करेंगे।

कृषि निदेशक डा. पंकज त्रिपाठी ने कहा है कि शुक्रवार से ये अधिकारी सबसे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश भेजे जाएंगे। इसके पहले 50 किसानों पर एक नोडल अफसर तैनात किए गए हैं। नोडल



अधिकारी 24 घंटे सातों दिन अपने क्षेत्र में किसानों पर नजर रख रहे हैं।

इसके साथ ही 15 अक्तूबर से पूरे प्रदेश की सेटेलाइट से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है।

गत वर्ष 21 अक्तूबर तक 723 मामले दर्ज हुए थे, इस साल यह संख्या 660 है। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम जिला व कृषि निदेशालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें लगातार सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। पराली जलाए जाने वाले घटनास्थल पर नोडल अफसर व लेखपाल को भेजने के बाद संबंधित इलाके के तहसीलदार, उप कृषि निदेशक व एडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर एक नज़र

### छठ पर्व की तैयारी में जुटा जनमानस

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** छठ पर्व को लेकर जनमानस पूरी तरह तैयारियों में जुट गया है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है, जिसमें महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं। समाजसेवी मुशर्रफ़ इमाम ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में छठ पूजा स्थल पहले से बनाए गए हैं। उन्होंने निगम अधिकारियों से अपील की कि घाटों और आसपास के क्षेत्रों की शीघ्र सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि व्रती एवं उनके परिवारजन श्रद्धा और सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकें।

### नई कार्यकारिणी गठित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की मंथन बैठक जानकीपुरम में संपन्न हुई, जिसमें खुदरा व्यापारियों की समस्याओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लखनऊ जिला इकाई भंग कर नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 101 नए पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, संरक्षक सूर्य नारायण तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नाथ मिश्रा, महासचिव मनोज सिंह सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सुरेंद्र कुमार सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा तय हुआ कि संगठन की नीतियों में बदलाव कर मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी।

### सीएमएस शिक्षिका सम्मानित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका डा. सुनीता पाण्डेय को शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'एक्सीलेन्स इन ट्रान्सफार्मेटिव एजूकेशन' अवार्ड से नवाजा गया है। नई दिल्ली के एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा।

### बीबीएयू में एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स की शुरुआत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने एग्जीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम की शुरुआत करने की तैयारी कर ली है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट (आईआईएम) की तर्ज पर शुरू किए जा रहे इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से चल रही है। इच्छुक अभ्यर्थी 31 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एग्जीक्यूटिव एमबीए के साथ ही विश्वविद्यालय ने कई अन्य पाठ्यक्रमों में भी दाखिले के लिए अवसर प्रदान किया है। इनमें पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, पीजी इन मेनुस्क्रिप्टोलॉजी, पीजी डिप्लोमा इन फिल्म एंड थिएटर एक्टिंग एंड एडिटिंग, पीजी डिप्लोमा इन योगा थेरेपी तथा वन इयर डिप्लोमा इन पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी ऑफहॉर्टिकल्चर क्रॉप्स शामिल हैं। इन सभी कोर्सों के लिए भी आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय की गई है। बीबीएयू के एडमिशन सेल इंचार्ज डॉ. अमित सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 16 अक्टूबर से समर्थ पोर्टल दोबारा खोल दिया है ताकि इच्छुक विद्यार्थी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क जमा करना होगा। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि एससी, एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को 300 रुपये का शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इन कोर्सों के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख और व्यावहारिक शिक्षा का बेहतर अवसर मिलेगा।

# जागरूकता कार्यक्रम के जरिये दी कैंसर से बचाव की जानकारी

**स्वतंत्र भारत, संवाददाता, लखनऊ।** कैंसर से बचाव व मरीजों के रखरखाव को लेकर कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज टंडन निदेशक निमिषा कैंसर केयर सेंटर ने अक्टूबर माह में जागरुकता अभियान चलाया। उन्होंने लखनऊ, बाराबंकी तथा लखीमपुर खीरी में अपने अथक प्रयासों से कई प्रोग्राम किए। लखनऊ दूरदर्शन पर सेहत आपकी कार्यक्रम में भी शिरकत की। लखनऊ कनेक्शन वर्ल्ड वाइड प्रोग्राम महफिलें जो कि 150 देशों में देखे जाने वाला आनलाइन कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में भी 1 अक्टूबर को रश्मि मिश्रा व




अनिल शुक्ला के साथ लोगों को ब्रेस्ट कैंसर संबधित जानकारियां दी। सेंट मेरीज नर्सिंग कॉलेज में 400 नर्सिंग विद्यार्थियों ने भाग लिया और अरनव कॉलेज ऑफ नर्सिंग व शेयरवुड नर्सिंग कॉलेज में 300 विद्यार्थियों को व्याख्यान दिया। इसके अलावा प्रश्नोत्तरी व पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई व विजेताओं को पुरुस्कार दिए। गंगाराम मेमोरियल डिग्री कॉलेज बाराबंकी में 300 तथा वाईडी डिग्री कॉलेज लखीमपुर में भी 300 विद्यार्थियो ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न समाज सेवी क्लब इनरव्हील तथा रोटरी क्लबों ने भी भाग लिया।

# 1.37 लाख किसानों ने कराया धान बिक्री का पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार की नीतियों को अन्नदाता किसानों का साथ मिल रहा है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। खरीद सत्र 2025-26 में धान

### पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली नवम्बर से होगी धान खरीद, पश्चिम यूपी में शुरू

बिक्री के लिए पहली सितंबर से किसानों द्वारा पंजीकरण शुरू किया गया। 23 अक्टूबर (सुबह 12 बजे) तक 1,37,166 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। वहीं योगी सरकार ने 4000 क्रय केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 3790 क्रय केंद्र स्थापित हो गए हैं। यह केंद्र किसानों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर यह खरीदारी कर रही है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक धान बिक्री के लिए किसान तेजी से पंजीकरण करा रहे हैं। 23 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक 1.37 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। धान की बिक्री के लिए ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। किसान मोबाइल पर एसएमएस से मिले ओटीपी को भरकर पंजीकरण करा सकते हैं। किसानों को भुगतान सीधे आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है। पहली अक्टूबर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में खरीद हो रही है।

### डबल इंजन सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि

डबल इंजन सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश दिया है। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले हैं। 17 प्रतिशत नमी तक का धान खरीदा जा सकता है। योगी सरकार ने धान खरीद के लिए कैबिनेट बैठक में प्रदेश में 4000 क्रय केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। इसमें से अब तक 3790 क्रय केंद्र स्थापित किये जा चुके हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवम्बर से धान खरीद होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमग?, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद हो रही है। योगी सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। 23 दिन में इन संभागों में 35.63 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीद की जा चुकी है।

# लौहपुरुष की 150वीं जयंती पर स्कूलों में कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को लेकर प्रदेश भर में व्यापक कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो गई है। 31 अक्तूबर से 25 नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन के तहत न केवल एकता दिवस पर युनिटी मार्च निकाला जाएगा, बल्कि राज्य के सभी शिक्षण

### - ३१ अक्तूबर से २५ नवंबर तक सभी शिक्षण संस्थानों में होंगे कई कार्यक्रम

संस्थानों में 'सरदार/150' का संदेश भी गूंजेगा। सरकार ने इस अवसर को नई पीढ़ी को लौहपुरुष सरदार पटेल के विचारों से जोड़ने का माध्यम बनाया है। एक से सात नवंबर के बीच प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेजों, प्रबंधन संस्थानों और विधि महाविद्यालयों में निबंध, भाषण, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचार को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रनिर्माण में सरदार पटेल के योगदान को रचनात्मक रूप से समझाना है।

निबंध प्रतियोगिता कक्षा नौ और उससे ऊपर के विद्यार्थियों के लिए होगी, जबकि भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे। ये दोनों प्रतियोगिताएं इंटर कॉलेजों से लेकर प्रोफेशनल संस्थानों तक आयोजित की जाएंगी। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छह और उससे ऊपर की छात्राएं शामिल होंगी, वहीं चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल स्तर पर होगी।

# टीईटी के खिलाफ शिक्षकों का बड़ा ऐलान जल्द

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ अब शिक्षक संगठनों का विरोध तेज होता जा रहा है। दीपावली के बाद इस मुद्दे पर शिक्षक संगठनों ने संघर्ष की नई रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। देशभर के शिक्षक, विशेषकर उत्तर प्रदेश के लाखों शिक्षक, इसे अपने सम्मान और अस्तित्व से जुड़ा मुद्दा मानकर लामबंद हो रहे हैं। कई संगठनों ने दिल्ली कूच की तैयारी शुरू कर दी है और शिक्षकों के बीच जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का सिलसिला जारी है।

इसी क्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी इस आंदोलन को धार देने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश सहित देशभर के पदाधिकारियों से लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है और जल्द ही आंदोलन की रूपरेखा और कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि टीईटी को अनिवार्य करने का निर्णय न केवल शिक्षकों के लिए अपमानजनक है, बल्कि यह उनके वर्षों की सेवा और योग्यता पर सवाल खड़ा करता है। उनके अनुसार, केवल उत्तर प्रदेश में लगभग 1.86 लाख शिक्षक इस फैसले से प्रभावित हैं, जबकि देशभर में करीब 16 लाख शिक्षक अपनी नौकरी और जीविका बचाने की कोशिश में हैं।

### 24 नवंबर को दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन करेगा। मोर्चा का दावा है कि देशभर से करीब 10 लाख शिक्षक इसमें शामिल होंगे, जिनमें उत्तर प्रदेश के लगभग 1.86 लाख शिक्षक भी रहेंगे। मोर्चा के राष्ट्रीय सह-संयोजक अनिल यादव ने बताया कि 25 से 31 अक्तूबर तक सभी जिला मुख्यालयों पर शिक्षकों की बैठकें होंगी, जिनमें दिल्ली आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। वहीं, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह ने कहा कि यूपी से बड़ी संख्या में शिक्षक दिल्ली पहुंचेंगे।

# बसपा से कद्दावर मुस्लिम नेता शमसुद्दीन राईन की छुट्टी

## बसपा में गुटबाजी करने का लगा आरोप



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती अपनी लखनऊ रैली के बाद जबरदस्त एक्शन में नजर आ रही हैं। गुरुवार को मायावती ने पार्टी के दिग्गज नेताओं में शामिल शमसुद्दीन राईन को पार्टी से निष्कासित कर दिया। शमसुद्दीन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने और बसपा के भीतर गुटबाजी करने का आरोप लगाया गया है। बसपा के यूपी अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की तरफ से जारी किए गए निष्कासन पत्र में कहा गया है कि शमसुद्दीन राईन को कई बार चेतावनी दी गई थी, लेकिन जब उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियां नहीं रुकीं तो उन्हें बसपा से बाहर करने का फैसला लिया गया है। शमसुद्दीन राईन की गिनती बसपा के कद्दावर मुस्लिम नेताओं में होती थी। झांसी के रहने वाले शमसुद्दीन को इसी साल अप्रैल के महीने में बुंदेलखंड क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। बुंदेलखंड में मुस्लिम समाज को बसपा से जोड़ने की कोशिश के तहत शमसुद्दीन को यह जिम्मेदारी दी गई थी। इसके बाद उनका कद बढ़ाते हुए उन्हें लखनऊ और बरेली मंडल की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। हालांकि, इसके साथ ही उनके ऊपर बसपा में गुटबाजी करने के आरोप भी लगते रहे। गुरुवार को उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। इससे दो दिन पहले ही बसपा मुखिया मायावती ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत बड़े फेरबदल किए थे। फेरबदल के तहत पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली और पूर्व लोकसभा सांसद गिरीश चंद जाटव को मेरठ मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी पद से हटा दिया गया। उनकी जगह पर जाफर अली और विक्रम सिंह जाटव को यह जिम्मेदारी दी गई। जाफर अली अमरोहा और विक्रम सिंह जाटव आगरा के रहने वाले हैं। शमसुद्दीन राईन को भी इसी बदलाव में बरेली मंडल का मुख्य प्रभारी बनाया गया था। हालांकि, बरेली मंडल प्रभारी बनने के दो दिन बाद हुई उनकी पार्टी से विदाई हो गई।

# उपभोक्ता परिषद ने राष्ट्रपति और ऊर्जा मंत्री को भेजा पत्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने गुरूवार को भारत की राष्ट्रपति को एक

### विद्युत अधिनियम २००३ के खुले उल्लंघन का उठाया मामला

पत्र भेजकर प्रदेश में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 47(5) के उल्लंघन की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने अपने पत्र में कहा है कि यह अधिनियम उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से संसद द्वारा पारित किया गया था और इसे राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त है। जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में देश के राष्ट्रीय कानून विद्युत अधिनियम 2003 का खुला उल्लंघन किया जा रहा है उस पर यूपी के ऊर्जा मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार चुप है। यह अपने आप में घोर चिंता का विषय है। राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र की एक प्रति देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय ऊर्जा सचिव को भी भेजा गया है और उनसे भी पूरे मामले में कार्रवाई की मांग उठाई गई है। वर्मा ने बताया कि धारा 47(5) के अनुसार प्रत्येक उपभोक्ता को प्रीपेड या पोस्टपेड मीटर में से किसी एक को चुनने का कानूनी अधिकार प्राप्त है, लेकिन उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं उसकी वितरण कंपनियां इस वैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर रही हैं और उपभोक्ताओं को जबरन केवल प्रीपेड मीटर लगाने के लिए बाध्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त उपभोक्ताओं से विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं फीस वसूली जा रही है, जिनकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग से प्राप्त नहीं की गई हैं।

# फोकस सेक्टर डेस्क से निवेश को मिल रही उड़ान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब सिर्फ देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि भारत की

### सीएम योगी की पहल से करोड़ों के निवेश पाइपलाइन में, जल्द उतरेंगे धरातल पर

सबसे तेजी से उभरती निवेश भूमि बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन्वेस्ट यूपी द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों ने प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। इसी दिशा में एक अहम कदम साबित हुई है। फोकस सेक्टर डेस्क की स्थापना, जिसने न केवल निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया है, बल्कि उद्योग जगत में उत्तर प्रदेश की छवि को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

सीएम योगी के निर्देश पर इन्वेस्ट यूपी द्वारा गठित फोकस सेक्टर डेस्क अब प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश को जुटाने में सफल रही है। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निवेश प्रस्ताव न केवल मंजूरी के दौर में हैं, बल्कि जल्द ही धरातल पर उतरने वाले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में फोकस सेक्टर डेस्क की रणनीति ने न केवल निवेश प्रक्रिया को गति दी है, बल्कि 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में ठोस आधार भी तैयार किया है।

### टेक्सटाइल और अपैरल सेक्टर में बड़े खिलाड़ी तैयार

भारतीय तकनीकी वस्त्र संघ , परिधान निर्यात संवर्धन परिषद , भारतीय उद्योग परिसंघ , भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ और उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ की साझेदारी से इस सेक्टर में ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस, जीईएसएल और श्याम संस जैसी बड़ी कंपनियां प्रदेश में निवेश कर रही हैं। उनके प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं।

### ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में नई ऊर्जा

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, एसीएमए, एसएमईवी और एआरएआई जैसी संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश में ऑटोमोबाइल उद्योग को नई रफ्तार मिल रही है। अशोक लेलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स (विस्तार परियोजना) जैसे दिग्गज निवेश के लिए तैयार हैं।

# विकसित भारत बिल्डथान प्रतियोगिता में एक करोड़ का पुरस्कार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** शिक्षा मंत्रालय की ओर से देशभर के छात्रों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए विकसित भारत बिल्डथान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के तहत देशभर से चयनित एक हजार सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट्स और मॉडल को कुल एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रदेश में छात्रों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं कि छात्र-छात्राओं के प्रोजेक्ट, प्रोटोटाइप और उनसे संबंधित वीडियो 31 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से विकसित भारत बिल्डथान के पोर्टल पर अपलोड कराए जाएं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत ईको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालयों को 2000 रुपए प्रति विद्यालय की दर से बजट स्वीकृत किया गया है। यह राशि प्रोजेक्ट निर्माण, प्रोटोटाइप, वीडियो निर्माण, स्टेशनरी, पोस्टर और आवश्यक सामग्री की खरीद के लिए प्रयोग की जा सकेगी। कार्यक्रम में चार प्रमुख विषयों आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत से संबंधित प्रोजेक्ट बनाए जाने हैं। विभाग ने निर्देश दिया है कि अधिकतम प्रविष्टियां जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड कराई जाएं, ताकि अंतिम तिथि के आसपास तकनीकी समस्या या सर्वर लोड से बचा जा सके। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश ने आदेश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि विद्यालयों में इस कार्यक्रम की गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाए और छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित किया जाए।








# स्टेशनों पर उमड़ा हुजूम

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, आरपीएफ की विशेष महिला टीमे भी तैनात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा त्योहार पर यात्रियों की उमड़े हुजूम को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने



सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। भीड़ के हुजूम को नियंत्रित किए जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को कतार लगवाकर ट्रेनों में चढ़ने दिया जा रहा है। जिसके चलते किसी भी यात्री को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसको लेकर पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंडल के प्रमुख स्टेशनों गोरखपुर जं0, लखनऊ जं0, बादशाहनगर, गोण्डा जं0, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, बढ़नी आदि पर यात्रियों की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए रेलवे द्वारा विशेष सुरक्षा प्रबंध और भीड़ नियंत्रण के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बावजूद इसके स्टेशनों पर उमड़ा हुजूम इतना अधिक है कि भीड़ को संभालना आसान नहीं हो रहा है। इसके चलते लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के निर्देश पर मंडल नियंत्रक कक्ष/ लखनऊ एवं गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिए 'वॉर रूम' बनाया गया है। इन स्थानों पर 24 घंटे शिफ्ट वार रेलवे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी स्टेशनों पर 'मे आई हेल्प यू' सहायता बूथ चौबीसों घंटे संचालित हैं। जहां अनुभवी कर्मचारी यात्रियों की सहायता और आवश्यक जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

टिकट काउंटरों में बढ़ोतरी और बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर और एटीवीएम के लिए अधिक संख्या में फैसिलिटेटर नियुक्त किए हैं ताकि यात्रियों को टिकट बुकिंग में कोई कठिनाई न हो। यात्रियों की सुविधा के लिए त्वरित भुगतान हेतु जनरल टिकट काउंटर सहित रिजर्वेशन काउंटर पर क्यूआर कोड सिस्टम लगाए गए है। इसके साथ स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी के लिए स्थापित है। इसके अतिरिक्त, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राज्य पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर खुफिया सूचनाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए 'मेरी सहेली' नामक आरपीएफ की विशेष महिला टीम भी तैनात है।

# घाटों पर पुख्ता विद्युत व्यवस्था करें अधिकारी : एके शर्मा



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आगामी छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए लक्ष्मण मेला घाट का

- **नगर विकास ने छठ घाटों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है, इसलिए घाटों पर सफाई अभियान विशेष रूप से संचालित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट तक जाने वाले सभी मार्गों पर समुचित सफाई, फॉगिंग एवं प्रकाश की व्यवस्था की जाए। मंत्री ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर नगर प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी अधिकारी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को साफ-सुथरा, सुरक्षित और सुगम वातावरण मिले। उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाकर समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छठ पर्व : घाटों पर साफ-सफाई को लेकर नगर निगम मुस्तैद



**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** छठ पर्व के अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर के प्रमुख घाटों लक्ष्मण मेला घाट, झूलेलाल वाटिका घाट, संझिया घाट और कुड़ियाघाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम के चीफ इंजीनियर (आरआर), संबंधित जोनल अधिकारी, अभियंत्रण विभाग के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने घाटों की साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, वेस्ट मैनेजमेंट, और घाटों के सौंदर्यीकरण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर समुचित बैरिकेडिंग, पेड़ों की कटाई-छंटाई और घास की कटिंग का कार्य समय से पूर्ण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि गोमती नदी में गिरने वाले नालों पर जाल लगाकर कूड़े को रोका जाए और फ्लोटिंग पदार्थों को लगातार हटाने का कार्य नाव पर श्रमिक लगाकर किया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान घाटों की स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी मुस्तैदी से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, साफ-सुथरे डस्टबिन लगाने, और पेयजल व शौचालय की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

# यूपी बोर्ड के विद्यार्थियों को अप्रैल में ही मिल जाएंगी किताबें

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों छात्रों के लिए यह खबर बेहद राहत भरी है। लंबे इंतजार के बाद अब यूपी बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को नए सत्र 2026-27 में अप्रैल से पहले ही एनसीईआरटी आधारित किताबें मिल जाएंगी। यह संभव हुआ है क्योंकि यूपी बोर्ड ने इस बार रॉयल्टी भुगतान, अनुमति और टेंडर की प्रक्रिया को समय से कई महीने पहले पूरा कर लिया है।

बोर्ड ने एनसीईआरटी को 41 लाख पुस्तकों की रॉयल्टी का भुगतान कर दिया है और अब किताबों के प्रकाशन के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य है कि अप्रैल में सत्र शुरू होते ही किताबें छात्रों तक पहुंच जाएं और किसी को भी बाजार में महंगी, अनधिकृत किताबें खरीदने की जरूरत न पड़े। पिछले साल यह देरी तीन महीने तक चली थी, जिससे छात्रों को निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों का सहारा लेना पड़ा था। इस बार यूपी बोर्ड ने प्रकाशकों के लिए नया मॉडल तैयार किया है, जिसके तहत उन्हें हर जिले में किताबें उपलब्ध करानी होंगी। यानी अब किसी जिले में किताबें कम या देर से पहुंचने की समस्या नहीं रहेगी। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को 20 प्रतिशत कमीशन का प्रावधान किया गया है, जिससे स्थानीय दुकानदार भी अधिकृत किताबें बेचने में रुचि दिखाएंगे और छात्रों को सही कीमत पर पुस्तकें मिल सकेंगी। यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह के अनुसार, इस वर्ष पहली बार ऐसा प्रावधान किया गया है कि प्रकाशक स्वयं किताबों को प्रदेश के सभी 75 जिलों तक पहुंचाने के लिए जिम्मेदार होंगे। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की सस्ती और मानक पुस्तकों का लाभ समय से मिलेगा। दिलचस्प बात यह है कि इस बार यूपी बोर्ड ने बेसिक शिक्षा विभाग से भी पहले टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जहां बेसिक शिक्षा परिषद हर साल नवंबर-दिसंबर में कक्षा 1 से 8 तक की निःशुल्क किताबों के लिए टेंडर निकालता है, वहीं यूपी बोर्ड सामान्यतः फरवरी-मार्च तक प्रक्रिया शुरू करता था। लेकिन इस बार बोर्ड ने रिकॉर्ड समय में रॉयल्टी जमा कर अग्रिम तैयारी की है, जिससे यह प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग से भी आगे निकल गई है।

# विद्यार्थियों के भविष्य की राह अब होगी आसान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में अब विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने की प्रक्रिया और अधिक सशक्त होगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी राजकीय और सहायताप्राप्त विद्यालयों में नियमित करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित करने का आदेश जारी किया है, ताकि हर छात्र को उसकी रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर का सही मार्ग मिल सके। यह निर्णय प्रदेश में शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। विभाग ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भेजते हुए कहा है कि स्कूल स्तर पर विशेषज्ञों और पेशेवर काउंसलरों को आमंत्रित कर या ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कराया जाए। इन सत्रों में छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के विकल्पों, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा, तथा कौशल विकास के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के लक्ष्य के प्रति जागरूक और तैयार करना है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। यह कदम विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक बदलाव साबित हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूल स्तर पर करियर मार्गदर्शन मिलने से छात्र अपने भीतर के कौशल और रुचि को पहचान पाएंगे, जिससे उनमें अनिश्चितता या भ्रम की स्थिति नहीं रहेगी। यह पहल न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र में नई ऊर्जा और दिशा लाएगी।

# शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति बेहद कम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। प्रदेश के एक लाख 32 हजार 643 विद्यालयों में तैनात छह लाख 12 हजार 642 शिक्षकों में से मात्र 0.01 प्रतिशत शिक्षक ही अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करा रहे हैं। यह स्थिति तब है जब विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है।

राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के कुल एक करोड़ 28 लाख 98 हजार 383 विद्यार्थियों में से 21 लाख 65 हजार 138 विद्यार्थियों की यानी 16.79 प्रतिशत उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की गई, जबकि शिक्षकों का यह आंकड़ा बेहद कम पाया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि पहली पाली में केवल 93 और दूसरी पाली में मात्र 58 शिक्षकों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रयागराज जिले के आंकड़े विशेष रूप से ध्यान देने योग्य हैं, जहां कुल 2,839 विद्यालयों में 15,264 शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन प्रथम पाली में केवल चार और द्वितीय पाली में एक शिक्षक ने ही ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज की। इसी तरह चित्रकूट और फर्रुखाबाद में सात, बदायूं में छह, हाथरस व लखनऊ में चार-चार, हरदोई व सीतापुर में पांच-पांच, जबकि एटा, आंबेडकरनगर, आजमगढ़, बरेली, वाराणसी और अलीगढ़ में तीन-तीन शिक्षकों ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई। कई जिलों में तो स्थिति और भी गंभीर है, जहां पूरे जिले में एक भी शिक्षक ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की। रिपोर्ट के अनुसार, शासन स्तर से ऑनलाइन उपस्थिति को अभी अनिवार्य नहीं किया गया है, लेकिन इस पर न्यायालय की कड़ी नजर बनी हुई है। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति पर सवाल उठाते हुए संबंधित जिलाधिकारी से पूरे जिले की ऑनलाइन हाजिरी रिपोर्ट तलब की थी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति बेसिक शिक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और अनुशासन पर सवाल खड़े करती है। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का उद्देश्य शिक्षण व्यवस्था में जवाबदेही लाना था, लेकिन शिक्षकों की उदासीनता के कारण यह पहल प्रभावी नहीं हो पा रही है।

# नीलू की मौत आत्महत्या या साजिश?

**तफ्तीश**

यूपी के झांसी में बुधवार सुबह निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवकुमार निषाद की पत्नी नीलू रायकवार (38) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से झूलता मिला। ग्वालियर रोड स्थित फ्रेंड्स कॉलोनी के बालाजी टॉवर में बने फ्लैट में नीलू पिछले दो साल से अकेली रह रही थीं। सुबह मकान मालिक ने जब कमरे में कोई हलचल नहीं देखी तो शक हुआ। दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर नीलू का शव पंखे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां और परिजनों ने इस मामले में नीलू के पति, शिवकुमार निषाद, पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शिवकुमार के कई महिलाओं से संबंध थे और जब नीलू इसका विरोध करती थी तो उसके साथ मारपीट होती थी। नीलू की मां ने रोते हुए कहा, मेरी बेटी दिलेर थी, वो कभी खुदकुशी नहीं कर सकती थी। दामाद की वजह से उसने जान दी है। उन्होंने बेटी के लिए इंसाफ की मांग की है।परिजनों के अनुसार, नीलू और शिवकुमार ने करीब 13 साल पहले प्रेम विवाह किया था, लेकिन कुछ साल बाद उनके बीच तनाव बढ़ गया। दोनों के दो बच्चे हैं, जो पिता के साथ रहते हैं। विवाद बढ़ने पर नीलू ने पति से अलग रहना शुरू कर दिया था। हाल ही में दीपावली पर वह बच्चों से मिलने गई थीं, जिसके बाद लौटकर अपने फ्लैट में रहने लगीं।दिलचस्प बात यह है कि कुछ समय पहले कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद की मौजूदगी में भी दंपती के बीच झगड़ा हुआ था। नीलू ने खुद को पार्टी के महिला मोर्चा की पदाधिकारी बताते हुए मंत्री से शिकायत की थी कि पार्टी बैठकों की जानकारी उसे नहीं दी जाती। इस विवाद के बाद से ही नीलू का मानसिक तनाव बढ़ गया था। फिलहाल, कोतवाली थाना प्रभारी राजेश पाल की माने तो इस मामले की गहन छानबीन की जा रही है। परिजनों के आरोपों को गंभीरता से लिया गया है । झांसी में यह मामला अब राजनीतिक हलकों में भी चर्चा का विषय बन गया है। सवाल यह है कि क्या नीलू ने वाकई आत्महत्या की, या फिर उसकी मौत के पीछे कोई गहरी साजिश छिपी है?

# ठेका हथियाने वाले कर्मचारियों की जांच शुरू

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग के कंप्यूटर सेल में तैनात आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने जेम पोर्टल पर ठेके हथियाने के प्रकरण को कंप्यूटर सेल के

- **दोषी पाये जाने पर होगी कार्रवाई**

अधिशासी अभियंता गोपाल स्वरूप ने गंभीरता से लेते हुए इस पूरे मामले की जांच शुरू बैठा दी है। गौरतलब है कि इसी कंप्यूटर सेल में तैनात रहते हुए कुछ आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने खुद की फर्म बनाकर टेंडर हथियाने का कार्य शुरू कर दिया था, जिसके बाद स्वतंत्र भारत ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर के छपने के बाद कंप्यूटर सेल के अधिशासी अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं इस प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।




**स्वतंत्र भारत खबर का असर**

अघिशासी अभियंता गोपाल स्वरूप ने बताया कि इस मामले की जांच वे स्वयं कर रहे हैं। दोषी पाये जाने पर इन कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल लोक निर्माण विभाग में आउट सोर्सिंग पर कार्यरत कुछ कर्मचारियों ने पिछले कुछ महीनों में टेंडर हथिया कर विभाग को कंप्यूटर सप्लाई के कार्य को भी अंजाम दिया है। जबकि नियमों के विरुद्ध किये जा रहे इस कार्य की जानकारी उनके अफसरों को होने के बावजूद मामला बंदरबांट के कारण कोई कार्रवाई नहीं की गयी। मजेदार बात है कि कंप्यूटर सेल में आउट सोर्सिंग पर कार्यरत तीन कर्मचारियों ने अपनी खुद की फर्म बनाकर जेम पोर्टल से सीधे अपनी फर्मों को टेंडर आवंटित कर खुद विभाग में सामानों की सप्लाई करना शुरू कर दिया। सूत्रों के मुताबिक लोक निर्माण विभाग में आउट सोर्सिंग पर तैनात आपरेटर रवि शर्मा ने अपने नाम से दो फर्म बना रखी हैं। इनमें से पहली फर्म आरके सोलूशन्स और दूसरी आरके इंफो सोलूशन्स है। इसी तरह दूसरा आउट सोर्सिंग कर्मचारी तरुण शर्मा हैं। यह भी स्वास्तिक सलूशन फर्म के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके आलावा कंप्यूटराइजेशन खंड में पूर्व में तैनात रहे आउट सोर्सिंग कर्मचारी कमल सिन्हा ने अपनी फर्म एसएम इंटरप्राइजेज बना रखी है, जिसकी मालकिन इनकी पत्नी हैं। जब कि पूर्व में कमल सिन्हा को विभाग के कर्मचारियों की आईडी बनाने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप में कंप्यूटर सेल से हटाया जा चुका है। बावजूद इसके उनका यहां अकसर आना जाना लगा रहता है। कंप्यूटर सेल की यह तिगड़ी पिछले कुछ महीनों से विभाग की सुर्खियां में है। इन सभी आपरेटरों पर कंप्यूटर सेल के अवर अभियंता का हाथ बताया जाता है, जिसके चलते इनके विरुद्ध कार्रवाई तो होना दूर। इनके कहने पर दूसरी फर्मों का टेंडर तक निरस्त कर दिया जाता है। जानकारी के मुताबिक रवि शर्मा के पास बाहरी व्यक्तियों की भीड़ हमेशा रहती है। इसी तरह कंप्यूटर सेल के अवर अभियंता का हाथ सर पर होने के कारन तरुण शर्मा अपना वेतन तो विभाग से जेम पर कार्य करने का ले रहे हैं , लेकिन वह अकसर कार्यालय आते ही नहीं हैं। सूत्रों की मानें तो अवर अभियंता का हाथ इनके सर पर होने के कारण यह बहराइच में अपनी खाद एजेंसी चलाते हैं, जिसके चलते यह रोजाना कार्यालय नहीं आते हैं। इसके अलावा कमल सिन्हा भी विभाग में ठेकेदारी कर रहे हैं। नियमों के मुताबिक विभाग में कार्यरत कोई कर्मचारी ठेकेदारी नहीं कर सकता है , लेकिन यहां तो सेलरी भी इनकी और ठेका भी इनका चल रहा है। सेल के बड़े अधिकारियों को भी इसकी भनक होने के बावजूद इन कर्मचारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न तो अवर अभियंता ने की है और न ही किसी बड़े अधिकारी ने। फिलहाल लोक निर्माण विभाग का कंप्यूटर सेल के अधिकारी भी इस तिगड़ी से मिलकर जेम पोर्टल पर ठेकेदारी का गोरखधंधा चला रहे हैं। इस बाबत जब आउट सोर्सिंग कर्मचारियों से बात की गई तो उनका यही जवाब था कि वे विभाग के कोई नियमित कर्मचारी नहीं हैं। फिलहाल अब इस मामले की जांच स्वयं कंप्यूटराइजेशन खंड के अधिशासी अभियंता ने शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती कई गंभीर मरीज

# पटाखों ने छीनी खुशियां अस्पतालों में बीत रहीं रातें

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** दीपावली पर पटाखे न फूटे तो त्यौहार मजा ही क्या। मगर यही मजा यदि अस्पताल पहुंचा दे या अंधा कर

- **किसी का हाथ फटा तो किसी का झुलस गया चेहरा**

दे या फिर अपाहिज कर दे तो फिर यह जीवन भर दर्द देता रहता है। हर बार की तरह इस बार भी खुशियां मनाते समय पटाखे फोड़ने के दौरान किसी का हांथ फटा, किसी की आंखें फूटी तो किसी का चेहरा ही झुलस गया। चंद पलों की खुशी मातम में बदली और एक के साथ पूरा परिवार परेशान हुआ। जो पल घर में सबके साथ बीतने थे वह अस्पताल में बीत रहे हैं। केजीएमयू प्रवक्ता प्रोफेसर केके सिंह बताते हैं कि सरकारी स्तर पर इतने जागरुकता कार्यक्रम चलते है। सोशल मीडिया व अखबारों में पटाखों से जलने व मरने की खबरें अक्सर प्रमुखता से लगती हैं। लेकिन इसके बाद भी लोग उन पटाखों से अपना नुकसान करा लेते हैं। इस बार केजीएमयू में पटाखों से जलने की घटनाएं पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा रहीं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि पटाखों से झुलसे घायलों के आने का सिलसिला दिवाली की रात से शुरू हुआ है और मंगलवार तक जारी रहा। इस दौरान कुल 37 घायल ट्रॉमा सेंटर लाए गए, जिनमें से 15 को गंभीर रूप से झुलसने के कारण प्लास्टिक सर्जरी विभाग में भर्ती करना पड़ा। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में लाए गए कई मरीजों के चेहरे पटाखे फूटने से बुरी तरह झुलस गए हैं। कई के हाथ-पैर और हड्डियां तक क्षतिग्रस्त हुई हैं। कई के हांथ बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। कई मरीजों की आंखों में गंभीर जख्म हुए हैं। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो. विजय कुमार के अनुसार, पिछले साल के मुकाबले इस बार गंभीर घायलों की संख्या अधिक रही। पिछले वर्ष जहां संख्या दहाई में थी, वहीं इस बार कई दर्जन लोग बुरी तरह झुलसे। केजीएमयू प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि कुल 37 घायलों में से 19 को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि बाकी को भर्ती रखना पड़ा। डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में भी दिवाली की रात 53 मरीज पहुंचे, जिनमें अधिकांश आग और पटाखों से झुलसने वाले थे। इनमें कई मरीजों की स्थिति बेहद खराब है। उनके अंग बुरी तरह झुलस गये हैं।





# सुबह-शाम हल्की ठंड से मौसम लगा बदलने

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** अक्टूबर का महीना अब समाप्त होने में चंद दिन ही हैं,ऐसे में दीपावली के बाद उत्तर प्रदेश में मौसम पूरी तरह बदलने लगा है। बुधवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क और साफ़ है, लेकिन धुंध और हवा के दबाब कम रहने से सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस होगी। वहीं दिन चढ़ने पर तापमान 32 से 34 डिग्री तक जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक कई इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश की संभावना नहीं हैं।



उधर प्रदेश की हवा की सेहत भी बिगड़ी हुई है। अधिकतर शहरों का प्रदेश का औसत एक्यूआई 78 है जो मीडियम है, लेकिन कई शहरों में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दीपावली पर बढ़े प्रदूषण से ये और खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। राजधानी लखनऊ का एक्यूआई 397, कानपूर का एक्यूआई 170, वाराणसी का एक्यूआई 342,आगरा का एक्यूआई 221 और नोएडा का 221 रिकॉर्ड किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक ये लेवल डेंजर जोन में है। इसके अलावा दिल्ली से सटे शहरों में एक्यूआई की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां ज्यादातर शहरों का एक्यूआई 200 पार कर चुका है। जिसका मुख्य कारण 2.5 कणों का हवा में घुलना है। अगर अगले कुछ दिनों में हवाएं तेज या बारिश नहीं होती है तो मुश्किलें बढ़ सकतीं हैं।

## प्रमुख शहरों का तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों में तापमान और गिरावट दर्ज की जाएगी, जिसमें सुबह और शाम ठंडक और बढ़ेगी। अगले 24 घंटे के तापमान की स्थिति देखें तो लखनऊ अधिकतम 33 न्यूनतम 19, कानपुर का अधिकतम 32 न्यूनतम 18, वाराणसी अधिकतम 34 न्यूनतम 20, आगरा अधिकतम 33 न्यूनतम 19, प्रयागराज अधिकतम 32 न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इन सभी जगह मौसम शुष्क रहेगा, कहीं भी बारिश की संभावना नहीं है। दोपहर बाद बादल छाए रह सकते हैं।

# जेल में मना भाई दूज पर्व

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जेल निदेशक पीसी मीणा के निर्देशन में पूरे प्रदेश भर में स्थित सभी जेलों में भाई दूज पर्व पर बृहस्पतिवार को जेल में निरूद्ध कैदियों की बहनों के आगमन पर उनके बैठने व पानी पीने से लेकर सारी व्यवस्थाएं और उनके मिलने की भी व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त कर रखा यह भावुक क्षण बहुत ही आत्मीय और लगाव का था। जिला कारागार में बंद भाइयों को बहनों ने टीका लगाकर लंबी उम्र की कामना की। साथ ही, सलाखों से जल्द आजाद होने की प्राथना की। जेल में भाइयों से मिलकर बहनें भावुक हो गई। वहीं, बंदियों की आंखों से भी स्नेह के आंसू छलक पड़े। भाई दूज पर जिला कारागार में खुली मुलाकात पर बहनों की भीड़ देखने को मिली। बृहस्पतिवार सुबह पांच बजे से ही बहनें जिला कारागार पहुंच लगीं। खुली मुलाकात पर जेल प्रशासन ने रजिस्ट्रेशन के लिए कई काउंटर बनवाए थे। कारागार के बाहर हेल्प डेस्क, स्वल्पाहार और स्वास्थ्य शिविर की भी व्यवस्था की गई।

# चालक हत्याकांड : पुलिस आयुक्त ने थानाध्यक्ष को किया निलंबित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रयागराज धूमनगंज इलाके में रोडवेज चालक रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू (40) की हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नर ने धूमनगंज थाना प्रभारी अमरनाथ राय को निलंबित कर दिया है। साथ ही हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया है। धूमनगंज थाने की कमान एक बार फिर राजेश उपाध्याय को सौंपी गई है। इस मामले में ट्रांसपोर्ट नगर चौकी इंचार्ज राजेश चौबे को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। हत्या के आरोप में सात आरोपी नामजद किए गए हैं। जिसमें हसनैन अहमद, नुरैन अहमद, अली अहमद, कामरान, इरफान, हुसैन, कैफ शामिल है। इसमें हसनैन और नुरैन सगे भाई हैं। मुंडेरा चुंगी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को गालीगलौज व जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के विवाद में पत्थरबाजी कर रोडवेज चालक रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू (40) की हत्या कर दी गई थी। हमलावर मौके से फरार हो गए। हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया था। मौके पर पहुंचे डीसीपी ने हमलावरों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर किसी तरह मामला शांत कराया था। लापरवाही बरतने पर टीपी नगर चौकी प्रभारी राजेश कुमार चौबे को निलंबित कर दिया गया था।नीमसराय निवासी रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू रोडवेज में संविदा पर ड्राइवर थे। भाई नरेंद्र कुमार उर्फ राजन पासी ने बताया कि मंगलवार दोपहर 1:15 बजे रावेंद्र मुंडेरा चुंगी पेट्रोल पंप पर बस में तेल भरवाने गए थे। आरोप लगाया कि वहां घात लगाकर बैठे हसैनन, उसके भाई नुरैन, अली, कामरान, इरफान, हुसैन, कैफ समेत अन्य अज्ञात युवकों ने रावेंद्र से गालीगलौज शुरू कर दी। जातिसूचक शब्द कहकर उनके सिर पर पत्थर मार दिया और बोले कि इसे मार डालो। इसके बाद सभी ने मिलकर पत्थर बरसाए और भाई की हत्या कर दी।नीमसराय निवासी रावेंद्र कुमार उर्फ मुन्नू रोडवेज में संविदा पर ड्राइवर थे। भाई नरेंद्र कुमार उर्फ राजन पासी ने बताया कि मंगलवार दोपहर 1:15 बजे रावेंद्र मुंडेरा चुंगी पेट्रोल पंप पर बस में तेल भरवाने गए थे। आरोप लगाया कि वहां घात लगाकर बैठे हसैनन, उसके भाई नुरैन, अली, कामरान, इरफान, हुसैन, कैफ समेत अन्य अज्ञात युवकों ने रावेंद्र से गालीगलौज शुरू कर दी। जातिसूचक शब्द कहकर उनके सिर पर पत्थर मार दिया और बोले कि इसे मार डालो। इसके बाद सभी ने मिलकर पत्थर बरसाए और भाई की हत्या कर दी। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि अगर पुलिस कार्रवाई करती तो आज उनका भाई जिंदा होता। धूमनगंज थाना प्रभारी अमरनाथ राय ने बताया कि हमलावरों पर केस दर्ज किया गया है, जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज सामने आया है। 43 सेकेंड के इस फुटेज में दिख रहा है कि रावेंद्र पर हमलावर पत्थरबाजी कर रहे हैं। एक पत्थर रावेंद्र की गर्दन के पास लगा, इसके बाद वह भागने लगे तो हमलावरों ने पीछे से एक और पत्थर मारा जो सीधे के उनके सिर पर लगा। इससे वह औंधे मुंह गिर पड़े और फिर दोबारा नहीं उठे। लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

# हाउस टैक्स के साथ अब प्रदेश में वाटर टैक्स और सीवर कर की वसूली होगी अनिवार्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सीवर कर और जलकर की चोरी करने वालों पर अब सख्ती की जाएगी। सरकार शहरों में जलापूर्ति और सीवर का कनेक्शन लेने वालों से गृहकर के साथ जलकर व सीवर कर की वसूली अनिवार्य होगी। निकायवार इसकी जांच कराई जाएगी कि अब तक कितने घरों और प्रतिष्ठानों में इसका कनेक्शन होने के बाद भी टैक्स नहीं दिया जा रहा है। निकायों द्वारा ऐसे लोगों को नोटिस देकर वसूली शुरू की जाएगी।

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन और अमृत-एक में सीवर लाइन और जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा किया जा चुका है। घरों में कनेक्शन देने का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब साढ़े चार लाख घरों व प्रतिष्ठानों में कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अधिकतर में कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके बाद भी लोगों द्वारा गृहकर के साथ सीवर और जलकर नहीं दिया जा रहा है। इसीलिए अभियान चलाकर इनसे वसूली की तैयारी है। निकायवार यह सर्वे में देखा जाएगा कि कनेक्शन लिए हुए कितना समय हुआ है। इसके आधार पर उनको नोटिस देते हुए वसूली की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तय समय से टैक्स जमा न करने वालों से ब्याज के साथ वसूली की भी तैयारी है। उच्च स्तर पर हुई बैठक में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई है कि निकायों द्वारा टैक्स वसूली में लापरवाही क्यूं बरती जा रही है। इसके जिम्मेदारों से भी जवाब-तलब करने की तैयारी है।

**तीनों टैक्स एक साथ लेंगे**

शासन स्तर पर यह पहले ही तय किया जा चुका है कि नगर निगमों में गृहकर के साथ जलकर व सीवर कर की वसूली एक साथ की जाए। इसके बाद भी निकायों द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। यह भी देखा जाएगा कि आदेश के बाद भी वसूली के लिए एकीकृत नोटिस क्यूं नहीं दी जा रही है। नगर निगमों से यह रिपोर्ट मांगी गई है कि तीनों टैक्स वसूली के लिए कितने बिल अब तक जारी किए गए हैं और कितनों से एक साथ इनकी वसूली हो रही है। नगर निगमों द्वारा वसूली के लिए अब तक कितने प्रयास किए गए हैं।

# रेप पीड़िता के मासूम बच्चे की हत्या, शव तालाब में फेंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कौशांबी में 19 साल की युवती से उसके चचेरे भाई ने कई महीनों तक रेप किया। युवती प्रेग्नेंट हो गई उसका गर्भ बढ़ने पर परिवार के लोग इज्जत बचाने के डर से ट्यूमर बता कर पर्दा डालते रहे। 19 अक्टूबर को युवती ने बच्चे को जन्म दिया 2 दिन बाद यानी 21 अक्टूबर को बच्चे का शव गांव के बाहर तालाब में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिसु के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आया कि बच्चे की मौत गला दबाने और पटकने से हुई है। उस दौरान पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की प्रारम्भिक जांच-पड़ताल में सामने आया कि पीड़िता की मां और सगे भाई ने मिलकर बच्चे की हत्या की दोनों फरार हैं दबिश दी जा रही है। घटना सराय किला थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती (19) ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला उसका 21 साल चचेरा भाई लगातार उसे परेशान करता था। क्षेत्राधिकारी के मुताबिक पीड़िता का चचेरा भाई उसे डरा-धमका कर शारीरिक संबंध बनाता था। उसी दौरान युवती प्रेग्नेंट हो गई गर्भ बढ़ने पर परिजन गर्भपात कराने ले गये थे लेकिन डॉक्टरों ने युवती की जान का खतरा बनने की बात कहकर परिजनों को घर लौटा दिया वहीं परिजन समाज व लोकलाज के डर से युवती के पेट में पल रहे बच्चे को ट्यूमर बताते रहे। वहीं ग्रामीणों व सूत्रों के मुताबिक 9 माह पूरा होने पर बीते 19 अक्तूबर को युवती ने एक बच्चे को जन्म दिया उसके पैदा होने के बाद परिवार के लोगों ने नवजात की गला दबाकर और उसे जमीन पर पटक कर हत्या की और किसी को कुछ पता नहीं चलने दिया और देर रात को गांव के बाहर तालाब में नवजात को फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि अगली सुबह युवती का बड़ा भाई थाने पहुंचा। उसने तहरीर दी कि चचेरे भाई ने उसकी बहन के साथ रेप किया, जिसकी वजह से बहन प्रेग्नेंट हो गई। उसने एक मृत बच्चे को जन्म दिया था।

# बढ़ेगी देश की हवाई ताकत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत लखनऊ का नया प्लांट भारतीय वायुसेना के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। यह इकाई हल्के और मजबूत टाइटेनियम तथा सुपर एलॉय धातुओं का उत्पादन करेगी, जो भारतीय विमानों को न सिर्फ गति और मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि उनकी क्षमता भी बढ़ाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, लखनऊ में बनने वाला यह प्लांट रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। अत्यधिक गर्मी और दबाव को झेलने में सक्षम इस प्लांट में उत्पादित किए जाने वाले टाइटेनियम और सुपर एलॉय ऐसी धातुएं हैं जिनमें अत्यधिक गर्मी, दबाव और तापमान के उतार-चढ़ाव को झेलने की अद्भुत क्षमता होती है। ये धातुएं विशेष रूप से विमानों के इंजनों, एयरफ्रेम और अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों के लिए आवश्यक होती हैं, जहां पारंपरिक धातुएं विफल हो सकती हैं।

# पेशाब कांड पर चंद्रशेखर ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में काकोरी के पेशाब कांड को लेकर सियासी दल बीजेपी सरकार पर हमलावर हैं। नगीना सांसद व भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर में दलित बुजुर्ग रामपाल पासी के साथ हुए घटनाक्रम को लेकर प्रदेश सरकार से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने एक्स पर लिखते हुए कहा है कि दलित बुजुर्ग रामपाल पासी को पेशाब चाटने के लिए मजबूर करना, सिर्फ एक अपराध नहीं बल्कि जातिवाद व सामंतवाद की वर्षों पुरानी दलित विरोधी मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। बीमारी से पीड़ित बुजुर्ग से पानी पीते समय थोड़ा पानी गिर गया था और आरोपी ने कहा कि तुमने पेशाब किया है। चंद्रशेखर ने लिखा कि शरीर पर सत्ता का जोर, आत्मा पर जातिवाद का विष। उन्होंने प्रदेश सरकार से आरोपी की गिरफ्तार कर एससी-एसटी एक्ट में कठोर कार्रवाई और पीड़ित को सरकारी सुरक्षा, सम्मानजनक मुआवजा व मुफ्त इलाज की सुविधा देने की मांग की है। वहीं सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने काकोरी में बुजुर्ग दलित के साथ हुई घटना को निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा भाजपा और आरएसएस का यही चरित्र है, जो उजागर हुआ है। बुजुर्ग और बीमार के साथ जो हुआ वो तो अक्सर अच्छे आदमियों के साथ हो सकता था। सपा बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा है कि काकोरी की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। दलित बुजुर्ग को पेशाब चाटने के लिए मजबूर करना एक जघन्य अपराध है, दलित विरोधी मानसिकता का नंगा प्रदर्शन है। इसके दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# समय पर पहचान से बढ़ता आत्मविश्वास

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के दौरान मेदांता डायरेक्टर मेडिकल व हिमैटो ऑन्कोलॉजी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि समय पर पहचान और सही जानकारी से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ना आसान होता है। उन्होंने बताया कि मरीज यदि शुरुआत से ही डॉक्टर से सही सवाल पूछें तो वे आत्मविश्वास के साथ इलाज समझ पाते हैं और अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण बनाए रख सकते हैं।

**सूचना**

सर्व जन को सूचित किया जाता है, कि डा. जी.एल. कन्नौजिया चैरेटेबिल ट्रस्ट हुन्डालखेल में डा. जी.एल. कन्नौजिया की मृत्यु के बाद बोर्ड बैठक में सर्व सम्मति से निम्न प्रस्ताव पास हुआ। जिसमें डा. जी.एल. कन्नौजिया के स्थान पर डा. सारांश कन्नौजिया, रवि गुप्ता के स्थान पर डा. सचिता पान्डे, नीरू सिंह के स्थान पर डा. सरन कन्नौजिया एवं वीरपाल के स्थान पर डा. रश्मि एम.एन सदस्यों को नियुक्त किया गया।

**डा. सजीव कन्नौजिया**
**ट्रस्टी- डा. जी. एल. कन्नौजिया चैरेटेविल ट्रस्ट, हुन्डालखेल, शाहजहांपुर उ.प्र.**

सी.आर.-1579/ D

# राजनीतिक जागरूकता पर चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी की उपस्थिति में गुर्जर समाज की बैठक हुई। बैठक में समाज की एकजुटता व राजनीतिक जागरूकता पर चर्चा हुई। चौधरी हसीब गुर्जर,जहीर गुर्जर, चौधरी हलीम, अफ़ज़ल चौधरी,समी खटाना, यासिर गुर्जर, खालिद गुर्जर सहित अमेठी व बाराबंकी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं० (1) ई-निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण :** टेण्डर नं०-''24-जीकेपी- एमडब्ल्यूएस-2025-26-1'' ''पेंटिंग ऑफ आईसीएफ बोगीज एण्ड देयर कमपोनेन्टस अलॉग विथ स्क्रैपिंग, क्लीनिंग एण्ड पेंटिंग ऑफ अन्डरफ्रेम्स ऑफ आईसीएफ एंड एलएचबी नॉन-एसी कोचेज ऐट मेकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर''। **अनुमानित लागत (रू० में) :** 4741194.40, **धरोहर राशि (रू० में) :** 94800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रू० शून्य, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि :** 13.11.2025 11.00 बजे, **संविदा की अवधि :** 12 माह, उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**
मुजाधि/यौंत्रिक – 82

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# दलित बुजुर्ग रामपाल से मिलने काकोरी पहुंचे सांसद तनुज पुनिया

## अमानवीय घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी निवासी दलित बुजुर्ग रामपाल से संघी मानसिकता की सोच रखने वाले लोगो द्वारा धार्मिक, स्थल पर पेशाब चटवाने जैसे घृणित कार्य को कराए जाने पर पूरा दलित समाज आहत है। इस अमानवीय कृत्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है।

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर गुरूवार को बाराबंकी के सांसद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल काकोरी जाकर रामपाल से मिला। रामपाल अस्वस्थ थे और काफी डरे और सहमे हुये थे। तनुज पुनिया ने उन्हें ढांढस बंधाया और उन्हें कांग्रेस पार्टी के सम्पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।



पुनिया ने कहा की ये सीधे-सीधे संविधान पर हमला है और खुले आम लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। भाजपा सरकार दलित विरोधी है और इसी मानसिकता के कारण बार-बार संविधान का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा एक वर्ग विशेष को बचाने का प्रयास करती है। सवाल यह है कि कौन है जो इन गुंडों को संरक्षण दे रहा है। क्यों इस सरकार में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। सांसद पुनिया ने कहा कि रामपाल के साथ अमानवीय कार्य करने वालों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए और रामपाल को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक इंदल रावत, जिला अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह, शहर अध्यक्ष शहजाद आलम, अमित त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत , सिद्धि श्री, सुशील वाल्मीकि व कमलेश रावत आदि मौजूद रहे।

# बेटे अकील के आरोप पर पूर्व डीजीपी मुस्तफा ने दी सफाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सहारनपुर जिले के चिलकाना के गांव हरड़ाखेड़ी निवासी पंजाब पुलिस के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा ने अपने बेटे अकील की मौत के बाद कहा कि उन्हें एक साजिश के तहत बदनाम किया जा रहा है। उनका बेटा मानसिक रूप से बीमार था, जिसे उनके विरोधी ढाल बनाकर उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं, लेकिन वह कामयाब नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने आत्महत्या से पहले जारी एक वीडियो में जो आरोप लगाए हैं वह गलत है। उन्होंने सभी आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि उनका बेटा बीते करीब 18 वर्षों से नशे की लत और मानसिक अस्थिरता से जूझ रहा था। उसे कई बार उसका उपचार कराया गया यही नहीं उसने अपनी पत्नी से भी मारपीट कर चुका था। उन्होंने यह भी कहा इस घटना को राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर कुछ लोग परिवार को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में एसआईटी जांच में सब साफ होगा षड्यंत्र रचने वालों को उनके किए की सजा अवश्य मिलेगी।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PYGS-PS-126-25-2 (Misc-static-services-parcel scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07-11-2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 07-11-2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-RBL-PS-122-25-1 (Misc-static-services-parcel scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07-11-2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 07-11-2025 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-JNU-PS-121-25-1 (Misc-static-services-parcel scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07-11-2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 07-11-2025 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-MBDP-PS-125-25-1 (Misc-static-services-parcel scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07-11-2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 07-11-2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-SLN-PS-129-25-2 (Misc-static-services-parcel scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22-10-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07-11-2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 07-11-2025 at 12:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3287/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T20, दिनांकः 21-10-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली'' ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** कार्य का नामः अमृत भारत योजना के तहत फर्रूखाबाद और कासगंज स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े दूसरे एफओबी के प्रावधान हेतु ओएचई संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T20, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में ₹ 23,21,277.37, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटीः ₹ 46,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 13-11-2025, 15:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधिः 06 माह।
- खुली ई-निविदा दिनांक 13-11-2025 को 15:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-165 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जनता चाहती है विकास और पारदर्शी नेतृत्व

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बिहार में महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) ने मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव को अपना चेहरा घोषित कर दिया है। एनडीए अभी तक अपनी रणनीति और नेता का नाम सार्वजनिक नहीं कर सका। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने कहा कि जनता अब झूठे वादों और चालबाज़ियों पर भरोसा नहीं करती, बल्कि पारदर्शी और भरोसेमंद नेतृत्व चाहती है। मुन्ना भैया ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन में एकता और स्पष्टता है, जबकि एनडीए में भ्रम और द्विविधा दिखाई देती है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की जनता विकास, न्याय और पारदर्शिता की उम्मीद करती है, और यही रास्ता उत्तर प्रदेश में भी अपनाया जाएगा।

# दीपावली पर आवास विकास ने बेची 850 करोड़ की संपत्ति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ई-नीलामी में करीब 850 करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियां बिक गई। यह सफलता दशहरे पर हई 1178 करोड़ की बिक्री के बाद सबसे अधिक है। इन त्योहारों पर ही 2000 करोड़ से अधिक की सरकारी संपत्तियां खरीदारों के हाथ लग चुकी हैं। इस साल अब तक कुल 2500 करोड़ रूपये की सरकारी जमीनें और संपत्तियां बिक चकी है। दीपावली से ठीक पहले संपन्न हुई इस ई-नीलामी में लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमख शहरों की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल थी। परिषद के अधिकारियों के अनुसार, निवेशकों की भारी भीड़ उमड़ी और बोली लगाने वाले खरीदारों की वजह से संपत्तियों की कीमतों ने आसमान छू लिया है। खासकर लखनऊ के प्राइम लोकेशनों जैसे अवध विहार, वृंदावन योजना और अन्य क्षेत्रों की संपत्तियां सबसे ज्यादा पसंद की गई। आवास विकास के एक अधिकारी ने बताया कि यह नीलामी पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चली, जिससे देशभर के निवेशक आसानी से भाग ले सकें। लखनऊ की संपत्तियों पर 60 प्रतिशत से अधिक बोली लगी, जो शहर की बढ़ती रियल एस्टेट आकर्षण को दशार्ता है। कुल मिलाकर 500 से अधिक संपत्तियों की बिक्री हुई, जिनमें फ्लैट्स, प्लॉट्स और व्यावसायिक स्पेस शामिल थे। यह आंकड़ा न केवल परिषद के इतिहास में महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक बूस्टर साबित हो रहा है। सिर्फ एक महीने पहले, विजयदशमी के पावन अवसर पर 30 सितंबर को हुई मेगा ई-नीलामी ने 992 संपत्तियों की बिक्री से 1168.43 करोड़ रुपये की संभावित आय का आंकड़ा बढ़ा था। उस समय लखनऊ, कानपुर, आगरा और गाजियाबाद जैसे शहरों की 391 आवासीय और 601 व्यावसायिक संपत्तियां बिक्री के लिए रखी गई थी। निवेशकों का जोरदारउरिस्पॉन्स देखकर परिषद ने इसे अपनी अब तक की सबसे सफल नीलामी करार दिया था.। अब दिवाली पर 850 करोड़ की यह बिक्री दोनों त्योहारों को जोड़कर 2028 करोड़ से अधिक का आंकड़ा पार कर गई है। परिषद के सचिव नीरज शक्ला ने कहा, त्योहारों का मौसम निवेश के लिए सुनहरा साबित हो रहा है। हमारी पारदशी ई-नीलामी प्रक्रिया ने निवेशकों का विश्वास जीता है, जिसका फायदा राज्य की अर्थव्यवस्था को हो रहा है। इस साल जनवरी से अब तक आवास विकास परिषद ने कल 2500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां बेची हैं। इसमें ई-नीलामियों के अलावा सिंगल बिड आधार पर शैक्षणिक भूखंडों और पार्किंग स्पेस की बिक्री शामिल है। परिषद ने पांच नए जिलों में 5502 करोड़ की आवासीय योजनाओं को भी मंजूरी दी है, जो आने वाले समय में और निवेश लाएंगी।

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र श्रेयस का नाम बदलकर श्रेयस कुमार रख लिया है। भविष्य में उसे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। अंजन कुमार पुत्र श्री नंदन साह निवासी-म.सं.-5 बी/बी-126-वृन्दावन कालोनी लखनऊ।
सी.आर.-1582/ L-31

**सूचना**

मैं दिव्या त्रिपाठी पुत्री स्वर्गीय रवि शंकर अवस्थी पत्नी स्वर्गीय समीर त्रिपाठी वर्तमान पता दिल्ली घोषणा करती हूं कि मेरे मकान संख्या- G-70, साउथ सिटी लखनऊ का मूल आवंटन प्रमाण पत्र खो गया है। मूल आवंटन पत्र खोने की प्रथम सूचना रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज करवाई गई है।
सी.आर.-1583/ L-39

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHIPRA SINGH से बदलकर SHIPRA YADAV रख लिया है, आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o-ANAND YADAV R/o-137/1N/1 BHULAI KA PURA ALLAHABAD CIVIL LINES, CAVELLARY LINES, DIST-A L L A H A B A D PRAYAGRAJ-211004 (U.P)
सी.आर.-1580/ L-25

**प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय**
**आरडीएसओ अस्पताल, मानक नगर, आरडीएसओ, लखनऊ 226011**
अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन RDSO रेल अग्रदूत Transforming Railways

संख्या : PGL/Advt/2025 दिनांक : 23.10.2025

आरडीएसओ अस्पताल, लखनऊ में निम्नलिखित विशेषजता में एक वर्ष की अवधि के लिए आनरेटी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (एचवीएस फिजिशियन) के पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| HVS | श्रेणी | ड्यूटी की अवधि |
|---|---|---|
| HVS/Physician | Specialist | सप्ताह में 6 दिन, प्रतिदिन 2 घंटे |

उपरोक्त आनरेटी विजिटिंग स्पेशलिस्ट के लिए पीसीएमओ/आरडीएसओ, मानक नगर के कायलिय में 20 नवंबर 2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक, विधिवत रूप से भरे हुए, मुहरबंद आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोले जाएँगे। चयन पेपर स्क्रीनिंग द्वारा किया जाएगा।
नोटः कृपया आरडीएसओ की वेबसाइट पर इसका विवरण देखें।
www.rdso.indianrailways.gov.in
दिनांक: 21-10-2025

प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी
आरडीएसओ अस्पताल, लखनऊ

# प्रापर्टी डीलर ने खुद को गोली से उड़ाया, मौत

## पुलिस को मौके से घटना में इस्तेमाल अवैध पिस्टल बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** जमीन का धंधा करने के बाद भी कामयाबी न मिलने के दर्द ने 40 वर्षीय सैयद आबिद रजा नकवी को भीतर ही भीतर तोड़कर रख दिया। इसी अवसाद में सैयद आबिद रजा नकवी ने गुरुवार को ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित पंजतन हाइट के प्रथम तल पर कमरे के बाथरूम में अवैध असलहे से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। पेट में गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनका खून से लथपथ शव मकान के बाथरूम में पड़ा मिलने से घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को मौके से घटना में इस्तेमाल अवैध पिस्टल बरामद हुई है। कयास लगाया जा रहा है कि कारोबार में घाटा होने पर आबिद रजा ने यह कदम



उठाया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले में कई बिंदुओं पर गहनता से पड़ताल की जा रही है।ठाकुरगंज क्षेत्र स्थित पंजतन हाइट के पहली मंजिल पर मकान नंबर 106 में 40 वर्षीय सैयद आबिद रजा नकवी जमीन का कारोबार करते थे, जबकि उनकी पत्नी एरा मेडिकल कॉलेज में बतौर अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। रोज की तरह सैयद आबिद रजा नकवी घर पर परिवार के साथ थे कि गुरुवार को अचानक कमरे से गोली चलने की आवाज सुनकर घर में मौजूद अन्य लोग भाग कर मौके पर गए तो देखा कि आबिद खून से लथपथ होकर बाथरूम में तड़प रहे थे। यह माजरा देख घरवाले दंग रह गए और आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आबिद रजा को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मामले की छानबीन शुरू की गई तो मौके से एक अवैध पिस्टल मिली। बताया जा रहा है आबिद रजा नकवी ने पेट में गोली मारकर जान दे दी है। पुलिस के मुताबिक घरवालों ने बताया कि सैयद आबिद रजा नकवी प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे। इसी से कयास लगाया जा रहा है कि कारोबार में घाटा होने पर उन्होंने यह कदम उठा लिया। पुलिस का कहना है कि इससे इनकार नहीं किया जा सकता, लिहाजा कई बिंदुओं पर गहनता से छानबीन की जा रही है।

### बेरोजगारी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

राजधानी के तालकटोरा क्षेत्र में बेरोजगारी से परेशान एक युवक ने बुधवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान तालकटोरा थाना क्षेत्र के ई-5/1 राजाजीपुरम, डबल पुलिया निवासी आशु शंकर बाजपेई (40) पुत्र स्वर्गीय प्रभाकर दत्त बाजपेई के रूप में हुई है। उन्होंने बुधवार शाम करीब 8:30 बजे अपने घर के सीढ़ी की रेलिंग में रस्सी से फांसी लगा ली। परिजनों ने बताया कि आशु शंकर लंबे समय से बेरोजगार थे, जिसके कारण वे मानसिक तनाव में थे। परिजनों ने तुरंत आशु शंकर को राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद तालकटोरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मौत का कारण फांसी लगाना प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटना की सत्यता की पुष्टि के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने नियमानुसार पंचायतनामा भरकर शव का पोस्टमॉर्टम कराया है।

# घर में घुसे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम के समेसी गांव में बीती रात होटल संचालक के मकान की बाउंड्री तोडकर घर में घुसे चोरों के कुंडी तोड़ने से खटपट की आवाज सुनकर मकान मालिक अपने साथियों के साथ एक चोर को बेलचा सहित पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि उसके तीन साथी भाग निकले पुलिस ने पकड़े गये आरोपी चोर सहित चार चोरों के विरुद्ध चोरी के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



नगराम के समेसी कस्बा निवासी नवीन मौर्य की समेसी बाजार में खुद की मार्केट में लक्ष्मी स्वीट्स के नाम से होटल चलाते है। नवीन मौर्य ने बताया कि बीते दो दिनो से रात मे अज्ञात चोर बाउंड्री तोड़ कर भाग जाते थे जबकि चोरों को पकड़ने के लिए बीती रात को वह अपने घर पर गांव के कई अन्य साथियों के साथ घात लगाकर बैठे थे रात लगभग एक बजे चोरों ने पहले बाउंड्री बेलचे से तोडकर आंगन में आकर कमरे के होल के दरवाजे की कुंडी को तोड़ दिया इस बीच उन लोगों गांव के ही किशन तिवारी को बेलचा सहित दबोच लिया जबकि तीन अज्ञात चोर भाग निकले। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया नवीन मौर्या द्वारा दी गई तहरीर पर पकड़े गये चोर किशन तिवारी सहित तीन अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशन तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## खबर एक नजर

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक युवक का शव तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान और मुंह से खून निकलने के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक की पहचान घसियारी मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय सूरज राजपूत लोधी के रूप में हुई है, जो कैटरिंग का काम करता था। परिजनों के अनुसार, सूरज 21 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे घर से निकला था और रात भर वापस नहीं लौटा। गुरुवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे सूरज के बड़े भाई नीरज ने घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित तालाब में उसका शव पानी में उतराता देखा। शव को बाहर निकालने पर सूरज के चेहरे पर गहरे चोट के निशान थे, मुंह से खून निकल रहा था और उसके हाथ की एक उंगली टूटी हुई थी। सूचना मिलने पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक चोरी करते युवक को लोगों ने जमकर पीटा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बाइक चोर को लोगों ने चोरी करते रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद रस्सी से बांधकर उसकी पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि उसके साथ दो और चोर थे जो मौके से भीड़ से बचकर भाग गए। चोर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला तालकटोरा क्षेत्र का है। गुरुवार दोपहर पथरकटा बाजार में तीन युवक एक बाइक का लॉक जबरदस्ती खोल रहे थे। स्थानीय लोग यह देखते ही हल्ला मचाते हुए चोरों की ओर दौड़े। यह देखते तीन में से 2 चोर मौके से भाग गए, लेकिन एक चोर पकड़ में आ गया। तालकटोरा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया- स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई थी। लोगों ने एक युवक को खंभे के सहारे रस्सी से बांध रखा था। उसे सभी पीट रहे थे। पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाया। लोगों ने बताया कि वह बाइक चोरी कर रहा था। पकड़े गए युवक की पहचान सआदतगंज निवासी आशु के रूप में हुई है।

### डीजीपी मुख्यालय ने जारी किये निर्देश, पुरानी पेंशन का प्रस्ताव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक कार्यालय सिग्नेचर बिल्डिंग में गुरुवार को डीआईजी स्थापना अखिलेश कुमार चौरसिया ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों, एडीजी जोन समेत पुलिस कमिश्नरों और जिले कप्तानों को पत्र भेजा है। उन्होंने निर्देश में साफ किया है कि कोई भी अराजपत्रित पुलिसकर्मी का विकल्प पत्र या प्रस्ताव सीधे शासन को नहीं भेजा जा सकता बल्कि डीजीपी कार्यालय के माध्यम से शासन को भेजा जाएगा। डीजीपी के निर्देशन में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली की जगह पुरानी पेंशन योजना से जिन पुलिसकर्मियों को आच्छादित किया जाना है उनके विकल्प या प्रस्ताव में बदलाव करते हुए निर्देश में डीआईजी स्थापना ने कुछ मामलों में इसे सीधे शासन भेज दिया गया था। जिसको लेकर गृह विभाग ने नाराजगी जताते हुए प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने आदेश मिले थे। इस पेंशन योजना से आच्छादित निरीक्षक व उपनिरीक्षक का विकल्प पत्र जिला, रेंज, जोन, इकाई स्तर पर लंबित नहीं है। वहीं सूत्रों की मानें तो 20 अक्तूबर तक विकल्प पत्रों को मुख्यालय भेजना था इस योजना का लाभ उन पुलिसकर्मियों को मिलना है जिनकी भर्ती 28 मार्च 2005 से पूर्व जारी विज्ञापनों के माध्यम से हुई थी।

### युवक की सिर कूचकर हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जैतपुरा थाना क्षेत्र के जलालीपुरा में गुरूवार को एक 25 वर्षीय युवक की सिर कूच कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल और आसपास फॉरेंसिक टीम के साथ छानबीन और पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृत युवक की शिनाख्त सरैया निवासी नौशाद के रूप में की गई। थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा के अनुसार वारदात स्थल पर प्रारंभिक जांच और छानबीन में सामने आया है कि युवक के सिर पर भारी वस्तु से वार किए गए हैं। फिलहाल हत्या में प्रयुक्त वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ताकि आरोपितों की पहचान हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। वहीं, इलाके के लोगों का कहना था कि नौशाद की इलाके के कुछ युवकों से पिछले दिनों विवाद हुआ था फिलहाल पुलिस कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ में जुटी हुई है।

### हिरासत में युवक ने गला रेता, हालत गंभीर, थानाध्यक्ष निलम्बित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में मानिकपुर थाने में हिरासत में लिए गए युवक ने लॉकअप के अंदर अपना गला रेत लिया। गुरुवार को खून से लथपथ युवक को इलाज के लिए एम्स रायबरेली ले जाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष मानिकपुर को निलम्बित कर दिया है। मामले की जांच-पड़ताल सीओ कुंडा को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक मानिकपुर थाना इलाके के जमेठी गांव के रहने वाले शिवम सिंह (24) को चोरी के मामले में मानिकपुर पुलिस पूछताछ के लिए थाने लाई थी। परिवार वालों का आरोप है कि पांच दिन पहले उसे पुलिसकर्मी ले गए और किसी मामले में पूछताछ कर रहे थे। बृहस्पतिवार की भोर में लॉकअप में बंद शिवम सिंह ने अपना गला रेत लिया यह देख थाने में हड़कम्प मच गया आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पुलिसकर्मी रायबरेली के एम्स अस्पतला ले गए। इसकी जानकारी मिलते ही एसपी दीपक भूकर ने घटना की जांच सीओ कुंडा अमरनाथ को सौंपते हुए थानाध्यक्ष दीप नारायण को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया।

मामले की जांच के बाद ही स्पस्ट हो सकेगा कि कैसे उसके पास धारदार हथियार पहुंचा और किस हथियार से गला काटा है, वहीं इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है और घायल शिवम की हालत खतरे से बाहर है वह बाइक चोरी में जेल जा चुका है। **बृजनंदन राय अपर पुलिस अधीक्षक**

# छात्रा हाथ की नस काट कर फंदे से लटकी, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** हाईस्कूल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया। उसने घरवालों से कहासुनी के बाद हाथ की नस काट ली। समझाने पर किसी तरह मान गई। जैसे ही उसकी मां उसके पास से हटीं तो वह कमरे में चली गई और खुद को



अंदर बंद कर लिया। कुछ देर बाद जब घरवालों ने उसे बुलाया तो कोई आवाज नहीं आई। भाई ने चेक किया तो कमरा अंदर से बंद था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुआ तो देखा कि बहन दुपट्टे के सहारे हुक से लटक रही थी। घटना सोमवार रात की है। मृतका की पहचान बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी गांव के दुर्विजय की बेटी ज्योति के रूप में हुई। मृतका के दो बड़े भाइयों और एक बहन की शादी हो चुकी है। पिता दुर्विजय राजमिस्त्री हैं। घटना वाले दिन ज्योति की घरवालों से कहासुनी हुई थी। पुलिस के अनुसार, ज्योति ने 20 अक्टूबर सोमवार को घर में कहासुनी के बाद हाथ की नस काट ली थी। उस झगड़े के बाद गुस्से में आकर उसने हाथ की नस काट ली थी। परिवारवालों ने उसे समझाकर शांत किया, लेकिन जब मां नहाने चली गईं, तभी ज्योति ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली।दरवाजा बंद देखकर बड़े भाई सूरज ने हथौड़े से उसे तोड़ा, तो ज्योति पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। घरवाले फंदे से उतारकर आनन-फानन उसे कटी बगिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए। वहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने ज्योति को टीएस मिश्रा अस्पताल रेफर कर दिया। टीएस मिश्रा से ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पर इलाज के दौरान बुधवार देर रात इलाज के दौरान ज्योति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# एक करोड़ की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी में साइबर ठगों ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पुलिस अधिकारी बताकर एक बड़े डिजिटल अरेस्ट स्कैम को अंजाम दिया है। ठगों ने कारोबारी होरक भट्टाचार्य से एक करोड़ 18 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। लखनऊ साइबर क्राइम पुलिस ने इस मामले का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।यह ठगी 22 सितंबर को शुरू हुई, जब कारोबारी होरक भट्टाचार्य को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को पुलिस अधिकारी विजय खन्ना बताकर कहा कि पीड़ित के नाम से दिल्ली के केनरा बैंक में फर्जी खाता खोला गया है। इसके तुरंत बाद, दूसरे कॉलर ने ईडी अधिकारी राहुल गुप्ता बनकर उनसे बात की। ठगों ने %जांच गोपनीय% बताते हुए पीड़ित को किसी से बात न करने की चेतावनी दी और वीडियो कॉल पर %डिजिटल अरेस्ट कर लिया। पीड़ित को डराने के लिए फ़र्जी गिरफ्तारी वारंट, कोर्ट के सीजर आदेश और वीडियो कॉल पर फर्जी पुलिस स्टेशन का सेटअप भी दिखाया गया। डर के मारे भट्टाचार्य ने अलग-अलग खातों में 1.18 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर कर दी। ठगों ने और पैसे मांगे तो पीड़ित को शक हुआ और उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम पुलिस ने इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के नेतृत्व में तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सैफलपुर, मलिहाबाद निवासी आरोपी कमलेश कुमार (उम्र 28 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि कमलेश पहले मिठाई का व्यवसाय करता था।

अगस्त 2025 में सीतापुर निवासी अनुराग ने उसे बैंक खाते के लेन-देन पर 2 प्रतिशत कमीशन का लालच दिया। लालच में आकर कमलेश ने अपने नाम से बैंक खाते (इंडसइंड बैंक में) खोले और सिम/ दस्तावेज़ अनुराग को सौंप दिए। यह गिरोह विदेशी फ्रॉडस्टरों से जुड़ा था, जो क्रिप्टोकरेंसी में कमीशन लेते थे। कमलेश के खाते से करोड़ों रुपये की ठगी हुई, और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीसीआरपी) पर इस ठगी से जुड़ी 22 शिकायतें पूरे देश से मिली हैं। पुलिस ने आरोपी के खाते को फ्रीज़ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# फर्जी अभिलेख तैयार कर बेच दी दूसरे की जमीन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी की वजीरगंज पुलिस ने फर्जी अभिलेखों के आधार पर जमीन की बिक्री करने वाले पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गये अमित कुमार पुत्र राजाराम निवासी ढोलबाजा बीरपुर थाना माल लखनऊ व सूरज राजपूत पुत्र वीरबल वर्मा निवासी छठा मील कमलाबाद बढौनी थाना जानकीपुरम लखनऊ व सुधीर कुमार सिंह पुत्र बबब्न सिंह निवासी ग्राम घूरीपुर बडौनडीह थाना कादीपुर जिला सुल्तानपुर व ओमप्रकाश शुक्ला पुत्र राजकुमार शुक्ला नि. 555क/139 कनौसी थाना मानकनगर लखनऊ व वसीम पुत्र स्व0 कय्यूम नि0 ग्राम मडियाँव थाना जानकीपुरम लखनऊ नें कमलकान्त सिंह पुत्र स्व0 डा0 के0एम0 सिंह निवासी पुराना हैदराबाद निकट कालाकाकर हाउस की जमीन को मिलकर समतल कराकर फर्जी व्यक्ति व फर्जी महिला को खड़ाकर फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा निशानी बनाकर फोटो लगाकर साजिश व कूटरचना करते हुये रजिस्ट्री निष्पादित करा ली थी। जिसको लेकर कमलकान्त सिंह की तहरीर पर वजीरगंज पुलिस नें रिपोर्ट दर्ज की थी। पकड़े गये आरोपी धारा 319 (2)/318 (4)/338/336 (3)/340(2)/61(2) बीएनएस में वांछित थे।

**पुलिस ने किया गिरोह का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी लेकिन वह चकमा दे रहे थे। लेकिन सटीक सूचना के बाद पुलिस नें सभी पांचो आरोपियों को शहीद स्मारक पार्क के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गये सभी आरोपी जमीन बिक्री में गोरख धंधा कर रहे थे।

# ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट के सिस्टम इंजीनियर का मामला

## जांच के बाद पता चल पायेगा कारण, विसरा जांच के लिए भेजा गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट के सिस्टम इंजीनियर आकाशदीप की संदिग्धावस्था में मौत को लेकर पुलिस नें अपनी जाँच शुरू कर दी है। घरवालों की माने तो दीपावली के मौके पर आकाशदीप घर आये थे। जहां बीती रात अचानक उसकी तबीयत खराब हो गयी। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। माना जा रहा है कि इंजीनियर आकाशदीप की हृदयाघात के चलते मौत हुई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा। आलमबाग इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया मामले की छानबीन की जा रही है। सभी पहलुओं पर गहनता से पड़ताल हो रही है।मिली



जानकारी के अनुसार लखनऊ के आलमबाग इलाके के ओमनगर में रहने वाले आकाशदीप पत्नी भारती गुप्ता के साथ दिल्ली में रहते थे। आकाशदीप रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट में सिस्टम इंजीनियर के पद पर तैनात थे। वहीं पत्नी भारती दिल्ली में केनरा बैंक में कार्यरत हैं। दोनों का विवाह इसी साल अप्रैल माह में हुई थी।

दीपावली पर आकाशदीप पत्नी के साथ लखनऊ में स्थित पैतृक घर आए थे।आकाशदीप के पिता कुलदीप गुप्ता दो महीने पहले ही उत्तर प्रदेश पुलिस से सेवानिवृत्त हुए हैं। पिता के मुताबिक उनका बेटा बहुत होनहार था। बीटेक में गोल्ड मेडल भी हासिल किया था।

बेटे की मौत के बाद भावुक पिता कुलदीप ने बताया कि बेटा दिल्ली में डीआरडीओ में इंजीनियर था। बहू के साथ वह दीपावली मनाने के लिए घर आया था। सबने मिलकर त्योहार मनाया।देर रात में खाना खाने के बाद सोने के लिए अपने-अपने कमरों में चले गए। कुछ ही देर बाद अचानक आकाशदीप की तबीयत खराब हो गयगी। उसे तुरंत लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आकाशदीप के परिवार में माता-पिता और एक बहन हैं। बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। हलाकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नही आया है। विसरा को सुरक्षित करते हुए जाँच के लिए भेजा गया है। बिसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। आलमबाग इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया की पुलिस नें अपनी जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसों में 5 की मौत, तीन घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बुधवार की देर रात में हुए सड़क हादसों में वृद्ध समेत 4 लोगों ने जान गवा दी। वाराणसी में मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र में गुरुवार को बेकाबू रोडवेज बस ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अपनी बहन की ससुराल से दूज कराकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जालौन जिले के आटा थाना क्षेत्र में झांसी-कानपुर हाईवे पर गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पुलिस बेकाबू कार ने बाइक सवार ससुर-दामाद को रौंद दिया। दुर्घटना में दोनों की मौत हो गई जबकि ससुर की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं उपचार के दौरान दामाद ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा तब हुआ जब तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक वाराणसी से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। रूपापुर के पास तेज रफ्तार में बाइक चलाते समय संतुलन बिगड़ने से बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक और बीच में बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी के अनुसार युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उनकी पहचान के लिए प्रयास हो रहा है। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार को बेकाबू रोडवेज बस ने चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अपनी बहन की ससुराल से दूज कराकर वापस अपने घर लौट रहे थे। घटना जसराना थाना क्षेत्र के नगला शादी मोड़ के पास की है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे चल रहे चार लोगों को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने हरी सिंह (65) को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। सूचना पर मृतक का बेटा रतनेश कुमार भी आ गया। उसने बताया कि उसके पिता अपनी बहिन की ससुराल से टीका कराकर वापस अपने घर साइकिल लौट रहे थे। थाना जसराना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हरिओम के रूप में हुई है। बाकी घायलों की पहचान कराने का प्रयास जारी है। मृतक के बेटे रतनेश कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फरार बस चालक की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। पुलिस के मुताबिक फिरोजाबाद के थाना जसराना क्षेत्र सुबह के समय संतराम (60) ससुर और अखिलेश (31) दामाद बाइक से इलाज के लिए आटा की ओर जा रहे थे। तभी आटा थाना क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर के पास पुलिस स्टीकर लगी एक कार ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में संतराम (निवासी बघौरा, कोतवाली उरई) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनके दामाद अखिलेश जो गंभीर रूप से घायल हो गए थे मगर इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आटा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कार को अपने कब्जे में ले लिया। घायल अखिलेश को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो। थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि हादसे के कारणों और चालक की तलाश के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों का बड़ा अड्डा बन रहा लखनऊ : ब्रजलाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक और वर्तमान में भाजपा से राज्यसभा सदस्य ब्रजलाल ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बांगलादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या और इनके अपराधिक कृत्यों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने लखनऊ में रह रहे इन बांग्लादेश के नागरिकों को देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री से इन्हें वापस भेजने की अपील की है। पूर्व पुलिस महानिदेशक और भाजपा सांसद ब्रजलाल ने आज अपने फेसबुक पेज पर एक लंबी चौड़ी पोस्ट लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। पूर्व डीजीपी ने सुबह टहलने के दौरान ऐसे कुछ महिलाओं और पुरुषों से बातचीत कर उनके मूल निवास के बारे में जानकारी भी करने की बात कही है। गोमतीनगर विस्तार में खाली जमीनों और गोमती नदी की तलहटी, नालों के किनारे इनकी बहुत सी झोपड़ियाँ मिल जायेंगी। इनके बारे में न तो लखनऊ पुलिस को चिंता है और न नगर निगम को। नगर निगम ने तो इन्हें सफाईकर्मी बनाकर अलग से मान्यता दे रखी है। ये अपने को असम के बोंगाई गांव का निवासी बताते हैं और कुछ नलबाड़ी, बरपेटा और नौगांव का। उन्होंने लखनऊ में रह रहे ये बांग्लादेशी देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा हैं। इतना ही नहीं बांग्लादेशी आतंकी संगठन हरकत-उल-जिहाद-अल- इस्लामी (हूजी) ने देश में कई आतंकी घटनाए की हैं, जिसमें उत्तरप्रदेश भी शामिल है। हूजी आतंकी बाबू भाई आदि अब भी उत्तरप्रदेश की जेल में हैं। 23 अक्टूबर 2007 को लखनऊ, वाराणसी , अयोध्या की न्यायालयों में हुये बम-ब्लास्ट में हूजी का भी हाथ था। बांग्लादेशी आतंकी संगठन जमात-उल- मुजाहिदीन बांग्लादेश भारत में भी सक्रिय है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## तकनीक और फ्रॉड

यह सही है कि इस समय देश में कामकाज के ज्यादातर तौर तरीकों को आधुनिक तकनीक से लैस किया जा रहा है। नतीजा यह है कि ऐसे काम पहले के मुकाबले अधिक आसानी और पारदर्शिता के साथ कम समय में हो जाते हैं। यानी ये तकनीकें आज के दौर की बहुत बड़ी जरूरत बन गई हैं। लेकिन हर अच्छी चीज के साथ कुछ नकारात्मक पहलुओं के जुड़ जाने का सच इस मामले में भी सामने आ रहा है। वजह यह है कि डिजिटल तकनीक आधारित यंत्रों के फैलाव के अनुपात में उनके सुरक्षित फंक्शंस के लिए उपाय नहीं हुए। इसके जटिल परिणाम रोजाना सामने आ रहे हैं। इन्हें हम डिजिटल धोखाधड़ी के नाम से जानते हैं। ऐसा भी नहीं कि डिजिटल धोखाधड़ी या फर्जीवाड़े एकाएक निकले हैं। विगत कुछ सालों से इनका क्रम जारी है। मसलन किसी के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आती है और उस पर होने वाली बातों में छिपी धमकी या लालच में फंसकर वह खुद ही अपने बैंक खाते से लाखों रुपए भेज देता है। बाद में इस फ्रॉड का एहसास होने तक काफी देर हो चुकी होती है। इसी तरह डिजिटल अरेस्ट का खेल भी इस समय खूब चल निकला है जिसमें करोड़ों रुपए तक वसूल लिए जा रहे हैं। बात यहीं तक नहीं है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर रोजाना करीब 17 करोड़ साइबर हमले होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तो एक दिन में चालीस करोड़ हमले हुए थे। यह विचित्र विरोधाभास है कि डिजिटल तौर तरीकों में आर्थिक भ्रष्टाचार से लेकर विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को खत्म करने या उन पर नियंत्रण पाने के दावे तो किए गए लेकिन सख्त कानून के बाद भी आज तमाम फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह नए-नए तो तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। पिछले दिनों रिजर्व बैंक के गवर्नर ने भी कहा है कि डिजिटल धोखाधड़ी अब ऐसी गंभीर समस्या बन चुकी है जिसके लिए दूरगामी महत्व के ठोस कदम उठाने जरूरी हो गए हैं। हालांकि डिजिटल फ्रॉड अन्य देशों में भी हो रहे हैं लेकिन भारत में इसकी बढ़ती रफ्तार तमाम घरों को तो बर्बाद कर ही रही है, विभिन्न संस्थानों के मूलभूत ढांचों पर भी चौट पहुंचा रही है। ऐसे में जरूरी है कि तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से सरकार इस तरह की धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए और कारगर सुरक्षा उपाय अमल में लाए।

## प्रतिबंध की जरूरत

समाज के बड़े हिस्से पर सोशल मीडिया के प्रभाव को लेकर अक्सर चर्चाएं होती रहती हैं। माना जाता है कि इसकी उपयोगिता जरूर है जो हमारी समझ, सूचनाओं संपर्कों आदि को व्यापक बनाती है लेकिन यह प्लस पॉइंट इसके दुष्प्रभावों के आगे काफी कमजोर होता जा रहा है इसीलिए अब इससे निपटने के लिए प्रतिबंधात्मक उपायों की मांग जोर पकड़ रही है। सोशल मीडिया पर आयु संबंधित प्रतिबंध का विचार कई देशों को आकर्षित भी कर रहा है। दरअसल मूल चिंता यह है कि इसके टिकटाक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफार्म से संवेदनशील लोगों, जिनमें किशोर और युवा विशेष रूप से आते हैं, को नुकसान पहुंच रहा है। इसी पृष्ठभूमि में कई लोगों का मानना है कि जाज समाज और सरकारी युवाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर हैं तो इसके लिए बेहतर रणनीति डिजिटल प्लेटफॉर्म को विनियमित करना है। इसके लिए सबसे पहला कदम उठाते ठाते हुए ऑस्ट्रेलिया 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट रखने पर रोक लगा चुका है। न्यूजीलैंड और डेनमार्क भी ऐसे ही कदम उठाने जा रहे हैं। इसके अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, नॉर्वे, पाकिस्तान और अमेरिका इन प्रतिबंधों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं। यह उपाय निश्चित रूप से युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी नुकसान, अश्लील सामग्री और नशे से सुरक्षित करने के उद्देश्य से हैं। नई पीढ़ी को गलत रास्ते पर जाने से रोकने के लिए यह आवश्यक और व्यावहारिक रूप से पूरी तरह सही भी है। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि इन प्रतिबंधों को बढ़ता समर्थन आज के डिजिटल जीवन में रूढ़िवादी मूल्यों के पुनरुत्थान का संकेत है। उनका तर्क है कि इंटरनेट अब एक नैतिक युद्ध क्षेत्र है जहां विभिन्न मुद्दों पर क्रॉस संघर्ष होता है। इनमें भी युवाओं का डिजिटल जीवन साक्षरता, अभिव्यक्ति और जुड़ाव का माध्यम है। यह बात काफी हद तक सही है पर इसके दबाव से मूल समस्या को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इसलिए जरूरत है कि सरकारी मनोवैज्ञानिकों एवं समाजशास्त्रियों से परामर्श लेकर कच्ची उम्र के आवश्यक दिमाग को अराजक होने से बचने के लिए उपायों को और अधिक सुलझा हुआ रूप दे। तर्क को वास्तविकता की कसौटी पर भी कसा जाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता साफ**
गंदे लोग अक्सर बहुत स्वच्छता प्रेमी होते हैं!

**भारत की समृद्धि का आधार है गौवंश - योगी**
गौमांस निर्यात से हजारों करोड़ की आमदनी!

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलीकॉप्टर गड्ढे में फंसा**
राष्ट्र खुद पता नहीं किन किन गड्ढों में फंसा है!

**बड़े वन क्षेत्रों के मामले में भारत चौथे स्थान पर**
लखनऊ का वनक्षेत्र भूमाफियाओं के हवाले!

**अगले वर्ष चुनाव में एसआईआर की कवायद**
यानी विपक्ष के लिए मुद्दा तैयार रहेगा।

**'शोले' पर दिए बयानों से निशाने पर आए जावेद**
इसी बहाने सुर्खियों में तो रहेंगे।

♦♦♦

# विश्व की तीसरी शक्ति है भारतीय वायुसेना

पिछले दिनों विश्व की सैन्य शक्तियों के तुलनात्मक अध्ययन से संबंधित दो घोषणाओं ने जागरूक भारतीयों के मन में सवाल पैदा किये हैं. ग्लोबल फायर पावर



**- अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

इंडेक्स, अर्थात वैश्विक प्रहारक क्षमता सूची में अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथे पायदान पर है।

इसमें साठ से अधिक कारकों पर 145 से अधिक देशों की सेना का संज्ञान लिया गया है. भारत की 14 लाख सैनिकों वाली सेना की संख्या विश्व में दूसरे स्थान पर है और भारत अपनी सकल राष्ट्रीय आय का बड़ा हिस्सा सैन्य संसाधनों पर खर्च कर रहा है. पर तेजी से आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ने के बावजूद सकल प्रहारक क्षमता में भारत चौथे स्थान पर, यानी चीन से नीचे है. उधर वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की सूची में भारत तीसरे स्थान पर, यानी चीन से ऊपर है, जबकि अमेरिकी और रूसी वायुसेना भारतीय वायुसेना से आगे हैं. दोनों तालिकाओं के नामों से स्पष्ट है कि पहली में सकल सामरिक प्रहारक क्षमता का आकलन है और दूसरी सूची केवल वायुसेनाओं की तुलना करती है।

भारतीय हवाई शक्ति चीन से ऊपर इन तथ्यों के आधार पर है- सकल बेड़े में विमानों की संख्या, हवाई शक्ति के आधुनिकीकरण की स्थिति और विमानों की उड़ान में सहायक बंदोबस्त या लॉजिस्टिक सहारे की क्षमता. फायर पावर इंडेक्स की कमी यह है कि पूरी प्रहारक क्षमता का आकलन करने में यह केवल आंकड़ों और संख्याओं को संज्ञान में लेता है, भले उनमें पुराने पड़ चुके संसाधन शामिल हों. वह परमाणु युद्ध क्षमता की भी अनदेखी करता है. भारतीय वायुसेना के वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न एयरक्राफ्ट में चीन से ऊपर रहने के मूल में ऑपरेशन सिंदूर में हमारी वायुसेना का शानदार प्रदर्शन रहा है, जिसमें पाकिस्तान में नौ आतंकी अड्डों और ग्यारह वायुसेना ठिकाने, हैंगर और रडार केंद्र तहस-नहस कर दिये गये थे. इस तालिका के अनुसार, भारत के सक्रिय सैन्य विमानों की संख्या 1,716 है, जिनमें 32 फीसदी लड़ाकू विमान, 29 प्रतिशत हेलीकॉप्टर और 22 फीसदी प्रशिक्षण विमान हैं. जबकि चीन की वायुसेना में विमानों की कुल संख्या 5,200 के करीब है, जो हमारी संख्या से तिगुना है.



उनमें से लगभग 53 फीसदी लड़ाकू विमान हैं. इन विमानों की किस्में देखें, तो भारत के पास सबसे प्रभावशाली लड़ाकू विमानों में नवीनतम राफेल विमान के अतिरिक्त सुखोई एसयू एमके1 हैं, जो एयर टू एयर और एयर टू ग्राउंड के प्रहारक मिसाइलों से लैस हैं. ब्रह्मोस जैसे सुपरसोनिक और अत्यंत सटीक मिसाइल से सुसज्जित होने के बाद ये विमान क्या कर सकते हैं, यह ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान भलीभांति देख-समझ चुका है. इनके अतिरिक्त मिराज, मिग 29 आदि के पुराने पड़ते बेड़े में तेजस लाइट कॉम्बैट विमान परिवार के एमके1, एमके1ए और एमके2 जैसे पांचवीं पीढ़ी के विकसित लड़ाकू विमानों को भी जल्द ही शामिल किया जायेगा. यद्यपि चीन के पास जे20 जैसे साढ़े पांचवीं पीढ़ी के विमान हैं और जे10सीइ, 15 और 17 भी हैं, पर तेजस श्रेणी के विमानों के भारतीय वायुसेना में आने से यह अंतराल कम होगा. वर्ष 2040 तक भारतीय वायुसेना की पूरी 42 स्क्वॉड्रनों में आधुनिकतम पीढ़ी के विमान होंगे. रणनीतिक बमवाहकों की बात करें, तो चीन के एस6 जैसा विमान हमारे पास नहीं है. पर इस कमी को लंबी दूरी तक मार करने वाले क्रूज मिसाइलों ने घटाया है. छोटी दूरी के लिए अग्नि, पृथ्वी, मध्यम दूरी के लिए प्रलय और 800 से 1,500 किलोमीटर तक सबसोनिक गति से मार करने वाली निर्भय मिसाइल के बाद ब्रह्मोस मिसाइल है, जो थल, जल और चल प्लेटफॉर्म से सुपरसोनिक गति से लंबी दूरी तक मार कर सकती है. ऐसे प्रक्षेपास्त्रों ने लड़ाकू विमानों की चीन से कम संख्या को संतुलित कर दिया है. एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, यानी दुश्मन के विमानों की टोह लेकर अपने विमानों को दिशानिर्देश देने वाले विमानों की बात करें, तो चीन का जवाब हमारे पास है. इस्राइली फाल्कन अवाक्स को रूस से मिले आइएल 76 लांग रेंज भारवाहक विमान में लगाकर भारत ने विभिन्न प्रणालियों के समन्वय और विभिन्न देशों से मैत्री का लाभ उठाने का अद्भुत उदाहरण पेश किया है. इससे चीन की तुलना में लड़ाकू विमानों की संख्या काफी कम होने के बावजूद भारत की प्रहार क्षमता बेहतर मानी गयी है. ऑपरेशन सिंदूर से पहले बालाकोट में आतंकियों के गढ़ को ध्वस्त किया जा चुका था. वर्ष 1965 और 1971 के युद्धों के बाद भी भारतीय वायुसेना ने कारगिल से लेकर अब तक कई बार रक्ताभिषेक किया है. उधर चीनी विमानचालक केवल युद्धाभ्यास से परिचित हैं, युद्ध से नहीं. तभी भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षक अब ब्रिटेन के रॉयल एयरफोर्स में बुलाये जा रहे हैं. भूगोल भी हमारे पक्ष में है. तिब्बत की ऊंचाइयों से उ?ान भरने वाले चीन के लड़ाकू विमानों को समतल इलाकों से उड़ान भरने वाले भारतीय विमानों की अपेक्षा थोड़ी कठिनाई होती है. आज युद्ध केवल सेना नहीं, पूरा देश और उसकी आर्थिक स्थिति लड़ती है. हमारी मारक क्षमता चीन पर भारी बनी रहे, इसके लिए भारत की समृद्धि को निरंतर विकासशील रहना होगा और आधुनिक प्रणालियों के चुनाव और खरीद प्रक्रिया का सरलीकरण जारी रखना होगा।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

अपकीर्ति पर प्रकाश डालते हैं-
अकीर्तिं चापि भूतानि कथयिष्यन्ति तेऽव्ययाम् । सम्भावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते ।। 34।।

सब लोग बहुत काल तक तेरी अपकीर्ति का कथन करेंगे। आज भी पदच्युत होनेवाले महात्माओं में विश्वामित्र, पराशर, निमि, शृङ्गी इत्यादि की गणना होती है। बहुत से साधक अपने धर्म पर विचार करते हैं, सोचते हैं कि लोग हमें क्या कहेंगे? ऐसा भाव भी साधना में सहायक होता है। इससे साधना में लगे रहने की प्रेरणा मिलती है। कुछ दूरी तक यह भाव भी साथ देता है। माननीय पुरुषों के लिये अपकीर्ति मरण से भी बढ़कर होती है।

भयाद्रणादुपरतं मंस्यन्ते त्वां महारथाः। येषां च त्वं बहुमतो भूत्वा यास्यसि लाघवम् ।। 35।।

जिन महारथियों की निगाह में तू बहुत माननीय होकर अब तुच्छता को प्राप्त होगा, वे महारथी लोग तुझे भय के कारण युद्ध से उपराम हुआ मानेंगे। महारथी कौन? इस पथ पर महान् परिश्रम से आगे बढ़नेवाले साधक महारथी हैं। इसी प्रकार इतने ही परिश्रम से अविद्या की ओर खींचनेवाले काम, क्रोध, लोभ, मोहादि भी महारथी हैं। जो तुझे बहुत सम्मान देते थे कि साधक प्रशंसनीय है, तुम उनकी निगाह से गिर जाओगे। इतना ही नहीं, बल्कि-

अवाच्यवादांश्च बहून्वदिष्यन्ति तवाहिताः । निन्दन्तस्तव सामर्थ्यं ततो दुःखतरं नु किम् ।। 36 ।।

वैरी लोग तेरे पराक्रम की निन्दा करते हुए बहुत से न कहने योग्य वचनों को कहेंगे। एक दोष आता है तो चारों ओर से निन्दा और बुराइयों की झड़ी लग जाती है। न कहने योग्य वचन भी कहे जाते हैं। इससे बड़ा दुःख क्या होगा? अतः-

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्। तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चयः ।।37।। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरुष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

♦♦♦

# ओलिंपिक का प्रवेश द्वार है कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी

कॉमनवेल्थ गेम्स की ग्लोबल गवर्निंग बॉडी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने अहमदाबाद को 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स के मेजबान शहर के तौर पर सिफारिश की है. इस सिफारिश पर औपचारिक



**मीर रंजन नेगी**

मुहर 26 नवंबर को ग्लासगो में होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की जनरल असेंबली मीटिंग में लगेगी. इस तरह लगभग यह तय हो गया है कि 2030 में इस अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन का मेजबान भारत होगा. मेरी नजर में, इस खेल की मेजबानी मिलना, 2036 में ओलिंपिक की मेजबानी करने के भारत के प्रयासों का प्रवेश द्वार है. यह भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, क्षमता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है. यह इस बात का भी संकेत है कि विश्व पटल पर खेलों के एक पावर हाउस के रूप में हम उभर रहे हैं. इससे ओलिंपिक की मेजबानी करने का हमारा जो सपना है, उसे एक नया आयाम मिलेगा, एक नयी दिशा मिलेगी. सच कहें, तो यह 2036 के ओलिंपिक की मेजबानी की दावेदारी की तरफ एक मजबूत कदम है. कॉमनवेल्थ गेम्स में 70 से अधिक देश भाग लेंगे. इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह खेल प्रतिस्पर्धा काफी बड़े पैमाने पर आयोजित की जायेगी. ऐसे में इस खेल आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी व्यवस्था की जायेगी, वह उच्च स्तरीय होनी चाहिए, ठीक वैसी जैसी ओलिंपिक के दौरान होती है. इस तरह की खेल सुविधाएं- जिन्हें सस्टेनबल स्पोर्ट्स इकोसिस्टम कहते हैं- विशेकर जो हमारे युवा वर्ग हैं, उन्हें खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा. इस इकोसिस्टम के तहत जब हमारे युवा खिलाड़ी तैयार होकर निकलेंगे, तो उन्हें बहुत लाभ मिलेगा. क्योंकि सच तो यही है कि अपने देश में बहुत कम जगह पर ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की अवसंरचनाएं मौजूद हैं. दूसरी बात, जब भी इस तरह के आयोजन होते हैं, तो देश में खेलों को लेकर एक जुनून पैदा होता है और इससे देश की खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है, जो अंतत- बेहतर खिलाड़ियों के उभरने और सफल खेल आयोजन के रूप में परिणत होती है. उदाहरण के लिए, ओलिंपिक खेलों में जब सायना नेहवाल और पीवी सिंधु ने पदक जीते, तो देश की लड़कियों के बीच बैडमिंटन खेलने का माहौल बन गया. जबकि इससे पहले तक बैडमिंटन को लेकर लड़कियों के बीच इस तरह का जुनून नहीं था. जब देश में इतनी बड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी, तो उम्मीद है कि उसके लिए तैयारियां भी उसी स्तर पर होंगी. इनसे अनगिनत लोगों को रोजगार तो मिलेगा ही, बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने से अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी. हालांकि इसमें सरकार को बहुत पैसे खर्च करने पड़ेंगे, पर इससे देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी. जहां तक खिलाड़ियों की बात है, तो अपने देश में, अपने लोगों के सामने खेलने का अपना अलग ही आनंद होता है. हालांकि, यह भी सच है कि जो होम टीम होती है, उसके अपने लाभ तो होते ही हैं, पर हानि भी होती है. अपने घर में खेलने का दबाव बहुत होता है. तो यहां आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा और इसके लिए मानसिक मजबूती की जरूरत होगी.

ऐसे में कोच व खिलाड़ी दोनों को मानसिक मजबूती के लिए काम करना होगा. कोच और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण को लेकर भी पूरी सावधानी बरतनी होगी. आजकल ऐसी ट्रेनिंग होती है, जिसमें खिलाड़ियों के चोटिल होने का खतरा कई बार बहुत बढ़ जाता है. कई बार



कोच अपने स्टूडेंट पर यह दबाव बनाते हैं कि वह थोड़ी देर और प्रैक्टिस कर ले, इस चक्कर में भी कई बार खिलाड़ी चोटिल हो जाते हैं. इससे उन्हें बचना होगा. इस तरह के आयोजन कोच के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं. इस दौरान उन्हें दूसरे अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच के साथ संवाद करने का अवसर मिलता है, उनके अनुभव से सीखने को मिलता है. यह एक कोच को दूसरे कोच की मानसिकता को समझने का भी अवसर होता है, जिसका लाभ उन्हें खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते समय मिलता है. कॉमनवेल्थ गेम्स में अपने देश में खेलते हुए खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के खेल के तरीके, उनकी रणनीतियों को समझकर अपने खेल को बेहतर बना सकते हैं और ओलिंपिक जैसे खेलों के महाकुंभ में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं. हालांकि एक तथ्य यह भी है कि जो खिलाड़ी कॉमनवेल्थ 2030 में खेलेंगे, उनमें से 70-80 प्रतिशत खिलाड़ी ओलिंपिक 2036 में नहीं खेल पायेंगे, क्योंकि उनकी उम्र अधिक हो चुकी होगी. लेकिन, जो युवा खिलाड़ी हैं, जो उभरते हुए खिलाड़ी हैं, वे निश्चित तौर पर इससे प्रेरित होंगे, उन्हें दूसरे देश के महान खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा. यहां सरकार की जवाबदेही भी काफी बढ़ जाती है. समय पर उच्च स्तरीय अवसंरचनाओं का निर्माण करना कोई हंसी-खेल नहीं है. इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करनी होगी. तैयारी में किसी तरह की कोई कमी न रहे, इसकी निगरानी करनी होगी. जब हम ऐसा करेंगे तभी जाकर सच्चे अर्थों में 2036 ओलिंपिक की मेजबानी की दावेदारी कर पाने में सक्षम हों पायेंगे, क्योंकि ओलिंपिक में 200 से अधिक देश भाग लेते हैं. इस आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद होनी चाहिए. इसमें तनिक भी चूक देश की प्रतिष्ठा को मिट्टी में मिला देगी।

## प्रेरक प्रसंग — कर्तव्यनिष्ठता

मास्टर सूर्यसेन न केवल निर्भीक बल्कि आदर्शवादी भी थे। उन दिनों उनकी नियुक्ति बंगाल के किसी स्कूल में थी। स्कूल में वार्षिक परीक्षा चल रही थी। जिस परीक्षा भवन में उन्हें नियुक्त किया गया था, उसी भवन में उस स्कूल के प्रधानाचार्य का पुत्र भी परीक्षा दे रहा था।

यह संयोग ही था उन्होंने प्रधानाचार्य के पुत्र को नकल करते हुए पकड़ लिया तथा परीक्षा देने से वंचित कर दिया। परीक्षाफल निकला तो वह लड़का अनुत्तीर्ण हो गया। दूसरे दिन जब सूर्यसेन स्कूल में पहुंचे तो प्रधानाचार्य ने उन्हें अपने कक्ष में बुलाया। यह जानकर अन्य सभी शिक्षक कानाफूसी करने लगे कि अब सूर्यसेन का पत्ता साफ हुआ समझो। इधर जब सूर्यसेन प्रधानाचार्य के कक्ष में पहुंचे तो उन्होंने आशा के विपरीत उनका न केवल सम्मान किया बल्कि स्नेहवश बोले, मुझे गर्व है कि मेरे इस स्कूल में आप जैसा कर्तव्यनिष्ठ व आदर्शवादी शिक्षक भी है, जिसने मेरे पुत्र को भी दंडित करने में कोताही नहीं बरती। नकल करते पकड़े जाने के बावजूद यदि आप उसे उत्तीर्ण कर देते तो मैं आपको अवश्य ही नौकरी से बर्खास्त कर देता। यदि आप मुझे अपने पुत्र को उत्तीर्ण करने के लिए विवश करते तो मैं स्वयं ही इस्तीफा दे देता जो इस समय मेरी जेब में पड़ा है। मास्टर सूर्यसेन का जवाब सुनकर प्रधानाचार्य बहुत खुश हुए और उनकी दृष्टि में सूर्यसेन की इज्जत दोगुनी हो गई।

## आपका पत्र मिला

### निरंतर प्रयासों का नतीजा बढ़ती हरियाली

देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के बीच दीपावली पर वन क्षेत्र वृद्धि में पिछले वर्ष दसवें स्थान से एक पायदान की बढ़त हासिल कर भारत का नौवें स्थान पर आना निश्चित ही सकारात्मक खबर है।

प्रधानमंत्री के संदेश एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों का इसमें उल्लेखनीय योगदान रहा है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की वैश्विक वन संसाधन मूल्यांकन (जीएफआरए)-2025 रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के कुल वन क्षेत्र (4.14 बिलियन हेक्टेयर) में भारत का शीर्ष 10 देशों में शामिल होना वैश्विक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह उपलब्धि प्रेरणादायक है लेकिन हमें इस पर संतुलित विचार रखना होगा। जहां वन क्षेत्र में वृद्धि पर्यावरण के लिए उत्कृष्ट है और कार्बन पृथक्करण में सहायक होगी वहीं यह दीपावली के दौरान शहरों में अनुभव किए जा रहे तीव्र वायु प्रदूषण की समस्या का तत्काल समाधान नहीं है।

वायु प्रदूषण मुख्य रूप से वाहनों के उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियों और पराली जलाने जैसे कारकों से होता है, जिसके लिए अलग और त्वरित नीतियों की आवश्यकता है। वन क्षेत्र में यह बढ़त भारत की दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रतिबद्धता को दर्शाती है जबकि प्रदूषण एक तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। हमें वनों की वृद्धि को जारी रखते हुए, शहरी और ग्रामीण प्रदूषण के स्रोतों को नियंत्रित करने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे, ताकि पर्यावरण संरक्षण के दोनों मोर्चों पर सफलता मिल सके। यह वृद्धि जहां भविष्य की आशा है वहीं प्रदूषण वर्तमान की चुनौती।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# शरीर के लिए एक दिन में कितना पानी जरूरी?



पानी जीवन का अभिन्न हिस्सा है, और इसके बिना कोई भी जीव या इंसान नहीं रह सकता। सभी को यह सलाह दी जाती है कि वे दिन भर में पर्याप्त पानी पीएं ताकि वे बीमारियों से बच सकें और उनका शरीर हाइड्रेटेड रहे। लेकिन सवाल यह है कि कितना पानी पीना चाहिए और यदि हम कम पानी पीते हैं, तो इसके क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं? आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

**एक दिन में कितना पानी पीना चाहिए?**

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, एक वयस्क व्यक्ति को दिन में लगभग 3 लीटर पानी पीने की सलाह दी जाती है। हालांकि, यह मात्रा व्यक्ति की गतिविधियों, मौसम और स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर भिन्न हो सकती है। गर्मियों में, जब पसीना अधिक आता है, तो पानी की आवश्यकता बढ़ जाती है। वहीं, ठंड के मौसम में, लोग प्यास कम महसूस करते हैं, जिसके कारण वे कम पानी पीते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है।

**कम पानी पीने से होने वाले नुकसान डिहाइड्रेशन :** कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो शरीर के लिए गंभीर है। डिहाइड्रेशन से हृदय रोग, लिवर रोग, और मस्तिष्क संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। गंभीर स्थिति में, यह आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

**पेट से जुड़ी समस्याएं :** पानी की कमी से पाचन तंत्र में गड़बड़ियां आ सकती हैं, जिससे गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उचित मात्रा में पानी न पीने से शरीर में विषाक्त पदार्थों का संचय भी होता है।

**किडनी स्टोन :** अगर आप कम पानी पीते हैं, तो गुर्दे में पथरी बनने का खतरा बढ़ जाता है। पानी किडनी की कार्यक्षमता को बनाए रखता है और इसकी कमी से पथरी का निर्माण हो सकता है। किडनी शरीर में फिल्ट्रेशन का कार्य करती है, इसलिए इसे हाइड्रेटेड रखना जरूरी है।

**ड्राई स्किन :** कम पानी पीने से आपकी त्वचा रूखी और बेजान हो सकती है। त्वचा के सेल्स को पानी की आवश्यकता होती है, और इसकी कमी से त्वचा में चमक और नमी कम हो जाती है। इससे त्वचा की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं, जैसे एक्ने और झुर्रियां। **यूटीआई :** यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन की समस्याएं भी पानी की कमी से हो सकती हैं। पानी शरीर को अंदर से साफ करने में मदद करता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो बैक्टीरिया और टॉक्सिन्स सही तरीके से बाहर नहीं निकल पाते, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। **इसके अलावा :** 1. फलों और सब्जियों का सेवन करे। पानी की कमी को पूरा करने के लिए फलों और सब्जियों का सेवन करें, जो पानी की अच्छी मात्रा प्रदान करते हैं। तरबूज, खीरा, और संतरा जैसे फल हाइड्रेशन में मदद करते हैं। 2. नियमित रूप से पानी पिएं, अपने शरीर की जरूरत को समझें और नियमित अंतराल पर पानी पिएं। कोशिश करें कि आपको प्यास लगने का इंतजार न करना पड़े। 3. शारीरिक गतिविधियों के दौरान जब आप एक्सरसाइज कर रहे हों या गर्मियों में बाहर जा रहे हों, तो पानी की मात्रा बढ़ा दें ताकि आप डिहाइड्रेटेड न हों। पानी हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए यह सुनिश्चित करें कि आप प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पी रहे हैं। याद रखें, कम पानी पीने से केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए, अपनी हाइड्रेशन को नज़रअंदाज़ न करें और अपने शरीर को स्वस्थ रखें।

# क्या आपको भी आते हैं रोज डरावने सपने? हो सकती हैं ये बीमारियां



किसी भी व्यक्ति के लिए डरावने सपने आना एक बेचैन कर देने वाला अनुभव होता है। अगर ऐसे सपने कभी-कभी आते हैं तो या लंबे समय के अंतराल पर आता है तो ऐसा होना सामान्य है। लेकिन अगर ये डरावने सपने आपको लगातार हर दिन आ रहे हैं और आपकी नींद को बाधित कर रहे हैं, तो यह आपके शरीर में किसी अंदरूनी बीमारी का शुरुआती संकेत हो सकता है। चिकित्सा विज्ञान में बुरे सपनों की अधिक आवृत्ति को अक्सर मानसिक स्वास्थ्य विकारों या कुछ गंभीर शारीरिक समस्याओं से जोड़ा जाता है। ये सपने आपके मस्तिष्क के आरईएम स्टेज में गड़बड़ी को दर्शाते हैं। आरईएम स्टेज हमारे नींद का वह स्टेज है जब हम सपने देखते हैं। ये सपने न केवल आपकी नींद की गुणवत्ता को खराब करते हैं, बल्कि दिनभर आपको थका हुआ, चिंतित और चिड़चिड़ा भी महसूस करा सकते हैं। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि आपको रोज आने वाले डरावने सपने किन गंभीर बीमारियों का शुरुआती संकेत हो सकते हैं।

**पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर**

डरावने सपने आने का सबसे आम कारण अत्यधिक तनाव या चिंता है। अगर आप किसी मुश्किल भावनात्मक दौर से गुजर रहे हैं, तो दिमाग उस तनाव को सोते समय बुरे सपनों के रूप में बाहर निकालता है। किसी दर्दनाक घटना से गुजरने वाले लोगों में पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर का यह एक विशिष्ट लक्षण है, जहां मरीज बार-बार उस घटना से जुड़े डरावने सपने देखते हैं।

**नींद संबंधी विकार**

डरावने सपने आना नींद संबंधी विकारों का भी संकेत हो सकता है, जैसे स्लीप एपनिया। स्लीप एपनिया में सोते समय सांस बार-बार रुकती है, जिससे मस्तिष्क को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती। ऑक्सीजन की कमी से दिमाग में तनाव पैदा होता है, जिससे नींद टूटती है और व्यक्ति को डरावने सपने आ सकते हैं।

**डरावने सपने और पार्किंसंस रोग का संबंध**

कुछ शोध बताते हैं कि रोजाना डरावने सपने आना, खासकर आरईएम स्लीप बिहेवियर डिसऑर्डर (ऋब्ष्ठ) के साथ, पार्किंसंस रोग जैसी तंत्रिका संबंधी समस्याओं का शुरुआती संकेत हो सकता है। ऋब्ष्ठ एक ऐसी स्थिति है जहां व्यक्ति सपने में होने वाली हरकतों को शारीरिक रूप से जीना शुरू कर देता है जैसे चिल्लाना या हाथ-पैर मारना। चूंकि पार्किंसंस रोग मस्तिष्क की कोशिकाओं को प्रभावित करता है, इसलिए ऋब्ष्ठ को अक्सर इस गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी का शुरुआती संकेत माना जाता है। यदि आपको या आपके परिवार में किसी को ऐसे लक्षण दिखते हैं, तो विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है।

**दवाओं का साइड इफेक्ट और डिप्रेशन**

कुछ खास तरह की दवाएं, खासकर एंटीडिप्रेसेंट्स, या हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं की वजह से भी बुरे सपने आ सकते हैं। इसके अलावा डिप्रेशन भी मस्तिष्क के स्लीप साइकिल को प्रभावित करता है। अगर आप में से कोई नई दवा लेना शुरू किए हैं और उसके बाद से डरावने सपने आ रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

# दूर होगा पेट का इंफेक्शन अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन तंत्र का स्वस्थ होना भी जरूरी है। शरीर में आंत का काम स्वस्थ और पौष्टिक चीजों को पचाने का होता है।

भोजन से पोषक तत्वों का अवशोषण करके उन्हें शरीर में पहुंचाना भी पाचन तंत्र का ही काम होता है, लेकिन आजकल के खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के चलते पाचन तंत्र को कई बार नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा असंतुलित खान-पान दूषित पानी का सेवन या बैक्टीरिया के संपर्क में आने के कारण पेट में इंफेक्शन भी हो सकती है। पेट में इंफेक्शन होने पर दवाईयों की जगह आप कुछ घरेलू तरीके अपना सकते हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**केला**

पेट के लिए केला बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें मौजूद पौटेशियम पेट दर्द से राहत दिलवाने में मदद करता है। इसे पचाना भी आसाना होता है ऐसे में यह पेट को जल्दी ठीक कर देता है।

**दही और छाछ**

दही और छाछ का सेवन पेट में इंफेक्शन होने पर लाभकारी साबित हो सकता है। इसमें प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं तो जो पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा दही शरीर को हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है।

**नारियल पानी**

नारियल पानी पेट में इंफेक्शन होने पर फायदेमंद माना जाता है। इसमें पाए जाने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स दस्त और उल्टी की समस्या से बचाते हैं। शरीर को हाइड्रेट रखने और पाचन तंत्र को सुधारने के लिए नारियल पानी बेहद लाभकारी माना जाता है।

**उबला हुआ पानी पिएं**

पेट में इंफेक्शन होने पर पानी उबाल कर पिएं। पानी में मौजूद कीटाणु, बैक्टीरिया पेट के इंफेक्शन को बढ़ाते हैं। पानी उबालने से यह कीटाणु मर जाते हैं और पानी पीना भी सुरक्षित माना जाता है।

**हल्दी और शहद**

हल्दी पेट में इंफेक्शन होने काफी फायदेमंद मानी जाती है। 1 चम्मच हल्दी में 2 चम्मच शहद मिलाकर रोजाना इसका सेवन करें। शहद और हल्दी मिश्रण का आप स्टोर करके भी रख सकते हैं। एक डिब्बे में इसे रख दें और रोजाना रात को आधा-आधा चम्मच खाएं।

**अनार के बीज**

काले नमक और काली मिर्च के साथ अनार के दानों का सेवन करने से पेट में इंफेक्शन दूर होता है। अनार में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो आंतों के सूजन को कम करने में मदद करता है।

# बेहतर करें मेटाबॉलिज्म अपनाएं ये महत्वपूर्ण आदतें



मेटाबॉलिज्म, या चयापचय, हमारे शरीर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह निर्धारित करता है कि हमारा शरीर भोजन को कैसे प्रोसेस करता है और उसे ऊर्जा में कैसे बदलता है। जबकि मेटाबॉलिज्म का कुछ हिस्सा जेनेटिक्स पर निर्भर करता है, जीवनशैली में कुछ आसान आदतें अपनाकर हम इसे सक्रिय और स्वस्थ रख सकते हैं। यहां तीन प्रभावी तरीके दिए गए हैं, जिनसे आप अपने मेटाबॉलिज्म को बेहतर बना सकते हैं।

**प्रोटीन युक्त भोजन का सेवन-** अच्छे मेटाबॉलिज्म के लिए प्रोटीन बेहद महत्वपूर्ण है। प्रोटीन पचाने में शरीर को अधिक कैलोरी खर्च करनी पड़ती है, जबकि वसा या कार्बोहाइड्रेट पचाने में कम। इसलिए, अपनी डाइट में प्रोटीन वाले फूड जैसे अंडे, पनीर, दाल, और छोले शामिल करें। ये न केवल मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखते हैं, बल्कि मांसपेशियों को बनाने और बनाए रखने में भी मदद करते हैं, जो चयापचय को बढ़ावा देता है।

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एचआईआईटी एक्सरसाइज-** स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और उच्च तीव्रता वाली अंतराल ट्रेनिंग मेटाबॉलिज्म को मजबूत बनाने के प्रभावी तरीके हैं। एचआईआईटी न केवल व्यायाम के दौरान कैलोरी तेजी से बर्न करता है, बल्कि इसके बाद भी मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है। इसी तरह, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग मांसपेशियों के विकास में सहायक होती है, जो मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सप्ताह में कम से कम 2-3 बार इन गतिविधियों को शामिल करें।

**अधिक चलें-फिरें**

यदि आपकी सिटिंग जॉब है या आप लंबे समय तक बैठते हैं, तो अपने दिनचर्या में सक्रियता शामिल करना जरूरी है। लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करें, लंच ब्रेक के दौरान छोटी वॉक पर जाएं, और जब भी फोन पर बात करें, टहलने की कोशिश करें। डेस्क पर हल्की स्ट्रेचिंग या योग करने से भी मदद मिलती है। लंबे समय तक बैठने से मेटाबॉलिज्म धीमा होता है, इसलिए छोटी-छोटी गतिविधियां भी इसे सक्रिय रखने में महत्वपूर्ण होती हैं।

**पर्याप्त नींद लें-** नींद का मेटाबॉलिज्म पर गहरा प्रभाव होता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे) न लेने से शरीर में तनाव हार्मोन बढ़ सकते हैं, जो चयापचय को धीमा कर सकते हैं।

**पानी पिएं-** पर्याप्त मात्रा में पानी पीना मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करता है। पानी पीने से शरीर में कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया सक्रिय होती है। एक अध्ययन के अनुसार, ठंडा पानी पीने से शरीर को पानी को गर्म करने के लिए अधिक कैलोरी खर्च करनी पड़ती है।

**हर्बल चाय और कॉफी का सेवन-** ग्रीन टी और कॉफी में कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में सहायक होते हैं। सीमित मात्रा में इनका सेवन करें ताकि आप ऊर्जा स्तर बनाए रख सकें।

**छोटे और नियमित भोजन करें-** दिन में छोटे-छोटे अंतराल पर भोजन करना मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है। इससे शरीर को लगातार ऊर्जा मिलती रहती है और मेटाबॉलिज्म धीमा नहीं होता। उच्च तनाव स्तर मेटाबॉलिज्म को प्रभावित कर सकता है। योग, ध्यान, या अन्य तनाव प्रबंधन तकनीकों का अभ्यास करें, ताकि आप तनाव को कम कर सकें और मेटाबॉलिज्म को स्थिर रख सकें। मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने के लिए ये 7 सरल उपाय प्रभावी हैं। प्रोटीन युक्त आहार, नियमित स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, और सक्रिय रहने की आदतें न केवल आपके चयापचय को बढ़ावा देंगी, बल्कि आपके समग्र स्वास्थ्य को भी सुधारेंगी। अपने जीवनशैली में इन परिवर्तनों को शामिल करें और अपने मेटाबॉलिज्म को सक्रिय बनाएं।

# रेस्टोरेंट में शौक से खाते हैं तंदूरी रोटी? खाने से पहले जान लें इसकी डराने वाली सच्चाई

भारत में खाने-पीने का शौक लगभग हर किसी को होता है। मसालेदार सब्जियां, गरमागरम करी और उनके साथ परोसी जाने वाली बटर लगी तंदूरी रोटी हर किसी की पसंद होती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस तंदूरी रोटी को आप स्वाद के लिए खाते हैं, वही आपकी सेहत के लिए धीमा जहर साबित हो सकती है?

**रोटी की किस्में और लोगों की पसंद-** भारतीय भोजन में रोटी का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। सामान्यतः घरों में तवा रोटी (गेहूं की) खाई जाती है, लेकिन बाहर खाने पर लोग अक्सर तंदूरी रोटी, नान, मिस्सी या मक्का की रोटी पसंद करते हैं। इनमें से तंदूरी रोटी होटल और रेस्टोरेंट्स की जान होती है। तंदूर में पकी, कोयले की महक से भरी और बटर में डूबी हुई। पर यही स्वादिष्ट दिखने वाली रोटी आपकी सेहत के लिए कितनी खतरनाक है, यह शायद आप नहीं जानते।

**तंदूरी रोटी की सच्चाई-** होटलों में मिलने वाली ज्यादातर तंदूरी रोटियां गेहूं से नहीं, बल्कि मैदे से बनाई जाती हैं। मैदा एक अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड है, जिसमें फाइबर लगभग न के बराबर होता है और यह शरीर में जल्दी शुगर में बदल जाता है। एक तंदूरी रोटी में औसतन 110 से 150 कैलोरी होती है, यानी यह वजन बढ़ाने और ब्लड शुगर असंतुलित करने दोनों में योगदान देती है।


**ब्लड शुगर लेवल बढ़ाती है-** तंदूरी रोटी में इस्तेमाल किया गया मैदा हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला होता है, जो शरीर में ब्लड शुगर को बहुत तेजी से बढ़ाता है। लगातार इसका सेवन करने से शरीर में इंसुलिन रेसिस्टेंस बढ़ सकता है और डायबिटीज का खतरा कई गुना तक बढ़ जाता है। अगर किसी व्यक्ति को पहले से शुगर की समस्या है, तो उसे तंदूरी रोटी से पूरी तरह परहेज़ करना चाहिए। वहीं स्वस्थ लोग भी इसे कभी-कभार ही सीमित मात्रा में खाएं, वरना लंबे समय में यह भी ब्लड शुगर असंतुलित कर सकती है।

**दिल की सेहत के लिए हानिकारक-** मैदा से बनी तंदूरी रोटी आपके हार्ट के लिए बिल्कुल हेल्दी नहीं होती। इसमें मौजूद रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट्स शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (स्र्ब्रु) को बढ़ाते हैं, जिससे ब्लड वेसल्स में ब्लॉकेज, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप पहले से हृदय रोगी हैं या आपके परिवार में किसी को हार्ट की समस्या रही है, तो तंदूरी रोटी का सेवन आपके लिए बेहद जोखिम भरा हो सकता है। बेहतर होगा कि आप इसके स्थान पर गेहूं की तवा रोटी या मल्टीग्रेन रोटी को अपनी थाली में शामिल करें।

**वजन बढ़ाने में योगदान देती है-** तंदूरी रोटी में कैलोरी की मात्रा काफी अधिक होती है, खासकर जब उस पर बटर या घी की परत लगाई जाती है। यह संयोजन स्वादिष्ट तो लगता है, लेकिन शरीर के लिए वजन बढ़ाने वाला कॉम्बिनेशन साबित होता है। नियमित रूप से तंदूरी रोटी खाने से पेट और कमर के आसपास चर्बी जमा होने लगती है, जिससे मोटापा, हाई कोलेस्ट्रॉल और अन्य मेटाबॉलिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए अगर आप फिट रहना चाहते हैं, तो तंदूरी रोटी को केवल कभी-कभार ही स्वाद के लिए खाएं, न कि रोज़मर्रा के भोजन का हिस्सा बनाएं।

**पाचन पर बुरा असर-** तंदूरी रोटी में इस्तेमाल होने वाला मैदा फाइबर रहित होता है, जिसके कारण यह कब्ज, गैस और पेट फूलने जैसी समस्याओं को बढ़ा देता है। फाइबर की कमी के चलते यह रोटी पचने में अधिक समय लेती है और पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव डालती है। इसके अलावा, तंदूर में कोयले की आग पर पकाने के दौरान कार्सिनोजेनिक तत्व भी बनते हैं, जो लंबे समय में शरीर के लिए बेहद हानिकारक हो सकते हैं। लगातार ऐसी रोटियों का सेवन करने से पाचन तंत्र कमजोर होता है और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। रोटी के बिना नहीं रह सकते, तो इन विकल्पों को अपनाएं गेहूं या मल्टीग्रेन आटे की तंदूरी रोटी बनवाएं। बिना बटर वाली रोटी लें।

# ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखते हैं ये फूड्स



गलत खान-पान, खराब लाइफस्टाइल और ज्यादा तनाव के चलते हाई बीपी की समस्या आजकल आम हो गई है। ब्लड प्रेशर 120/80 तक नॉर्मल, 140/90 तक हो तो प्री हाइपरटेंसिव और 140/90 से ऊपर की रीडिंग को हाइपरटेंसिंव माना जाता है। यदि हाई ब्लड प्रेशर को समय रहते कंट्रोल में न किया जाए तो हार्ट अटैक का खतरा रहता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए रुटीन में फिजिकल एक्टिविटी के अलावा आपको डाइट पर भी ध्यान देना चाहिए। हम आपको 5 ऐसे फूड्स बताते हैं जिनका सेवन करने से ब्लड प्रेशर नैचुरली कंट्रोल रहेगा। आइए जानते हैं।

**दही**

दही में मैग्नीशियम, पौटेशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं जो हार्ट के लिए फायदेमंद होते हैं। रोजाना एक कप बिना चीनी वाले दही को आप डाइट में शामिल कर सकते हैं। दही में फ्रूट्स, कुछ सीड्स मिलाकर आप इसका सेवन कर सकते हैं।

**बेरीज**

स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी में एंथोसाइनिन नाम का एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह ब्लड प्रेशर का स्तर कम करने में मदद करता है। ऐसे में इन्हें डाइट में आप शामिल कर सकते हैं।

**चुकंदर**

चुकंदर में नाइट्रेट की मात्रा पाई जाती है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके अलावा चुकंदर ब्लड वेसल्स को आराम देने में भी मदद करता है इसका सेवन करने से आर्टरीज पर ज्यादा जोर नहीं पड़ता और ब्लड फ्लो भी अच्छे सो हो पाता है। सलाद, साइड डिश, जूस या स्मूदी में डालकर आप इसका सेवन कर सकते हैं।

**शकरकंदी**

इसमें मैग्नीशियम, पौटेशियम और फाइबर मौजूद होता है। यह शरीर को एनर्जेटिक और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करती है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करता है। शकरकंदी का सेवन करने से हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां**

पालक, बंदगोभी, केल, कोलार्ड ग्रीन जैसी सब्जियां भी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करेगी। पालक में पाया जाने वाला नाइट्रेट खून की धमनियों की जकड़न दूर करके ब्लड प्रेशर नॉर्मल रखने में मदद करता है। सूप, सलाद या फिर सब्जी के तौर पर इन सब का सेवन आप कर सकते हैं।

# 30 दिन चावल न खाएं, फिर देखें क्या कमाल होगा?



अगर आप 30 दिनों तक चावल नहीं खाते, तो आपके शरीर पर कई सकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं इन फायदों के बारे में। **वजन कम करने में मददगार :** अगर आप एक महीने तक चावल का सेवन नहीं करते हैं, तो आपके शरीर में कैलोरी की मात्रा कम हो जाएगी। इससे आपका वजन धीरे-धीरे कम होने लगेगा। डायटीशियन भी मानते हैं कि चावल से बनी चीजें न खाने पर वजन घट सकता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद :** चावल में स्टार्च की अधिकता होती है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकती है। उच्च कोलेस्ट्रॉल हार्ट बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए, अगर आप अपने दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो चावल का सेवन कम करें।

**शुगर लेवल रहेगा कंट्रोल :** चावल न खाने से आपका ब्लड शुगर लेवल सामान्य रूप से बना रह सकता है। हालांकि, यह तब संभव है जब आप कार्बोहाइड्रेट से भरपूर अन्य खाद्य पदार्थों का भी सेवन न करें।

**डाइजेशन सिस्टम मजबूत होगा :** चावल में फाइबर की कमी होती है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके स्थान पर, अगर आप फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करते हैं, तो आपके डाइजेशन सिस्टम को मजबूती मिलेगी।

**ध्यान रखने योग्य बातें :** 1. पोषण की कमी से बचें अगर आप चावल नहीं खा रहे हैं, तो अन्य फूड आइटम्स को अपनी डाइट में शामिल करें ताकि पोषक तत्वों की कमी न हो। 2. चावल को पूरी तरह न छोड़ें चावल का सेवन आप सीमित मात्रा में कर सकते हैं। 3. हर किसी का शरीर अलग होता है, इसलिए अपनी डाइट को लेकर डॉक्टर से सलाह जरूर लें। चावल न खाने से आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। वजन कम करने, हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाने और शुगर लेवल को नियंत्रित करने में यह मददगार हो सकता है। हालांकि, हमेशा अपनी सेहत और शरीर की जरूरतों का ध्यान रखें। 30 दिनों के लिए चावल को अपने आहार से बाहर करने का प्रयास करें और फिर देखिए, आपके शरीर में क्या कमाल होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे शुक्ल पक्षे, तृतीया तिथौ शुक्र वासरे 25/20/ अनुराधा नक्षत्रे 30/04 सौभाग्य योग 29/55/ तैतिल करणे 12/04/ वृश्चिक राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** सूर्य स्वाती नक्षत्र में घं. 06 मि.40 पर। हिजरी जमादि उल अव्वल 5 माह शुरू

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायी पूरे होंगे।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा। शान्ति से काम करें।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा। यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** संदेह और संकोच नष्ट होंगे। नवीन योजना के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होगा।

**धनु :** कामों में गलतियां खोजी जा सकती हैं। भविष्य का मार्ग स्पष्ट होगा। किसी घटना चक्र के कारण जिम्मेदरी बढ़ेगी।

**मकर :** व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय तथा संतान संबंधी समस्याएं महत्वपूर्ण होंगी।

**कुंभ :** अनुमान से अधिक खर्च होगा। परिश्रम बढ़ेगा। विरोधियों और अवरोधों की प्रधानता रहेगी। निकट संबंधियों से प्रेम करें।

**मीन :** सामाजिक परिवर्तनों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। विविध सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की तत्परता बढ़ेगी।

## खबर एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के दोस्तपुर गांव में परिजनों की ना मौजूदगी में युवक ने कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका कर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार दोस्तपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव गमछा के सहारे लटकता मिलने से परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। दोस्तपुर निवासी रमेश कुमार व उनकी 8 वर्षीय बहन पल्लवी घर पर थी। गुरुवार की सुबह घर के कमरे के अंदर कुंडी से अंगोछा के सहारे उसका भाई लटक रहा था। इतना देखते ही व बाहर सबको बुलाने चली गई, जब तक पास पड़ोस के लोग इकट्ठा होते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत से पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल, मृतक की शादी के अभी महज एक साल भी नहीं हुए थेए मृतक की पत्नी किसी काम से रिश्तेदारों गई हुई थी। उसे क्या मालूम था कि उसके जाने के बाद उसे उसके पति के मौत की जानकारी मिलेगी। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टियां आत्महत्या का मामला लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा।

### दो बाईकों में आमने सामने से टक्कर, तीन युवक गम्भीर रूप से घायल

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के खीरों गुरूबक्सगंज मार्ग पर राधास्वामी सत्संग व्यास आश्रम के पास बीती 19 अक्टूबर को दो बाईकों में आमने सामने हुई टक्कर में दो सगे भाई सहित तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों सगे भाइयों को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों के चचेरे भाई ने खीरों थाने में अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। मदनापुर निवासी शुभम् मिश्रा पुत्र जमुना सागर मिश्रा ने खीरों थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मेरे चचेरे भाई अरुण मिश्रा, अजीत मिश्रा पुत्रगण शिवसागर मिश्रा बीती 19 अक्टूबर की शाम को बाइक द्वारा लखनऊ से घर वापस लौट रहे थे। तभी खीरों गुरूबक्सगंज मार्ग पर राधास्वामी सत्संग व्यास आश्रम के पास अज्ञात बाइक चालक ने नशे में धुत होकर गलत दिशा में तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुए सामने से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर दी। जिससे अरुण और अजीत दोनों भाई गम्भीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी खीरों पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों भाइयों अरुण और अजीत को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना से संबंधित तहरीर मिली है। अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### पटाखा फटने से जख्मी हुआ युवक, जेब में रक्खे था पटाखा

**डलमऊ रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार शाम को बरारा चौराहे के पास उधनपुर गांव के पास वाहन सवार एक युवक पहुंचा था तभी जोरदार धमाका होने से युवक का पैर बुरी तरीके से जख्मी हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार माधवपुर गांव निवासी सत्यम साहू बरारा से वापस अपने घर जा रहा था तभी उसकी जेब में रखा विस्फोटक ब्लास्ट हो गया जिससे उसकी बाई टांग में काफी चोट लगी। जिला अस्पताल रायबरेली में उसका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी दयानंद तिवारी ने युवक की पुष्टि करते हुए बताया कि जख्मी युवक माधव पुर गांव का निवासी है जिसका नाम सत्यम साहू पुत्र नंदकिशोर है जो पटाखा खरीद कर वापस अपने घर जा रहा था तभी उसकी जेब में रखा पटाखा फट गया जिससे वह बुरी तरीके से जख्मी हो गया।

### अनुपम का टिकट काटा जाना युवाओं के साथ छल-गोविंद

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव और रायबरेली सेंट्रल बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री एडवोकेट गोविंद चौहान ने बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि बिहार की सुपौल विधानसभा से युवा हल्ला बोल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम को कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद नामांकन करने के अंतिम दिन उनका टिकट काटा जाना निंदनीय है। इससे पूरे बिहार में आक्रोश है और युवाओं के बीच बेरोजगारों के बीच और आम जनमानस के बीच काम करने वाले अनुपम के साथ कांग्रेस पार्टी के द्वारा जो इस तरह का कृति किया गया है उससे आम जनमानस में रोष है। जिस तरह से वैचारिक बदलाव के पथ पर चलते हुए अनुपम के द्वारा पूर्व के वर्षों में किए गए कुछ ट्वीट्स का हवाला देते हुए उनके टिकट को काटा गया उससे पूरे बिहार प्रदेश के युवाओं में निराशा छाई है और कांग्रेस पार्टी के प्रति रोष है, इसके दुष्परिणाम विधानसभा चुनाव में भी दिख सकते हैं। अनुपम मूल रूप से बिहार के सुपौल विधानसभा के ही रहने वाले हैं और उनका प्रत्याशी के रूप में चयन स्वयं राहुल गांधी ने और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन लड़के और बिहार के प्रभारी अल्लावारु ने ही किया था। अब यह देखने कब से है की टिकट कटने के बाद उन लोगों का अनुपम के प्रति क्या विश्वास बना रहता है या नहीं।

### मानक के विपरीत व्यवसायिक भवनों के निर्माण का जिम्मेदार कौन

**रायबरेली।** शहर में कार्मशियल कामप्लेक्स व अपार्टमेन्ट बनाने वाले बिल्डरो के साथ रायबरेली विकास प्राधिकरण कें जिम्मेदारो की सांठ-गांठ के खुलासे किये जाये तो महीनो लग जायेगे आरडीए की एक सीमा सें दूसरी सीमा तक बिल्डिंग निर्माणों में खेल ही खेल है। कानपुर रोड का राजघाट क्षेत्र अभिलेखो में बतौर ग्रीन बेल्ट दर्ज है। राजघाट से लेकर गोरा बाजार, सारस चौराहे से डिडौली पुल तक त्रिपुला सें लेकर शहर कें गली कूचो में मानक मानचित्र की धज्जिया रा0वि0प्रा0 की खाऊ कमाऊ नीति उडवा रही है। रा0वि0प्रा0 बिल्डरो से सांठ.गांठ कर मोटी मलाई खा रहा है। बिल्डर कामिर्शियल कामप्लेक्स निर्माण कें लिये भूस्वामी की ओर से मानचित्र तीन हजार रूपये शुल्क सहित जमां करा देता है। 6 जोन में बटें विकास प्राधिकरण के सम्बन्धित जिम्मेदार निश्चित सुविधा शुल्क लेकर काम शुरू करा देते है। भवन स्वामी को नोटिस जारी कर अभियन्ता अपनी गर्दन बचा लेते है। नोटिस और उसके जवाब का खेल निर्माण पूरा होने तक अनवरत चलता रहता है। निर्माण के बाद राजस्व बढाने कें नाम पर शमन कार्यवाही कर भवन स्वामी सें शमन शुक्ल जमां करा अवैध निर्माण का वैध निर्माण में परिवर्तित करने का हथकण्डा अपनाते है। मानचित्र के खेल के साथ बिल्डरो को रा0वि0प्रा0 लाभ के बदले में कमाई करता है। दूसरी तरफ लोबेसमेन्ट के नाम पर गहरे बेसमेन्ट का निर्माण भी ज्यादातर भवनो में हो रहा है। रा0वि0प्रा0 की ढुल.मुल नीति से शहर कें एक व्यवसायिक कीमती मार्ग पर कई व्यवसायिक भवन मानचित्र की स्वीकृति के बिना निर्मित हो गये। उन पर अभी तक कोई कार्यवाही नही हुयी हैं। व्यवसायिक भवनो में हर सड़क गली में जिस तरह की खुले आम धांधली चल रही है। उसकी अनदेखी किसी दिन बहुत भारी पडने् की आशंका से इन्कार नही किया जा सकता कारण बेसमेण्ट के साथ निर्मित होने वाले भवनो के ध्वस्तीकरण के पूर्व अगल.बगल के पुराने कमजोर मकानो में यदि कोई हादसा हो जाये तो उसकी जिम्मेदारी किस पर होगी। यह निष्चित नही है। धन हानि की वापसी संमत है पर जनहानि की भरपाई कैसे की जायेगी यह सोचने का विषय है। रा0वि0प्रा0 की नियम कायदो का पालन करते हुये बिल्डरो को भवन निर्माण की जिस तरह छूट दी जा रही है। बह धीरे.धीरे पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले चुकी है।

## धरातल पर विकास की तस्वीर उकेरने वाले मनरेगा कर्मियों के हाल बदहाल

**न सुरक्षा न सम्मान, त्यौहारों पर नहीं मिल पाता मानदेय, भविष्य भी असुरक्षित!**

**मनरेगा कर्मियों के दयनीय हालात के जिम्मेदारों के नही पसीजते दिल, छुट्टी मे भी लगा देते हैं ड्यूटी!**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** ग्रामीण क्षेत्रों में गारंटी के साथ रोजगार उपलब्ध कराने व गरीबी कम करने के मकसद से तैयार की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के माध्यम से धरातल विकास की तस्वीर उकेरने वाले मनरेगा कर्मी आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। मनरेगा कर्मी मजदूरों का जॉब कार्ड बनवाते हैं, मस्टर रोल तैयार करते हैं, काम की निगरानी करते हैंए रिपोर्ट और भुगतान का पूरा डेटा संभालते हैं, यहाँ तक कि मनरेगा के अलावा अन्य कार्यों मे भी सक्रिय भागीदारी करते हैं लेकिन आज तक न तो यह कर्मी स्थायी हुये और न ही इन्हे उचित मानदेय दिया जा सका। मानदेय मे वृद्धि करना तो दूर की कौड़ी है, इन्हे नियमित मानदेय नहीं मिल पाता। दुखद और चिन्तनीय यह है की इन कर्मचारियों को कई बार त्योहारों पर भी मानदेय नही मिल पाता। मनरेगा कर्मियों की इस साल की दीवाली भी बिना मानदेय के हुई है। मनरेगा कर्मियों के घुट.घुट कर जीने के पीछे वह प्रशासनिक मशीनरी है जो इन्हे अवकाश के दिनो मे भी काम पर लगा देती है। जिला और विकास खण्ड स्तर पर कर्मियों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जाना, मानदेय वितरण में देरीए फंड की कमी और अधिकारियों की उदासीनता ने कर्मियों का मनोबल तोड़ दिया है। सरकार की ओर से कोई स्पष्ट सेवा नियमावली या स्थायी नीति न होने के कारण इन कर्मियों को अपना भविष्य भी असुरक्षित नजर आता है। मनरेगा रोजगार सेवकों के जिलाध्यक्ष केएस दीक्षित ने कहा कि वे सरकार से कर्मचारियों के लिए समय पर मानदेय भुगतान, सम्मान व सेवा में स्थिरता की माँग करते हैं। उन्होने कहा कि मनरेगा कर्मियों को स्थायी दर्जा देकर उचित वेतन और सामाजिक सुरक्षा दी जाय। कार्य के अनुसार मानदेय वृद्धि और भत्ता प्रणाली लागू की जाय। समय पर मानदेय भुगतान की गारंटी सुनिश्चित की जाय। मनरेगा कर्मियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए ब्लॉक व जिला स्तर पर अलग सेल बनाया जाय। मनरेगा कर्मियों के कार्य की बदौलत गाँवों में लोगों को रोजगार मिल रहा है, लेकिन जब ऐसे कर्मी उपेक्षा, असुरक्षा और अन्याय का शिकार हो रहे हों, तो यह केवल एक वर्ग की नहीं बल्कि पूरे ग्रामीण भारत की हार है।

## चेयरमैन सरिता गुप्ता ने की गोवर्धन पूजा पर कान्हा गौशाला में गोवंशों की पूजा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** नगर पंचायत चेयरमैन सरिता गुप्ता और ब्रांड एम्बेस्डर स्वच्छ भारत मिशन दीपेंद्र कुमार गुप्ता ने गोवर्धन पूजा पर ग्राम चांदा स्थित कान्हा गौशाला मे गोवंशो की पूजा की। साथ ही गौशाला की व्यवस्थाओ एवं भूसा, चोकर व अन्य पशु आहार भण्डारण का निरीक्षण किया गया और गौवंशों के रख रखाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चेयरमैन सरिता गुप्ता ने कहा कि गाय की सेवा अनादिकाल से की जा रही है। स्वयं भगवान विष्णु ने भी अपने कृष्ण अवतार मे गायों की सेवा की है। गायों की सेवा ईश्वर की सेवा है। हम सभी को गायों की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर शिव सागर चौधरी गौसेवक, कुलदीप सेठ, लिपिक वीरेंद्र कुमार यादव, रितिज़ मिश्रा, शिवम् सोनी, गौशाला कर्मचारी उमेश यादव, कुलदीप यादव, रामसाजीवन मौर्या, संतोष यादव, आकाश, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## घर-घर नहीं पहुंच रहे मीटर रीडर, मनमानी बना रहे बिल

**विद्युत बिल न जमा होने की स्थिति में विभागीय कार्यवाही से कटते कनेक्शन**

**बिल बता कर जागरूक नहीं कर रहा विभाग, नियम कानून के चक्कर में फंसे उपभोक्ता**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** तहसील क्षेत्र कई ऐसे गांव हैं जहां पर विद्युत विभाग की उदासीनता के कारण उपभोक्ताओं के सामने समस्या हावी होती नजर आ रही। खासकर पूरे कोइली, जोहवा नटकी, पूरे लोहारन, लक्ष्मणगंज, पूरे डिहवा, खेमनिया का पुरवा, तिलंगा पुरवा, पूरे हन्नु, पूरे गौतमन आदि अन्य गांव में बीते कई माह से मीटर रीडर बिलिंग करने नहीं पहुंच रहे हैं। इसके कारण उपभोक्ता परेशान अफसर शाही इस कदर हावी है कि जिम्मेदार उपभोक्ताओं से स्वयं मीटर के वीडियो बनाकर विद्युत केंद्र पर बुला रहे हैं। उपरोक्त गांव के निवासी रमेश यादव, सोमनाथ यादव, अशोक कुमार, श्रीपाल, प्रदीप कुमार, मनोज यादव सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि मीटर रीडर गांव में बिल बनाने नहीं आते जिससे उपभोक्ताओं को स्पष्ट नहीं हो पता की महिनवारी कितना बिल जमा करना है। सबसे बड़ी मुसीबत का सबक इन उपभोक्ताओं के लिए तब हो जाता है जब विभाग अपने पूरे लव लस्कर के साथ बिल न जमा होने की स्थिति में कनेक्शन काटने के लिए पहुंच जाता है। उपभोक्ताओं का मानना है कि अगर समय-समय पर मीटर रीडर बिल घर-घर पहुंचा दे तो महीने के महीने बिल जमा करने में आसानी होती है और जब बिल ज्यादा हो जाता है तो विभाग असूली के लिए गांव गांव पहुंचता और बिल ज्यादा होने की स्थिति में आर्थिक तंगी का शिकार उपभोक्ता अपना बिल जमा नहीं कर पाते। जिससे उनका कनेक्शन काट दिया जाता है। यही नहीं बिजली बिल में गड़बड़ी के मामले भी प्रकाश में आते रहते है। सूत्रों के मुताबिक विभाग के निचले स्तर के कर्मचारियों में सेटिंग का खेल जमकर चल रहा है उपभोक्ताओं के मीटर में अगर कोई गड़बड़ी है तो सुविधा शुल्क का खेल शुरू हो जाता है।

> 1 तारीख से कैंप लगाकर बिलिंग शुरू होगी। 2 महीने के अंदर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। कई बड़े गांव में स्मार्ट मीटर लगा चुके हैं जहां नहीं लगे वहां बहुत ही जल्द लगवाने का कार्य किया जाएगा और बिलिंग की समस्या से ग्रामीणों को छुटकारा मिल जाएगा।
>
> **मुकेश कुमार**
> **अवर अभियंता विद्युत विभाग कठगर**

## आरेडिका की खेल अधिकारी सुधा सिंह राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार चयन समिति में सदस्य नामित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की विशेष खेल अधिकरी और ओलंपियन एवं पद्मश्री विभूषित सुधा सिंह को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड चयन समिति में बतौर सदस्य नामित किया है। सुधा सिंह के मनोनयन पर जनपद के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को तीन तरह के पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें अरुणा एवं मेजर ध्यानचंद अवार्ड, राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड एवं द्रोणाचार्य अवार्ड शामिल हैं। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ़इंडिया के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू द्वारा जारी किए गए परिपत्र के अनुसार ओलंपियन सुधा सिंह को राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड की चयन समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस कमेटी में अध्यक्ष के अतिरिक्त चार सदस्य नामित किए गए हैं। प्रतिष्ठित राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड की चयन समिति में नामित होने पर आरेडिका जीएम पीके मिश्रा, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, महामंत्री अनिल मिश्रा यूथ एक्टिविटी फोरम के अध्यक्ष अमर द्विवेदी, महामंत्री सुधीर द्विवेदी, बैडमिंटन संघ के जिलाध्यक्ष विनोद शुक्ला, सामाजिक कार्यकर्ता गौरव अवस्थी, मुन्नालाल साहू, अजय सिंह चंदेल, लक्ष्मीकांत शुक्ला, रोटरी क्लब के राजीव भार्गव आदि ने खुशी जाहिर की है।

## अवैध शराब बरामद, 300 किलो महुआ लहन नष्ट



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन एवं उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के मार्गदर्शन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अखिलेश कुमार की टीम द्वारा थाना गुरुबख्शगंज के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर एवं आशाराम का पुरवा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान टीम को कच्ची शराब बनाने के अड्डों, संदिग्ध घरों एवं ढाबों पर अवैध गतिविधियाँ संचालित मिलीं। कार्यवाही के दौरान 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु ऐसी कार्यवाहियाँ आगे भी सतत रूप से जारी रहेंगी।

## खेलने से सुधरता है स्वास्थ्य, बढ़ता है आत्मविश्वास, खत्म हो जाता है तनाव

**बथुवा क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के समापन पर बोले पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह**

**खेलों के लिए समर्पित शख्सियतों को सम्मानित करने की चल रही तैयारी, बढ़ेगी खेलों मे रुचि**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** खेल खेलने से खिलाड़ी का शरीर और मन तो मजबूत होता ही है, तनाव खत्म हो जाता है और खुद की ताकत व आत्म विश्वास बढ़ जाता है। सताँव ब्लॉक के बथुवा गाँव मे क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन के समापन के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुये पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि खेल से मानसिक चिन्तन बढ़ता है तो खिलाड़ी का शैक्षिक फायदा होता है। आपसी प्रेम व्यवहार बढ़ता है तो खिलाड़ी का सामाजिक दायरा बढ़ता है। खेल मस्तिष्क को तनाव मुक्त कर देता है, जिससे बेहतर टीम वर्क और सीखने की क्षमता विकसित होती है। उल्लेखनीय है कि सताँव के बथुवा गाँव मे धनतेरस के दिन एक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ धनतेरस के दिन पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने ही किया था। प्रतियोगिता में विभिन्न लीग मैचों के बाद फाइनल मैच खेला गया। फाइनल की विनर व रनर टीम को पुरस्कार देने भी उमेश सिंह ही पहुँचे। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि बथुवा मे सम्पन्न हुई क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों और खिलाड़ियों ने न केवल खेल भावना को नई ऊँचाइयाँ दींए अपितु युवाओं में अनुशासन, एकता और सहयोग की नायाब मिसाल भी पेश की है। उमेश सिंह ने कहा कि खेल के प्रति किसी न तरह से समर्पित लोगों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित करने की योजना बनाई जा रही है। कोशिश होगी कि सताँव ब्लॉक की प्रत्येक पंचायत से पाँच लोगो को सम्मानित किया जाय। उन्होने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और बेहतर खेल आयोजन करने के लिए वे तन, मन और धन से हर समय सहयोग को तत्पर हैं। उमेश सिंह ने बथुवा क्रिकेट लीग के सफल आयोजन के लिए समिति खासकर अनूप चौधरी को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व प्रमुख के साथ रामू सिंह, नन्दू, सुन्दरम सिंह आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक आयोजनों में बाजपेई पुर गांव की पहचान, 23 साल से हो रहा आयोजन

**उरई और कानपुर के बीच साहित्यिक कार्यक्रम में रही कांटे की टक्कर, बराबरी पर छूटा मामला**

**रघुवीर धाम के अध्यक्ष रमेश दीक्षित की पत्नी को दी गई श्रद्धांजलि, दो मिनट का रहा मौन**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली।** बीते दिन ग्राम सभा सोंडासी के बाजपेईपुर गांव में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन 4 साल बाद पुनः किया गया जहां हजारों की संख्या में श्रोताओं ने पूरी रात आनंदमई कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। पिछले 23 साल से बाजपेई पुर गांव में दीपावली के दूसरे दिन कीर्तन का आयोजन बड़े मंच पर आयोजित होता चला आ रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने में आयोजक की भूमिका के नेतृत्व में पैतृक गांव बाजपेई पुर के निवासी संजय अवस्थी की अगुवाई में कीर्तन आयोजन का कार्यक्रम इस साल भी सफल रहा। कीर्तन जगत के प्रसिद्ध कलाकार राखी आजाद उरई और लाल मन चंचल कानपुर के बीच इतिहास के पन्नों को टटोलते हुए शानदार प्रस्तुति के द्वंद गाए गए किंतु कांटे के टक्कर के बीच दोनों कलाकारों में से किसी का पलड़ा अपनी जीत सुनिश्चित करने में नाकाम रहा। अंततः कांटे के टक्कर के बीच दोनों कलाकारों के बीच मामला बराबरी पर छूटा। बाजपेई पुर गांव के शीतला धाम में आयोजित यह कार्यक्रम स्वर्गीय पं चंद्रकांत त्रिपाठी की याद में श्रद्धांजलि के रूप में आयोजित किया गया। पिछले 4 सालों से किसी कारण बस यह आयोजन नहीं हो रहा था जो क्षेत्रीय कीर्तन प्रेमियों के जुबान पर चर्चा का विषय दीपावली के दूसरे दिन बन जाता था पर इस बार के आयोजन से कीर्तन प्रेमियों की उम्मीद फिर जाग गई। इस आयोजन में संपूर्ण जनपद के साथ कई अन्य जनपदों से भी कीर्तन प्रेमी चलकर यहां कीर्तन का लुफ्त उठाने आते हैं। बाजपेई पुर गांव संपूर्ण जनपद में धार्मिक और साहित्यिक आयोजन के लिए जाना व पहचाना जाता है वही कार्यक्रम शुरू होने से पहले रघुवीर धाम के अध्यक्ष व समाजसेवी रमेश दीक्षित की स्वर्गीय पत्नी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र त्रिवेदी के द्वारा किया गया। इस मौके पर कीर्तन जगत के नामचीन चेहरे सुशील दिनकर इलाहाबाद, सोहन बैरागी, उमेश आदर्श, लेखपाल शाश्वत त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, विशंभर मिश्रा, नवलकिशोर, समाजसेवी राजेश त्रिवेदी, दुर्गा शंकर लेखपाल, महेश दीक्षित, राजकुमार बाजपेई, नमः शिवाय, विकास बाजपेई, वरिष्ठ पत्रकार राजेश यादव, कोटेदार विजय सोनकर, राज्जन शुक्ला, मनीष यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री, पूर्व प्रधान राकेश त्रिवेदी, राजाराम माली, दयाशंकर वर्मा आदि हजारों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** हरचंदपुर कस्बा के जनपद इंटर कॉलेज में गुरुवार से तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस आचार्य अशोक चंद्र त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गौरी गणेश की स्थापना कराई गई। वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी और संजय सिंह ने सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड संपन्न होने के बाद शिव परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से हवन और आरती की। शिव परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संत सम्मेलन में जगदगुरु रामानंदाचार्य, कामदगिरि पीठाधीश्वर स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम, मानस आलोक राघव किंकर जी महाराज झीझक कानपुर, मानस मार्तंड अनूप शास्त्री कामदगिरि पीठ चित्रकूट धाम, मानस पीयूषा सुश्री आस्था दुबे जबलपुर मध्य प्रदेश, मंच संचालक डॉक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी प्रतापगढ़, पंडित गौरी शंकर शुक्ल, मानस वक्ता संजय सिंह के द्वारा राम कथा सुनाई जायेंगी। इस अवसर आचार्य अशोक त्रिपाठी, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, आशीष अवस्थी, डॉ हरिकृष्ण द्विवेदी, तिलकधारी सिंह, डॉ करुणेश त्रिपाठी, संगम लाल सोनी, मनोज मिश्र, विक्रम चौरसिया, शिवम शुक्ल, बाबा आलोक सिंह, अनूप अवस्थीए सौरभ अवस्थी, मीडिया क्लब के महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता व मनीष अवस्थी, सचिव मन मोहन तिवारी, गौरव कौशल, आदित्य बाजपेई आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# भीषण आग से तीन घर हुए जलकर राख

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र स्थित हसनपुर टांडा गांव में आज दोपहर भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में तीन घर जलकर राख हो गए और एक तीन वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई।जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी नेपाल सिंह के छप्परनुमा घर में अज्ञात कारणों से आग लगी। ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे, तभी घर में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाके के कारण आग की लपटें तेजी से नेपाल सिंह के बेटों विद्या प्रसाद और अमर सिंह के घरों तक फैल गईं, जिससे तीनों घर पूरी तरह जल गए।अग्निकांड के दौरान विद्या प्रसाद की तीन वर्षीय बेटी अनस्या घर के अंदर मौजूद थी। वह आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर बच्ची को बाहर निकाला और तत्काल फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक तीनों परिवारों का अनाज, कपड़े, बर्तन, नगदी और नेपाल सिंह की चार बकरियां सहित सब कुछ जलकर राख हो चुका था।घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार हैदरअली ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। बाद में नायब तहसीलदार अंकिता पांडेय ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बच्ची का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन करने के लिए लेखपाल को निर्देश दिए गए हैं और पीड़ित परिवारों को जल्द ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। स्थानीय लोगों ने प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत सामग्री और आवासीय सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## भाई व भतीजों ने मिलकर युवक को पीटा

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली मे सगे भाई एव भतीजो ने मिल कर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी पीड़ित युवक ने भाई एव भतीजो के विरूद्ध थाना सफदरगंज मे मुकदमा दर्ज कराया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली के कुरैशी मोहल्ला निवासी जाकिर पुत्र गोगे पर बीती रात्रि सगे भाई जाबिर पुत्र गोगे व उसके लड़के नूर आलम, नसरे आलम, शाह आलम शराब के नशे में उसके घर पर आकर गंदी गंदी गलियां देने लगे जिसकी सूचना जाकिर ने डायल 112 को सूचना दी पुलिस को देख हमलावर भाग गये पुलिस के जाने के बाद रात करीब 2 बजे, जाबिर अपने पुत्रो के साथ मिलकर फिर से लाठी-डंडे से जाकिर के दरवाजे पर आ कर गाली गलोच करने लगे। जाकिर के विरोध पर दबँग भतीजो एव भाई ने लाठी डंडे से प्रहार कर दिया। जिसमे जाकिर के सिर एव हाथ मे काफी चोट लग गयी जाकिर के शोर मचाने पर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये जिन्हे देख हमलावर जाकिर को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जाकिर ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# तेज रफ्तार ने ली दो युवकों की जान

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** जिले में बुधवार की देर शाम सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के वहावपुर गांव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 20 वर्षीय अमन कुमार की मौत हो गई, जबकि उसका साथी वीरू गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खदरा निवासी हंशराज का पुत्र अमन कुमार बुधवार को अपने गांव के ही वीरू पुत्र नगेशर के साथ कहीं गया था। देर शाम दोनों बाइक से लौट रहे थे, तभी सिहालीदृसुर्?यामऊ मार्ग पर वहावपुर पंचायत भवन के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर उन्हें जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया, जबकि वीरू का इलाज जारी है। अमन की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उधर, बुधवार शाम करीब चार बजे बहराइचदृबाराबंकी हाईवे पर रामनगर थाना क्षेत्र के नचना गांव के पास रोडवेज बस की टक्कर से सआदतगंज निवासी 33 वर्षीय मो. रिजवान पुत्र नसीर की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल रिजवान को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि रिजवान चूड़ी का थोक व्यापारी था और अपने काम से कहीं जा रहा था। दोनों हादसों के बाद मृतकों के घरों में मातम छाया है, वहीं पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** नगर पंचायत रामनगर मे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कस्बा के मोहल्ला धमेड़ी एक निवासी लक्ष्मी नारायण शुक्ला के द्वारा चार धाम की यात्रा सकुशल संपन्न होने के उपलक्ष में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बृहस्पतिवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। यात्रा में शामिल सैकड़ो महिलाएं व युवतियां सर पर कलश रखकर पदयात्रा करते हुए कस्बे के भ्रमण करते हुए सरयू नदी के तट पर जाकर कलशों में नदी का पावन जल भरकर पुनः वापस होकर पूजा स्थल पर पहुंची जहां पर आचार्य शिवानंद जी महाराज पुजारी श्री राम मंदिर अयोध्या व कथा व्यास वैष्णवाचार्य स्वामी अप्रमेय प्रपन्नाचार्य महाराज प्रयागराज द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापना कर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत की गयी। कथा में लवलेश शुक्ला उमेश पांडेय सभासद शुभम जायसवाल कृष्णा शुक्ल धीरू मुकेश शुक्ला कमलापति तिवारी आदि का सराहनीय सहयोग रहेगा।

## खबर एक नजर

### राम कथा का आयोजन आज से

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** क्षेत्र के बहुताधाम ग्राम में आगामी 24 अक्टूबर से संगीतमयी श्री राम कथा का शुभारंभ हो रहा है।आयोजक मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि गांव में नवनिर्मित श्री शनि देव मंदिर पर 24 अक्टूबर से शुरू हो रही कथा का समापन 1 नवंबर को होगा। एक दिन बाद 2 नवंबर को विशाल भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा।श्री मिश्रा ने बताया कि तिवारीपुर रायबरेली से पधारे मानस मर्मज्ञ पंडित सुबोध दास जी महाराज द्वारा श्रद्धालु लोगों को प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीतमयी श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा।

### महाविद्यालय का स्थापना दिवस आज

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** ग्राम्यांचल सेवा समिति द्वारा संचालित ग्राम्यांचल स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैदरगढ़ का 27 वां स्थापना दिवस उत्सव आगामी 24 अक्टूबर को महाविद्यालय परिसर में स्थित स्मृति उपवन में मनाया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ग्राम्या का विमोचन भी किया जाएगा ।यह जानकारी देते हुए परिवार के अध्यक्ष शरद अवस्थी ने बताया कि इस अवसर पर ग्राम्यांचल परिवार के संरक्षक रहे स्वश्‍ सुरेंद्रनाथ अवस्थी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। 11 बजे से सवा 1बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ग्राम्या का विमोचन, शिक्षा संकुल के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समापन उद्बोधन एवं अंत में महाविद्यालय कुल गीत से किया जाएगा

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी ।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार की देर रात मोटरसाइकिल के असंतुलित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बहराइच जनपद के अंबेडकर नगर निवासी रोहित पुत्र सुरेश कुमार 18 वर्ष एवं कन्हैया पुत्र बृजलाल 19 वर्ष कहीं जा रहे थे की तभी अचानक बाइक असंतुलित होकर गिर गई । जिससे दोनों घायल हो गए ।दोनों घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस द्वारा सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर उपचार के बाद रोहित को छुट्टी दे दी गई वहीं चेहरे व गले पर गंभीर चोट के चलते कन्हैया को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया

### मंगल महोत्सव का आयोजन 31 को

**स्वतंत्र भारत,**हैदरगढ़ बाराबंकी श्री रानी सती दादी जी सेवा संस्थान द्वारा आगामी 31 अक्टूबर को नारायणी मंगल महोत्सव का आयोजन सार्वजनिक विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान आयोजित होने जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षों की भांति आंवला नवमी पर्व पर आयोजित होने वाले नारायणी मंगल महोत्सव का शुभारंभ रामलीला कोठी से सार्वजनिक इंटर कॉलेज तक निकलने वाली कलश यात्रा से होगा। इसके अलावा दोपहर 12:30 से मंगल पाठ एवं उसके समापन पर कोलकाता के कलाकारों द्वारा भजन संध्या एवं नित्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा तथा देर रात गंगा आरती वाराणसी की तर्ज पर महा आरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। श्री अग्रवाल ने क्षेत्र वासियों से इस महोत्सव में श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### प्रकाश पर्व पर काव्य गोष्ठी संपन्न

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़, बाराबंकी।** प्रकाश पर्व पर नव उमंग साहित्य संस्थान की कवि गोष्ठी मंगलपुर में साधन सहकारी समिति के प्रांगण में हुई। ज्ञानेंद्र पांडेय अवधी मधुरस की अध्यक्षता व वेद प्रकाश सिंह प्रकाश के संचालन में हुई गोष्ठी के मुख्य अतिथि सन्त शरन वर्मा उमंग तथा विशिष्ट अतिथि भवानी प्रसाद तिवारी कमल रहे। संत प्रसाद जिज्ञासु की सरस्वती वंदना से शुरू कार्यक्रम में इन्द्र प्रसाद रत्नेश,हास्य व्यंग्य के कवि सुनील वाजपेयी, आकाश पाण्डेय, रंजीत बेचैन, कुमार आयुष,सौरभ वर्मा, वेद प्रकाश सिंह प्रकाश, जितेन्द्र त्रिवेदी पार्थ आदि ने प्रकाश पर्व पर विविध रसों से सराबोर रचनाएँ सुनायीं।

### कॉस्मेटिक की दुकान से हजारों की चोरी

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबकी ।** लाल कार से आए चोरों ने कपड़े व कास्मेटिक की दुकान से हजारों रुपए की नगदी के अलावा कपड़े व कॉस्मेटिक के समान पर हाथ साफ कर दिया और जाते-जाते बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। हालांकि सड़क के दूसरी ओर किसान सेवा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया ।लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली हैदरगढ़ के गोसूपुर गाँव निवासी मंजू की कपड़े व कॉस्मेटिक की दुकान हाइवे के किनारे गाँव में ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ग्राहक सेवा केंद्र के बगल में स्थित है । बीती 14/15 अक्टूबर की रात आए चोर उनकी दुकान का शटर उठाकर लगभग 3000 की नगदी के अलावा 14-15 हजार रुपए कीमत का कपड़ा एवं कॉस्मेटिक का सामान चुरा ले गए। पीड़ित महिला ने दी गई तहरीर में बताया कि उसकी दुकान के बगल में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में लगे सीसीटीवी और रोड की दूसरी ओर किसान सेवा केंद्र में लगे सीसीटीवी में दिखाई पड़ रहा है कि दो चोर लाल कलर की कार से आते है और पहले किसान सेवा केंद्र का सटर उठाने का प्रयास करते है, फिर उसकी दुकान पर आते है और चोरी करने के बाद बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ देते है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

### परम्परागत रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** रामेश्वरम शिवाला मंदिर परिसर में परंपरागत रूप से आयोजित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सीनियर व जूनियर वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 86 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल, प्रख्यात कवि रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर एवं सेवानिवृत शिक्षक सिद्धनाथ त्रिपाठी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया ।इस अवसर पर सीनियर वर्ग में विजेता सब्जी मंडी वार्ड निवासी लक्ष्मी सोनी को सम्मानित करते हुए कोतवाल अभिमन्यु वाले उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अपने कार्यकाल तक लक्ष्मी सोनी की सम्पूर्ण शिक्षा का खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की।। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्वयंसेवी संस्था लक्ष्य फाउंडेशन के स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# हैंडपंप में करंट उतरने से अधेड़ की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के मतऊ पुरवा गांव में आज दोपहर एक व्यक्ति की हैंडपंप में करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया।मृतक की पहचान लहड़रा गांव निवासी 49 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र जियालाल के रूप में हुई है। राकेश दोपहर में हैंडपंप से पानी भरने गए थे। इसी दौरान हैंडपंप में करंट फैल गया और वह उसकी चपेट में आ गए। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मृतक की पत्नी रेशमा देवी (43 वर्ष) और बेटी फूलमती (19 वर्ष) ने बताया कि घटना के समय वे भैया दूज की पूजा करने गई हुई थीं। उन्होंने बताया कि राकेश कुमार हैंडपंप चला रहे थे और मोटर में करंट उतर आने से यह हादसा हुआ।गांव के निवासी पिंटू यादव ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो राकेश जमीन पर पड़े थे। पिंटू ने उन्हें बेहोश समझकर छूने की कोशिश की, जिससे उन्हें भी करंट का झटका लगा और वह दूर जा गिरे। इसके बाद उन्हें पता चला कि राकेश को करंट लगा है।घटना की सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर वीरपाल सिंह और आरक्षी सुजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।राकेश कुमार के परिवार में पत्नी रेशमा देवी के अलावा दो बेटे अमर चंद्र (17 वर्ष), करमचंद (11 वर्ष) और बेटी फूलमती (19 वर्ष) हैं। बताया जा रहा है कि बेटी फूलमती की जल्द ही शादी होने वाली थी। गांव के लोग इस घटना से दुखी हैं और प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग कर रहे हैं।

## अखिलेश पर अभद्र टिप्पणी, शिकायत दर्ज

**स्वतंत्र भारत,फतेहपुर, बाराबंकी।** सोशल मीडिया पर नेताओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले लगातार ब?ते जा रहे हैं। लोग इसे अभिव्यक्ति की आजादी का नाम देते हैं। लेकिन साइबर क्राइम के नियमों को भूल जाते हैं। सार्वजनिक मंच पर आपको किसी की भी मानहानि करने का अधिकार अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर नहीं मिल जाता है। यही वजह है कि ऐसे लोगों के खिलाफ समय-समय पर पुलिस कार्रवाई करती है। गुरुवार को ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में समाजवादी पार्टी के निंदूरा ब्लॉक अध्यक्ष राम प्रकाश रावत ने शिकायत दर्ज कराई है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। यह घटना बीते 9 अक्टूबर को हुई थी। पुलिस के अनुसार, फतेहपुर कस्बे के एक मोहल्ले में बादल उर्फ चलखुर नामक आरोपी ने घर में अकेली 13 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी बेलहरा रोड स्थित शारदा नहर पुल के पास मौजूद है। फतेहपुर थाना प्रभारी संजीत कुमार सोनकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल संजीत कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## आपसी विवाद पर शिकायत जांच में जुटी पुलिस

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** घुघटेर थाना क्षेत्र को ककरहिया मजरे रैगवां की निवासी ऊषा देवी ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके घर में आग लगा दी। इस घटना में घर का सामान और नकदी जलकर राख हो गई। पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। ऊषा देवी के अनुसार, रामबिलास, उनकी पत्नी सुदामा, बंदना, सावित्री देवी और सोनापती सहित अन्य लोगों ने उन्हें बिना किसी कारण के गालियां देना शुरू कर दिया। जब ऊषा देवी ने बाहर आकर इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर ईंटों से हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए ऊषा देवी वहां से भागीं। इसी दौरान, आरोपियों ने जबरन उनके घर में घुसकर आग लगा दी। आग लगने से घर में रखा कपड़ा, 14 हजार रुपये नकद, गेहूं और चावल सहित अन्य घरेलू सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है और घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराया है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक न तो किसी आरोपी को गिरफ्तार किया है और न ही मुकदमा दर्ज किया है। ऊषा देवी ने पुलिस की इस कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे स्थानीय अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। इधर थाना प्रभारी बेचू यादव का कहना है दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लग रही हैं हालांकि किसी ने कोई प्रार्थना नहीं दिया है।

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, तीन घायल

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर मे उधार सामान खरीदने को लेकर दो पक्षों मे जमकर लाठी डंडे चले जिसमे एक दिव्यांग क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित तीन लोग घायल हो गये सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायलों को लाकर सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जिसमे सचिन के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है।बताते चले कि कस्बा त्रिलोकपुर निवासी सचिन यादव पुत्र रमाकांत यादव गांव के बाहर स्थित शराब ठेके के निकट लकड़ी की गुमटी मे पानी, गिलास सहित नमकीन आदि की दुकान चलाता है बुधवार की देर शाम कस्बे के ही दीपराज, रत्नेश पुत्रगण शिवलाल ने उधार सामान मागने लगे दुकानदार सचिन यादव द्वारा उधार सामान न देने पर दबँग भाइयो ने गंदी गंदी गालिया देते हुए चले गये और थोड़ी देर बाद अपने अन्य साथियो के साथ आकर लाठी डंडो से पीटना शुरु कर दिया और दुकान मे रखा सामान व नगदी उठा ले गये।वही दूसरे पक्ष के दिव्यांग क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक यादव पुत्र शिवलाल का कहना है कि बुधवार की देर शाम मेरे भाई दीपराज व रत्नेश खेत से वापस लौट रहे थे तभी सचिन यादव पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाकर बैठे अपने साथी सुनील चौहान पुत्र भारत चौहान, राजकुमार पुत्र राजितराम, मनोज व मंटू पुत्रगण जयकरण, लवकुश पुत्र स्वामीदयाल, धीरज पुत्र लाला, मनीष पुत्र भरतलाल के साथ हमला कर दिया दीपराज व रत्नेश भाग कर केशवराम के घर मे घुस गये जहा पर भी लोगो ने घर मे घुस कर मारपीट की जिसमे अजय व दिव्यांग बीडीसी दीपक यादव के चोटे आयी है मारपीट की सूचना पर पहुंची त्रिलोकपुर चौकी पुलिस ने घायलो को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया जिसमे सचिन यादव के सिर मे गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनो पक्षों की ओर से मिली तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जाँच कर रही है।

## आत्महत्या मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** नगर के बड़े कपड़ा व्यापारी नीरज जैन (50) द्वारा सूदखोरों के चंगुल में फंसकर आत्महत्या के मामले में सहआरोपित शुभम वर्मा को कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने उनके प्रार्थनापत्र को भी खारिज कर दिया।शुभम वर्मा ने 18 अक्टूबर को कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट में उनका नाम आरोपित के रूप में जोड़ा गया है, जबकि उन्होंने केवल नीरज की आर्थिक मदद की थी। शुभम का कहना था कि नीरज से उनकी दोस्ती थी और उन्होंने उसे लालच के बिना पैसे दिए।अधिकारियों ने अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद कहा कि सुसाइड नोट में नीरज ने सीधे तौर पर शुभम वर्मा को जिम्मेदार ठहराया है। यह मामला गंभीर प्रकृति का है, इसलिए कोर्ट ने अग्रिम जमानत की प्रार्थना खारिज कर दी। मामले के मुख्य आरोपित उमाकांत उपाध्याय और उनके बेटे सत्येंद्र ने कोर्ट संख्या 34 में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया है।

# जालिम चाहे जितना भी सरकस हो जलील ही होगा रूस्वाई उसका मुकद्दर है : मौलाना तसदीक जैदपुरी



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** तहारते नफ्स इल्म बरबादी की तरफ ले जाता है ।इल्म से कामयाबी हासिल करना चाहते हो तो नफस में पाकी?गी पैदा करो ।यह बात मौलाना तसदीक जैदपुरी ने मस्जिद ए इमामियां में मौलाना इब्ने अब्बास साहब के वालिदैन व दीगर मरहूमीन की ईसाले सवाब की मजलिस को सम्बोधित करते हुए कही। मौलाना ने यह भी कहा कि जालिम चाहे जितना भी सरकस हो जलील ही होगा रूस्वाई उसका मुकद्दर है । हज के रास्ते पर डटे रहो जानी- माली नुकसान होगा फिर भी कामयाबी ही तुम्हारा मुकद्दर है । मोमिन कभी भी यहूद व नसारा की सर परस्ती बबूल नहीं कर सकता ।जो यहूद व नसारा को अपना सर परस्त बनाता है जदा उसे मदद नहीं पहुंचाता । अगर अली अ.कीयादत चाहते हो तो नेकियों को अपनाओ।अली अ. सिर्फ नेक लोगों के जायद हैं।आखिर में करबला वालों के मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे।मजलिस से पहले अजमल किन्तूरी , जिना जफ़राबादी , हाजी सरवर अली करबलाई , हसन मेहदी , लाय महदी ,जमानत अब्बास और सिरासत अब्बास ने नररानये अकीदत पेश किया ।मौलाना हिलाल अब्बास ने आा तिलावते रब्बानी से किया।निजामत के राय अजमल किन्तूरी ने अन्जाम दिये।बानियाने मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# कलश यात्रा से रामचरितमानस संत सम्मेलन का शुभारंभ

## 2 नवंबर को आयोजित होगा विशाल भंडारा

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** ब्रह्मलीन बाबा प्रेमदास की कुटी पर श्री महंत 108 श्री लालता दास जी महाराज के संरक्षण में कलश यात्रा के साथ ही श्री रामचरित मानस संत सम्मेलन का शुभारंभ हो गया। हवन यज्ञ के बीच यहां पर तमाम संत व विद्वान मानस मंथन करेंगे। जबकि आगामी 2 नवम्बर को यहां पर विशाल भंडारे के साथ सम्मेलन का समापन हो जाएगा।महंत बाबा लालता दास जी के चातुर्मास व्रत के समापन के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला मानस सम्मेलन वैदिक मंत्रोंऔर कलश यात्रा के बीच प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर बाबा प्रेमदास की कुटी से एक विशाल कलश यात्रा निकली। जोकि सगरा मंदिर एवं रामेश्वरम शिवाला होते हुए मुख्य चौराहे से बाबा अवसानेश्वर आदि गंगा गोमती घाट पर पहुंची ।यहां पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने अपने कलशो में जल भरा और उसकी आचार्य अभय नाथ जी ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तदोपरांत यह यात्रा फिर से कार्यक्रम स्थल पर जाकर संपन्न हुई। पूरी कलश यात्रा



के दौरान जय श्री राम एवं हनुमान जी के जयकारे लगते रहे। चातुर्मास व्रत के समापन के अवसर पर बाबा लालता दास जी महराज के संरक्षण एवं श्री अंजनी नंदन जी की छत्रछाया में प्रतिदिन एक नवान्ह अर्थात पवित्र चौपाइयों द्वारा हवन व पूजन किया जाता है । यहां दूर-दराज से आए हुए तमाम मानस मर्मज्ञ एवं विद्वान तथा संत अपना प्रवचन करेंगे। इस कार्यक्रम की पूर्णाहुति कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी 1 नवंबर को होगी। दूसरे दिन द्वादशी 2 नवंबर को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात यह कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। बाबा प्रेमदास जी की कुटी से अवसाने श्वर शिव मंदिर तक निकली कलश यात्रा में प्रमुख रूप से उत्तराधिकारी महंत अखिलेश्वर दास जी महाराज, जितेंद्र मिश्र,सालिगराम महाराज ,चेयरमैन आलोक तिवारी,समाजसेवी राजू भैया, मानस मर्वज्ञ अजय शास्त्री बिंदु, महेंद्र कुमार मिश्रा, सच्चिदानंद महाराज,वेद वाजपेयी, अम्बिकेश सिंह, अतुल, सुरेश,अमित शुक्ला बमभोले, शुभम, संजय,रोहित मिश्रा , सहित सैकड़ो महिला-पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## मजदूर की पिटाई मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर क्षेत्र अर्न्तगत ग्राम खीजना में मजदूरी मांगने गए मजदूर की पिटाई कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम छिलंगवा थाना घुंघटेर निवासी राकेश कुमार पुत्र मूलचन्द्र ने बताया कि वह मजदूर पेशा व्यक्ति हैं। उन्होंने अपने साथियों पुनीत कुमार और अजीत कुमार के साथ ग्राम खीजना निवासी नीरज शुक्ला, तुषाद शुक्ला और सुनील शुक्ला के मकान में करीब 2200 वर्गफीट की शटरिंग लगाई थी। शटरिंग का काम पूरा होने के बाद विपक्षियों ने छत की ढलाई नहीं कराई और सटरिंग भी नहीं हटाने दी, जिससे करीब सा? चार लाख रुपये का नुकसान हुआ। जब राकेश ने मजदूरी और नुकसान की भरपाई मांगी तो विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना थाना बड्डूपुर में दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

## कलम दवात की पूजा कर मनाई भगवान चित्रगुप्त की जयंती

**स्वतंत्र भारत,बाराबंकी।** प्राचीन भगवान चित्रगुप्त महादेव मंदिर गुलारिया गार्दा में कायस्थों ने कलम दवात की पूजा कर मिठाईयां बांटकर धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त जयंती मनाई गई। मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित कलम दवात पूजा कार्यक्रम में जिले के कोने कोने से आए कायस्थों का स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजक निखिल निगम द्वारा पूजा में आए वरिष्ठ कायस्थ समाज के हरिशंकर निगम व गणेश प्रसाद श्रीवास्तव जी को चित्रगुप्त भगवान की फ्रेम मढ़ी फोटो प्रतीक चिन्ह के रूप में प्रदान की गई। कमेटी कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मान्यता के अनुसार कायस्थ समाज की उत्पत्ति चित्रगुप्त जी से हूई है। इसलिए भारत का कायस्थ समाज चित्रगुप्त महाराज को अपना सबसे खास देवता मानते हैं। इस समाज द्वारा हर साल चित्रगुप्त पूजा को 'कलम-दवात पूजा' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कलम-दवात, खाते-बही, कागज-पेन की पूजा की जाती है। इस पूजा को धर्म और कर्म के लेखा-जोखा का पर्व भी कहा जाता है। कमेटी संयोजक डा0 नवनीत प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया के भगवान चित्रगुप्त के पास हर जीव के अच्छे और बुरे कर्मों की पूरी जानकारी होती है, जिसे मृत्यु के बाद यमराज के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, चित्रगुप्त जी को भगवान ब्रह्मा के 'मन से उत्पन्न' पुत्र माना गया है। यह भी मान्यता है कि वे कलम-दवात लेकर जन्मे पहले देवता हैं। इसीलिए वे लेखकों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और न्यायप्रिय लोगों के आदर्श देवता माने जाते हैं। इस मौके पर पूजा में शामिल हुए रामकथा वाचक अरविन्द व्यास जी ने कहा चित्रगुप्त महाराज हिन्दू धर्म में एक ऐसे देवता हैं जिन्हें यमराज के सचिव या लेखाकार के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम में विकास राज श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, मनमीत श्रीवास्तव, आशू श्रीवास्त्व, निश्चल निगम रतन श्रीवास्तव शामिल हुए।

# भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

## न्यूजीलैंड को खिलाफ महिला विश्व कप में तीन हार के बाद मिली जीत



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने गुरुवार को महिला विश्व कप के 24वें मुकाबले में न्यूजीलैंड को 53 रन से हराया। डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में बारिश से प्रभावित मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में तीन विकेट खोकर 340 रन बनाए। हालांकि भारतीय पारी के खत्म होने के बाद गीली आउटफील्ड के कारण मैच देरी से शुरू हुआ और इस वजह से न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 44 ओवर में 325 रन का टारगेट मिला। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 44 ओवर में 8 विकेट खोकर 271 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए ब्रुकी हैलीडे ने 81 रन बनाए। 325 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स 6 गेंद में एक रन ही बना सकी। प्लिमर ने 25 गेंद में 30 रन बनाए। कप्तान सोफी डिवाइन ने 9 गेंद में 6 रन बनाए। अमिलिया कर 53 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हुईं। मैडी ग्रीन ने 20 गेंद में 18 रन बनाए। हैलीडे 84 गेंद में 81 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। जेस कर ने 18 रन का योगदान दिया। बारिश से प्रभावित मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 49 ओवर में तीन विकेट खोकर 340 रन बनाए। स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच 212 रन की साझेदारी हुई। मंधाना 95 गेंद में 109 रन बनाकर आउट हुई। प्रतिका रावल 134 गेंद में 122 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर 10 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स 55 गेंद में 76 रन बनाकर नाबाद लौटीं। ऋचा ने चार रन बनाए। न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 44 ओवर में 325 रन का टारगेट मिला।

# भारत को दो विकेट से हराकर आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई



**नई दिल्ली।** एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की उम्दा गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट (74 रन, 78 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और कोनोली (नाबाद 61 रन, 53 गेंद, पांच चौके, एक छक्के) के अर्धशतक से 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत दर्ज की। शॉर्ट ने मैट रेनशॉ (30) तथा कोनोली के साथ समान 55 रन की साझेदारियां कीं। कोनोली ने इसके बाद मिचेल ओवेन (36 रन, 23 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 39 गेंद में 59 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। भारत ने इससे पहले रोहित (73 रन, 97 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और श्रेयस अय्यर (61 रन, 77 गेंद, सात चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 264 रन बनाए। अक्षर पटेल (44 रन, 41 गेंद, पांच चौके) ने भी उपयोगी पारी खेली जबकि हर्षित राणा (नाबाद 24) और अर्शदीप सिंह (13) ने नौवें विकेट के लिए 29 गेंद में 37 रन जोड़कर टीम का स्कोर 260 रन के पार पहुंचाया। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद वापसी करने वाले लेग स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 60 रन देकर चार विकेट लिए। बार्टलेट ने 39 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने सतर्क शुरुआत की। ट्रेविस हेड (28) और कप्तान मिचेल मार्श (11) ने सात ओवर में 26 रन जोड़े। अर्शदीप ने मार्श को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। हेड ने मोहम्मद सिराज पर छक्का जड़ा लेकिन राणा (59 रन पर दो विकेट) की गेंद पर मिड ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे। शॉर्ट 23 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब नितीश कुमार रेड्डी की गेंद पर प्वाइंट पर अक्षर ने उनका कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक 20वें ओवर में पूरा हुआ। रेनशॉ (30) ने नितीश पर छक्का जड़ा लेकिन अक्षर (52 रन पर एक विकेट) की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए। एलेक्स कैरी भी इसके बाद वाशिंगटन सुंदर (37 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए जिससे 27 ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 132 रन हो गया। शॉर्ट ने अक्षर की गेंद पर एक रन के साथ 48 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। शॉर्ट को वाशिंगटन की गेंद पर दूसरा जीवनदान मिला।

### बड़ी पारी खेलने से चूक गए : गिल

पुरस्कार वितरण समारोह में बोले गिल ''हमने ठीक ठाक रन बनाए थे। लेकिन जब आप इस तरह के स्कोर का बचाव करते हुए कुछ मौके गंवाते हैं तो यह कभी आसान नहीं होता।'' युवा कप्तान को पिच में भी कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने कहा, ''पहले मैच में टॉस ज्यादा अहम था क्योंकि बारिश आ गई थी। लेकिन इस मैच में दोनों टीमों ने लगभग 50 ओवर खेले। शुरुआत में विकेट से थोड़ी परेशानी हुई लेकिन 15-20 ओवर के बाद यह अच्छा था।'' 26 वर्षीय गिल ने सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा की 73 रन की जुझारू पारी की प्रशंसा करते हुए कहा, ''लंबे समय बाद वापसी करते हुए खेलना कभी आसान नहीं होता। शुरुआती चरण थोड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की उससे मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की, मैं कहूंगा कि वह एक बड़ी पारी खेलने से चूक गए।'' मिचेल मार्श की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया ने दोनों विभागों में गहराई दिखाई। घरेलू कप्तान ने अपने गेंदबाजी आक्रमण और युवा बल्लेबाजों के संयम की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''हेजलवुड ने शानदार प्रदर्शन किया थे। हमारी गेंदबाजी इकाई विकेट लेने की कोशिश करती रही। युवाओं की बल्लेबाजी शानदार रही। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। हम श्रृंखला में जीत का पूरा आनंद लेंगे। आज रात हम ज्यादा जश्न नहीं मनाएंगे। भारतीय टीम अनुभवी है।''

# बाबर की पाकिस्तान टी20 टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी हो गई है। दिसंबर 2024 में पाकिस्तान के दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद से बाबर को टी20 टीम में नहीं चुना गया था। एशिया कप में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद जहां उनकी बल्लेबाजी की कमजोरियां उजागर हो गई थीं चयनकर्ताओं ने बाबर की ओर रुख किया है जो स्वयं सभी प्रारूपों में खराब दौर से गुजर रहे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान जिन्हें हाल ही में वनडे कप्तानी से मुक्त किया गया था वह एक बार फिर टी20 टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। बाबर की टी20 टीम में वापसी अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से चार महीने पहले हुई है। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज और श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेली जाने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। उन्होंने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए नए कप्तान शाहीन अफरीदी की अगुआई में अपनी वनडे टीम की भी घोषणा की। दोनों वनडे सीरीज के लिए रिजवान को विकेटकीपर के रूप में बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। टी20 त्रिकोणीय सीरीज जिससे अफगानिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है वो 17 नवंबर से खेली जाएगी। ऐसी अटकलें थीं कि लेग स्पिनर शादाब खान टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान के रूप में सलमान अली आगा की जगह ले सकते हैं, लेकिन चयनकर्ताओं ने एशिया कप में उनके खराब प्रदर्शन के बावजूद आगा को ही बरकरार रखने का फैसला किया है। शादाब को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है। पाकिस्तान की टी20 टीमः सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान (विकेटकीपर), उस्मान तारिक। रिजर्वः फखर जमां, हारिस रऊफ, सुफियान मोकिम।

# पंजाब किंग्स ने साईराज बहुतुले को बनाया नया बॉलिंग कोच

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 से पहले अपने कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व दिग्गज क्रिकेयर साईराज बहुतुले को नया स्पिन बॉलिंग कोच बनाया है। इससे पहले बहुतुले राजस्थान रॉयल्स में अपनी सर्विस दे चुके थे। बता दें कि, बहुतले सुनील जोशी की जगह लेने वाले हैं जो 2023 से 2025 तक पंजाब के साथ थे। बहुतुले को कोचिंग का लंबा अनुभव है। 51 वर्षीय इस दिग्गज ने पहले बंगाल, केरल, विदर्भ और गुजरात टीमों के साथ काम किया है। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा कि, हम सुनील जोशी को सालों से पंजाब किंग्स के लिए उनकी समर्पित सेवा और योगदा के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।

# पाक से साउथ अफ्रीका ने जीता दूसरा टेस्ट

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान की सरजमीं पर दमदार खेल दिखाया है। डब्ल्यूटीसी 2025-27 के तहत खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया है। इसी के साथ ये सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई है। इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज रहे, जिन्होंने पहली पारी में सात विकेट निकाले थे दूसरी पारी में 2 विकेट उनको मिले। 30 रन भी उनके बल्ले से इस मैच में निकले, जो अहम साबित हुए। रावलपिंडी में खेले गए इस मुकाबले की बात करें तो पाकिस्तान की टीम के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने पहली पारी में 333 रन बनाए थे। इसके जवाब में 404 रन साउथ अफ्रीका ने बना दिए थे। पाकिस्तान की टीम पहली पारी में करीब 70 रनों से पिछड़ गई थी। इसके बाद पाकिस्तान की टीम फिर से बल्लेबाजी के लिए उतरी लेकिन 138 रन पर ढेर हो गई। साउथ अफ्रीका की टीम को महज 73 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

# वेस्टइंडीज से बांग्लादेश ने वनडे श्रृंखला जीती

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने स्पिनरों की मदद से बृहस्पतिवार को तीसरे और अंतिम वनडे में वेस्टइंडीज को 179 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इस तरह बांग्लादेश ने मार्च 2024 के बाद पहली वनडे श्रृंखला जीती। यह कैरेबियाई टीम के खिलाफ उसकी दूसरी सबसे बड़ी और अब तक की सबसे बड़ी जीत है। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे श्रृंखला में उन्होंने 12 विकेट झटके। यह किसी भी वनडे श्रृंखला में बांग्लादेश के किसी भी स्पिनर द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। इससे वेस्टइंडीज की टीम 30.1 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। बाएं हाथ के स्पिनर नासुम अहमद ने भी 11 रन देकर तीन विकेट लिए और शीर्ष क्रम को झकझोर दिया जबकि ऑफ स्पिनर मेहदी हसन मिराज और बाएं हाथ के तनवीर इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए। टीम के एकमात्र तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को गेंदबाजी भी नहीं करनी पड़ी।

# शेयर बाजार; सेंसेक्स 130 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 के पार



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 130.06 अंक या 0.15 प्रतिशत उछलकर 84,556.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 22.80 अंक या 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,891.40 पर आ गया।डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे बढ़कर 87.86 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस 3.86 प्रतिशत चढ़ गया। एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और टेक महिंद्रा भी लाभ में रहे। वहीं इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और अदानी पोर्ट्स पिछड़ने वालों में शामिल रहे। रिलायंस के शेयरों में भी एक फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

**नया टर्म प्लान**-टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने नया टर्म प्लान शुभ फैमिली प्रोटेक्ट पेश किया है। चीफ प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग व कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस सुजीत कोठारे ने बताया कि यह प्लान एकमुश्त भुगतान और 30 साल तक मासिक आय दोनों का लाभ देता है।

एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में मध्य सत्र में मिश्रित रुख के साथ कारोबार हो रहा था। बुधवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

रूसी तेल कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध से निवेशकों की बढ़ी चिंता सेबी-पंजीकृत ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा, रूसी तेल कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने यह चिंता भी बढ़ा दी है कि भारत को रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीद कम करनी पड़ सकती है और महंगे विकल्पों की ओर रुख करना पड़ सकता है, इससे आयात बिल और मुद्रास्फीति की संभावना पर दबाव पड़ सकता है।

**अमेरिका ने रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगाया प्रतिबंध**

अमेरिका ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने की कोशिश के तहत रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद गुरुवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दिखा।एनरिच मनी के सीईओ ने आगे कहा कि संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद के चलते बाजार पहले भाग में तेजी से चढ़ा, लेकिन अंत तक अपनी अधिकांश बढ़त गंवा दी, क्योंकि रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी गिरावट आई, क्योंकि कंपनी ने कथित तौर पर रूसी तेल आयात को पुनर्गठित करने की योजना का संकेत दिया था।

**दिवाली के बाद मजबूत शुरुआत बरकरार नहीं रख पाया बाजार**

एसबीआई सिक्योरिटीज के तकनीकी और डेरिवेटिव्स रिसर्च प्रमुख सुदीप शाह ने कहा कि मजबूत शुरुआत के बावजूद, आशावाद ज्यादा देर तक नहीं रहा। शाह ने कहा कि निफ्टी 26104 के इंट्रा-डे हाई तक पहुंचा, लेकिन अपनी गति बरकरार नहीं रख सका। अंत में इसने अपनी बढ़त गंवा दी और 200 अंकों से ज्यादा की गिरावट दर्ज की। सूचकांक लगभग स्थिर रहा। फिलहाल, यह सूचकांक अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर से बस थोड़ा ही दूर है। 2025 में अब तक सेंसेक्स और निफ्टी ने संचयी आधार पर लगभग 8-9 प्रतिशत का रिटर्न हासिल किया है। 2024 में सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 9-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 2023 में सेंसेक्स और निफ्टी में संचयी आधार पर 16-17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2022 में इनमें से प्रत्येक में मात्र 3 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।

**भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता रुकने के बाद शुरू हुई मुनाफावसूली**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, रूसी तेल पर प्रतिबंधों और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संभावित स्थगन के बाद निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण शुरुआती बढ़त कम हो गई।

# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय चमड़ा उद्योग को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली।** अमेरिकी टैरिफ से इस वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा उद्योग के राजस्व में कमी आने की संभावना है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय चमड़ा उद्योग और संबद्ध उत्पाद कंपनियों के राजस्व में 10 से 12 प्रतिशत की गिरावट आएगी। इस क्षेत्र के लिए अमेरिका एक प्रमुख बाजार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्यात पर महत्वपूर्ण ध्यान दिए जाने के कारण जीएसटी के युक्तिकरण के बाद घरेलू मांग में मामूली सुधार के बावजूद कंपनियों की बिक्री में गिरावट देखी जाएगी। इसके अलावा अन्य कारक जैस कम आयकर, नरम मुद्रास्फीति और कम ब्याज दरें भी है।

**स्टोवक्राफ्ट**-स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड ने देशभर में 2027 तक 500 एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने की योजना बनाई है। मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने बताया कि अभी 300 से अधिक स्टोर पूरे देश में संचालित हो रहे हैं।

अगस्त के पहले सप्ताह में 25 प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लागू होने से अमेरिकी निर्यात मांग में मंदी के संकेत पहले से ही दिखाई देने लगे थे।

# सोने-चांदी के दाम में गिरावट सोना 553 और चांदी 1,051 सस्ती

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दामों में लगातार तेजी के बाद अब गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 दिन में चांदी के दाम में 26,650 की गिरावट आई है और अब 1 किलो चांदी 1,51,450 में बिक रही है। 14 अक्टूबर को चांदी का ऑल टाइम हाई 1,78,100 प्रति किलो दर्ज किया गया था। सोने के दामों में भी गिरावट देखने को मिली। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना आज 553 सस्ता होकर 1,23,354 पर आ गया। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 का ऑल टाइम हाई बनाया था, तब से इसमें 7,520 की गिरावट आई है। कॉरपोरेट हेल-सोशल इंडिया ने इस बार हैलोवीन को कॉरपोरेट हेल थीम पर मनाने की घोषणा की है। देशभर के 45+ सोशल आउटलेट्स में 31 अक्टूबर को एक साथ इस इवेंट का आयोजन होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, सोने-चांदी में गिरावट के कई कारण हैं। पहला, भारत में दिवाली के बाद सीजनल खरीदारी का खत्म होना, जिससे डिमांड में कमी आई है। दूसरा, अमेरिका-चीन ट्रेड टेंशन में ढील मिलने से निवेशक 'सेफ-हेवन' सोने-चांदी की ओर कम आकर्षित हो रहे हैं। तीसरा, रैली के बाद निवेशक प्रॉफिट-टेकिंग कर रहे हैं और टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स ओवरबॉट जोन में दिखा रहे थे। हालांकि, इस साल अब तक सोने और चांदी दोनों की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम सोना 76,162 था, जो अब 1,23,354 तक पहुंच गया, यानी इस साल 47,192 की बढ़ोतरी। चांदी का भाव भी 86,017 से बढ़कर 1,51,450 प्रति किलो हो गया, यानी 65,433 की वृद्धि। विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों को इस समय बाजार की चाल पर नजर रखते हुए ही खरीदारी करनी चाहिए। सोने-चांदी की कीमतों में अस्थिरता के कारण छोटे निवेशक जल्दबाजी में निर्णय न लें।

# 2026 में भारत की जीडीपी 6.7-6.9 प्रतिशत बढ़ेगी, डेलॉइट इंडिया ने जताया अनुमान

**नई दिल्ली।** डेलॉइट इंडिया की भारत का आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। इस वित्त वर्ष में इसका औसत 6.8 प्रतिशत है। यह डेलॉइट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अंक अधिक है। भारतीय अर्थव्यवस्था का यह प्रदर्शन न केवल लचीलेपन का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारत अधिकांश देशों की तुलना में अधिक मजबूती से उभर रहा है। अगले वर्ष भी इसी तरह की वृद्धि दर की उम्मीद है, लेकिन व्यापार और निवेश से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण विविधता का दायरा व्यापक बना हुआ है। डेलॉयट जीडीपी वृद्धि का पूर्वानुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है। इसने वित्त वर्ष 2026 में आर्थिक वृद्धि 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति और जीएसटी 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से विकास को बल मिलने की संभावना है। डेलॉइट ने कहा कि कम मुद्रास्फीति, क्रय शक्ति में सुधार के साथ खर्च बढ़ाने में योगदान देगी। डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि त्योहारी तिमाही के दौरान मांग में वृद्धि उपभोग व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि से होने की संभावना है। इसके बाद मजबूत निजी निवेश की उम्मीद है, क्योंकि व्यवसाय अनिश्चितताओं का सामना करने और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयारी कर रहे हैं।मजूमदार ने कहा, यह भी अनुमान है कि भारत साल के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ एक समझौता कर लेगा, जिससे समग्र निवेश धारणा में सुधार होने की उम्मीद है।

प्राकृतिक वैरिएंटस-मैकडॉवेल्स एंड कंपनी ने एक्स सीरीज के तहत वोडका ऑरेंज, ग्रीन एप्पल और क्रैनबेरी फ्लेवर लॉन्च किए हैं। विक्रम दामोदरन, चीफ इनोवेशन ऑफिसर, डियाजियो इंडिया ने कहा कि यह फ्लेवर युवा उपभोक्ताओं के लिए रोमांचक अनुभव देंगे।

मजूमदार ने कहा कि वर्षों के नीतिगत प्रयासों से मुख्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिली है।

# रूस की हिस्सेदारी घटने से भारत की कच्चे तेल की लागत बढ़ी, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026 में अब तक दुबई बेंचमार्क की तुलना में भारत की औसत कच्चे तेल की आयात लागत में तेजी से वृद्धि हुई है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। ब्रोकरेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेल बास्केट में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी में गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार वैकल्पिक कच्चे तेल के अधिक महंगा होने के कारण प्रीमियम भी ऊंचा रह सकता है और रिफाइनरों की लागत पर असर पड़ सकता है। कोटक के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में भारत की औसत तेल आयात लागत दुबई क्रूड की तुलना में लगभग 5 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल अधिक है। यह लागत हाल के वर्षों में सबसे अधिक है। रिपोर्ट में इस इजाफे का कारण रूसी तेल का सस्ता होना, अन्य देशों से तेल का आयात महंगा होना, वेनेजुएल से कम तेल आयात अमेरिका से अधिक तेल का आयात है। कोटक ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत के कच्चे तेल के आयात में रूस की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2026 में अब तक घटकर 34 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2024 और वित्त वर्ष 2025 में 36 प्रतिशत) रह गई है। हालांकि अब भी भारत सबसे अधिक तेल रूस से खरीद रहा है पर हाल के महीनों में उसने इस मामले में संतुलन बनाने की कोशिश की है।

**पिछले तीन वर्षों में रूस कच्चे तेल का बड़ा स्त्रोत**

रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022 तक भारत के कच्चे तेल के आयात में रूस की हिस्सेदारी न के बराबर थी, लेकिन पिछले तीन वर्षों से रूस कच्चे तेल का सबसे बड़ा स्त्रोत है। 2022 की शुरुआत में यूक्रेन संघर्ष के बाद रूसी तेल पर प्रतिबंध लगने के बाद भारत के रिफाइनरों ने भारी छूट का लाभ उठाते हुए मास्को से बड़ी मात्रा में तेल खरीदा। रूस के सस्ते बैरल ने भारत को अरबों डॉलर बचाने में मदद की है। कोटक ने अनुमान लगाया, अप्रैल 2022 से रूस से आयात के कारण 16.7 अरब अमेरिकी डॉलर (रूस से बाहर के आयात की तुलना में) की संभावित बचत हुई है।

**रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत ने भारी छूट का लाभ उठाया**

2022 की शुरुआत में यूक्रेन संघर्ष के बाद रूसी तेल पर प्रतिबंध लगने के बाद भारत के रिफाइनरों ने भारी छूट का लाभ उठाते हुए मास्को से खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि शुरू कर दी। मूल्य के लिहाज से, सस्ते बैरल ने भारत को अरबों डॉलर बचाने में मदद की है।

**रूसी तेल आयात से 16.7 डॉलर की संभावित बचत हुई**

कोटक ने अनुमान लगाया कि अप्रैल 2022 से, रूसी आयात से 16.7 अरब डॉलर (रूस से बाहर के आयात की तुलना में) की संभावित बचत हुई है। रूसी कच्चे तेल के लिए औसत छूट इस वर्ष अब तक 4.7 डॉलर प्रति बैरल है, जबकि वित्त वर्ष 2025 में 2.5 डॉलर प्रति बैरल होगी, लेकिन वित्त वर्ष 2023/24 के स्तर से कम है। पिछले वर्षों की तुलना में कम छूट के बावजूद, रूसी बैरल भारतीय रिफाइनरों के लिए लागत प्रभावी बने हुए हैं। कोटक ने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों और धीरे-धीरे बढ़ते उपायों के बावजूद, रूस के तेल निर्यात पर अभी तक कोई खास असर नहीं पड़ा है। यूरोपीय संघ के देशों की ओर से आयात में कमी की भरपाई भारत, चीन, तुर्की और कुछ अन्य देशों द्वारा आयात में वृद्धि से हुई है।

**भारत पर भू-राजनीतिक दबाव बढ़ने की संभावना**

हालांकि, रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत पर भू-राजनीतिक दबाव बढ़ सकता है। कोटक ने कहा कि हालांकि भारत सरकार ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन हमारा मानना है कि रूस से कच्चे तेल के आयात को कम करने का दबाव बढ़ सकता है।

कुल मिलाकर, ब्रोकरेज ने कहा कि भारत भू-राजनीतिक दबावों और आर्थिक प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाए रखेगा। विदेश मंत्रालय के हवाले से कहा गया कि ऊर्जा के अस्थिर परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है।

# रेलवे की विशेष व्यवस्थाओं की यात्रियों ने सराहना की

**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली स्थित रेलवे बोर्ड के वॉर रूम का दौरा किया और त्योहारी सीज़न के दौरान यात्रियों की आवाजाही की समीक्षा की। श्री वैष्णव ने कहा कि मंडल, ज़ोन और रेलवे बोर्ड स्तर पर वॉर रूम स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड को सभी स्थानों से लाइव फीड प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्टेशनों पर मिनी कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। यह निगरानी प्रणाली देश भर में प्रत्येक स्टेशन की स्थिति, अतिरिक्त ट्रेनों की आवश्यकता और अन्य परिचालन आवश्यकताओं के संबंध में वास्तविक समय में समन्वय स्थापित करने में सक्षम बनाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि होल्डिंग और प्रतीक्षालय बनाए जाने से स्टेशनों पर यात्रियों का व्यवस्थित प्रवेश सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगभग 10,700 आरक्षित और 3,000 अनारक्षित ट्रेनें चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर विशेष ट्रेनों की सटीक संख्या निर्धारित की जाती है, जिसे प्रत्येक गंतव्य के लिए मांग का आकलन करने हेतु एक मॉडल में शामिल किया जाता है। श्री



अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यात्रियों की संख्या में पहली बार वृद्धि 17 से 20 अक्टूबर के बीच देखी गई, जिसमें 18 और 19 अक्टूबर को सबसे अधिक भीड़ रही, जबकि 22 से 24 अक्टूबर के बीच यात्रियों की संख्या में दूसरी बार वृद्धि होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि नई दिल्ली स्टेशन पर एक स्थायी होल्डिंग क्षेत्र अब यात्रियों को काफी सुविधा प्रदान करता है, जिसकी क्षमता 7,000 से अधिक लोगों के लिए है, इसमें पुरुषों के लिए 150 और महिलाओं के लिए 150 शौचालय, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें, टिकट काउंटर और मुफ्त आरओ पानी की सुविधा उपलब्ध है। रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री ने अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन का किया दौरा

**भारतीय रेलवे ने उन्नत सेवाओं और सुविधाओं के साथ यात्री अनुभव को बेहतर बनाया**

22 से 24 अक्टूबर के बीच यात्रियों की अधिकतम संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए, रेलवे ने छठ पूजा से पहले सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के अपने प्रयास तेज़ कर दिए हैं। नियमित रेल सेवाओं के अलावा, छठ पर्व पर आने वाली भीड़ को देखते हुए अगले चार दिनों में 1,205 विशेष रेलगाड़ियाँ चलेंगी।

21.10.2025 को, दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों - नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद से 1,69,986 अनारक्षित बाहरी यात्री सवार हुए, जो पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के अगले दिन 01.11.2024) की तुलना में 5.62% की वृद्धि है। इसी प्रकार, 22.10.2025 को, दिल्ली क्षेत्र के 6 प्रमुख स्टेशनों - नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हज़रत निज़ामुद्दीन, शकूरबस्ती और गाजियाबाद से 1,71,753 अनारक्षित बाहरी यात्री सवार हुए। पिछले वर्ष की इसी तिथि (दिवाली के दूसरे दिन 02.11.2024) की तुलना में 7.01 प्रतिशत की वृद्धि।

आज, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 6 गुजरने वाली विशेष ट्रेनों के अलावा 30 विशेष ट्रेनें चलने वाली थीं। 24 अक्टूबर को, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 17 विशेष ट्रेनें चलने वाली हैं। भारतीय रेलवे सावधानीपूर्वक योजना, बेहतर यात्री सेवाओं और सुविधा व देखभाल पर विशेष ध्यान देकर एक सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रा में वृद्धि को संभालने के लिए, विशेष ट्रेनों की एक मजबूत समय-सारिणी लागू की गई है। 1 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2025 के बीच पूरे भारत में संचालित की जा रही 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनों में से 2,220 ट्रेनें त्योहारी यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए बिहार के लिए चलेंगी।

बिहार जाने वाले यात्रियों ने रेलवे द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया है और विशेष ट्रेनों, स्वच्छता और सहज यात्रा अनुभव की प्रशंसा की है। शांभवी भारद्वाज ने नई दिल्ली से सोनपुर की यात्रा की और रेलवे स्टेशन तथा ट्रेन में उपलब्ध स्वच्छता और सुविधाओं की सराहना की।

विक्रमशिला एक्सप्रेस के माध्यम से आनंद विहार-भागलपुर जाने वाले यात्रियों ने भारतीय रेलवे द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना की। त्योहार विशेष ट्रेनों के यात्रियों ने भी भारतीय रेलवे की उन्नत सुविधाओं की सराहना की। सोनपुर मंडल के हाजीपुर स्टेशन पर स्वच्छता व्यवस्था ने न केवल भारतीय यात्रियों को, बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी प्रभावित किया है।

# यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूजा विशेष गाड़ियों का संचालन

**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर रेल यात्रियों की सुविधा हेतु पूजा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर, 2025 को पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली पूजा विशेष गाड़ियाँ निम्नवत है। - 24 अक्टूबर, 2025 को 05062 टनकपुर-अछनेरा पूजा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर पीलीभीत, इज्जतनगर, कासगंज, मथुरा जं. होते हुये चलाई जायेगी। -24 अक्टूबर, 2025 को 01454 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) पूजा विशेष गाड़ी गाजीपुर सिटी से 05.00 बजे प्रस्थान कर औड़िहार, जौनपुर, वाराणसी जं. होते हुये चलाई जायेगी। -24 अक्टूबर, 2025 को 05131 गोरखपुर-बहराइच पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 05.25 बजे प्रस्थान कर आनन्दनगर, बढ़नी, गोंडा होते हुये चलाई जायेगी। -24 अक्टूबर, 2025 को 01052 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी बनारस से 06.35 बजे प्रस्थान कर वाराणसी जं., सूबेदारगंज, गोविन्दपुरी, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 05049 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 10.15 बजे प्रस्थान कर थावे, गोरखपुर, गोंडा, सीतापुर होते हुये चलाई जायेगी। - 24 अक्टूबर, 2025 को 06530 गोमती नगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु पूजा



विशेष गाड़ी गोमती नगर से 12.20 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर, भटनी, मऊ, बनारस होते हुये चलाई जायेगी। - 24 अक्टूबर, 2025 को 09430 गोरखपुर-साबरमती पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 13.00 बजे प्रस्थान कर गोंडा, बाराबंकी, कानपुर सेंट्रल होते हुये चलाई जायेगी। - 24 अक्टूबर, 2025 को 01080 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी। -24 अक्टूबर, 2025 को 09084 बनारस-मुम्बई सेन्ट्रल पूजा विशेष गाड़ी बनारस से 14.30 बजे प्रस्थान कर रायबरेली, लखनऊ, फर्रुखाबाद होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 05132 बहराइच-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी बहराइच से 14.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, बढ़नी, आनन्दनगर होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 04118 लालकुआँ-प्रयागराज जं. पूजा विशेष गाड़ी लालकुआँ से 14.50 बजे प्रस्थान कर इज्जतनगर, कासगंज, कन्नौज होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 को 05056 बढ़नी-आसनसोल पूजा विशेष गाड़ी बढ़नी से 16.00 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर, थावे, खैरा होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 को 05634 गोरखपुर-नारंगी पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 16.55 बजे प्रस्थान कर सीवान, छपरा होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 01416 गोरखपुर-पुणे पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 17.30 बजे प्रस्थान कर गोंडा, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. (झांसी) होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 05115 छपरा-उधना पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 17.45 बजे प्रस्थान कर बलिया, औड़िहार, जौनपुर होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 03216 थावे-पटना पूजा विशेष गाड़ी थावे से 18.25 बजे प्रस्थान कर मसरख, खैरा होते हुये चलाई जायेगी।-24 अक्टूबर, 2025 को 04730 गोरखपुर-श्री गंगानगर जं. पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 19.30 बजे प्रस्थान कर बढ़नी, गोंडा, सीतापुर होते हुये चलाई जायेगी।- - 24 अक्टूबर, 2025 को 01046 गाजीपुर सिटी-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (मुम्बई) पूजा विशेष गाड़ी गाजीपुर सिटी से 20.30 बजे प्रस्थान कर औड़िहार, जौनपुर, वाराणसी जं. होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 को 07652 छपरा-जालना पूजा विशेष गाड़ी छपरा से 22.15 बजे प्रस्थान कर बलिया, औड़िहार, बनारस, झानपुर रोड होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 को 04830 गोरखपुर-जोधपुर पूजा विशेष गाड़ी गोरखपुर से 23.25 बजे प्रस्थान कर बस्ती, अयोध्या धाम जं., लखनऊ होते हुये चलाई जायेगी।- 24 अक्टूबर, 2025 को 09042 बलिया-उधना पूजा विशेष गाड़ी बलिया से 23.30 बजे प्रस्थान कर औड़िहार, जौनपुर, प्रयागराज जं., गोविन्दपुरी होते हुये चलाई जायेगी।

## स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** भारतीय रेल पर 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2025 तक चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 23 अक्टूबर, 2025 को मुख्यालय गोरखपुर तथा लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता रैली निकाल कर यात्रियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया गया। इस दौरान प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों, कार्यालयों, ट्रेनों तथा ट्रैक के दोनों किनारों की सफाई की गई।

23 अक्टूबर, 2025 को लखनऊ मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशनों पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षकों, संविदा कर्मचारियों और रेलवे कर्मचारियों ने स्वच्छता के साथ जन जागरूकता रैली निकाली तथा स्टेशनों, कॉलोनियों, अस्पतालों, डिपो, पटरियों और अन्य क्षेत्रों की सफाई की गई। वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रखे कूड़ेदानों की सफाई एवं धुलाई की गई तथा स्टेशनों पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षकों ने संविदा कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता सम्बंधी नारे, पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से जन जागरूकता रैली निकाली, साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इज्जतनगर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों एवं कार्यालयों की सफाई गई तथा कूड़ेदानों की सफाई कर निर्धारित स्थानों पर रखा गया। इस दौरान सार्वजनिक उपयोगिता वाले क्षेत्र में रखे गये कूड़ेदानों को खाली कर धुलाई की गई और क्षतिग्रस्त कूड़ेदानों को हटाकर उसके स्थान पर नये कूड़ेदान रखे गये। स्टेशन परिसर और ट्रैक के दोनों किनारों पर खुली और ढ़की हुई नालियों की सफाई कर चूना एवं कीटनाशक पाउडर का छिड़काव किया गया।

## एक रिवॉल्वर चार कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के उपनिरीक्षक विकास प्रधान ने चेकिंग दौरान संदिग्ध व्यक्ति जय सिंह पाल पुत्र विनोद कुमार निवासी भिटारा को हिरासत में लेकर जामा तलाशी मे एक रिवॉल्वर .32 बोर 4 जिन्दा कारतूस बरामद कर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

# डेढ़ सौ रुपये के विवाद को लेकर भाई व बहन ने भाई को मारपीट कर किया घायल, उपचार के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव मे दीपावली के दिन 20 अक्टूबर की रात्रि मे डेढ़ सौ रुपये के लेन देन को लेकर भाई को दो भाई व बहन ने लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी 31 वर्षीय नन्द लाल को बीते 20 अक्टूबर की रात्रि मे डेढ़ सौ रुपये के लेन देन को लेकर भाई आशीष व सतीश, बहन शिवकुमारी व वंदना मिलकर नन्द लाल को लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर नन्द लाल की पत्नी आरती नन्दलाल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आई जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद नन्दलाल की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।जहां पर



मंडलीय चिकित्सालय से चिकित्सक ने घायल का अल्ट्रासॉउन्ड व एक्सरे कराने के बाद रिपोर्ट देखकर युवक को बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जिस पर घायल को वाराणसी लेकर जाते समय रास्ते मे नंदलाल ने दम तोड़ दिया मृतक नन्दलाल की पत्नी आरती ने पुलिस को सूचना दिया। जिस पर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करने मे पुलिस जुट गई है। इस संबंध मे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पैसे के लेन देन को लेकर सगे भाइयों ने आपस मे विवाद के बाद लात घुसो से मारपीट कर भाई नन्दलाल को मारपीट कर घायल कर दिया था। उपचार के दौरान नन्दलाल की मौत हो गई है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## पुलिस ने फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र बनाने वाले को भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के राजा पाल टंकी के सामने यूनियन बैंक के नीचे स्थित दीप इलेक्ट्रॉनिक पर वादी 6 अक्टूबर को पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र हेतु ऑन लाइन आवेदन करने गया। दुकान स्वामी दीपक ने ऑन लाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।वादी जब 17 अक्टूबर को दुकान पर गया तो दीपक ने उसे चरित्र प्रमाण पत्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के नाम से प्रदान किया,जबकि वादी का चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन लम्बित है और दीपक द्वारा फर्जी कूट रचित चरित्र प्रमाण पत्र तैयार कर उच्च अधिकारियों के नाम का दुरूपयोग करते हुए धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।वादी की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी दीपक कुमार वैश्य पुत्र अशोक कुमार वैश्य निवासी करनपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 17 निर्वाचन स्टीकर,51 आधार कार्ड,15 आधार कार्ड की छायाप्रति,29 लैमिनेट आधार कार्ड,4 पैन कार्ड,7 फर्जी पुलिस प्रमाण पत्र व सीसीटीएनएस रिपोर्ट के साथ बरामद कर जेल भेज दिया है।

## बुजुर्ग पर जानलेवा हमला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के इदिलपुर निवासी विजय कुमार पुत्र रामदुलारे विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गुरूवार की सुबह दस बजे उसके चाचा श्यामलाल पुत्र माता भीख खेत से घर वापस आ रहे थे। तभी गांव के दो आरोपियों ने उसके चाचा को रास्ते में रोककर गाली देना शुरू किया।मना करने पर आरोपियों ने 58 वर्षीय श्यामलाल पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला बोल दिया।तहरीर में कहा गया है कि हमले में घायल बेहोश हो गया और उसे सिर में गंभीर चोटें आ गई।लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते भाग गए।परिजन ने घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर ले गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल का यहां उपचार कराया।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है,केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## झपट्टा मारकर पैसे छीनने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना क्षेत्र में 9 अक्टूबर को पशु चिकित्सालय के सामने एक व्यक्ति से पैसा झपट्टा मारकर भाग गए।वादी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। एसआई राजकुमार मिश्रा मय हमराह विवेक कुमार यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग नारायणपुर के पास है जो राहगीरों से पैसा झपट्टा मारकर भागने की फिराक मे है,दरोगा ने तत्काल वहां पहुंचकर शिवम सोनी उर्फ कल्लू 21 पुत्र लालमन सोनी निवासी भगवतगंज थाना मान्धाता को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो 9 अक्टूबर को की गई झपट्टा मारी को कबूल किया और बताया कि उसमे 12 हजार रुपए थे जिसे हम दोनों ने बांट लिया था।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से झपट्टा मारी के 13 सौ रुपए बरामद कर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

# अधिवक्ता समेत चार पर कातिलाना हमला, दो की हालत नाजुक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के पहाड़पुर के बवारिहा गांव मे बुधवार की देर शाम पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने अधिवक्ता परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया।धारदार हथियारों से लैस दबंग आरोपियों ने हमले में घायलों को मरणासन्न देख मौके से भाग निकले।घटना को लेकर रात भर पुलिस व प्रशासनिक अफसर हलाकान रहे।घायलों में लालगंज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय व भानु प्रताप पाण्डेय को गंभीर चोटें आई है।वहीं हमले में लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता बालकृष्ण पाण्डेय तथा जिला मुख्यालय के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय भी चुटहिल हुए है।घटना को लेकर भानु प्रताप पाण्डेय के पुत्र अभिषेक पाण्डेय की तहरीर पर गांव के कमल नारायण पाण्डेय पुत्र नंदकिशोर पाण्डेय, प्रधानपति देवदत्त शुक्ला पुत्र राम अभिलाष शुक्ला, आदित्य पाण्डेय उर्फ सनी पुत्र कमल नारायण पाण्डेय,सौरभ दत्त शुक्ल पुत्र शिवदत्त शुक्ल,विपिन कुमार शुक्ल पुत्र अवध नारायण शुक्ल तथा सच्चिदानंद पाण्डेय पुत्र नंदकिशोर पाण्डेय व कुछ अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने पीडि़त के घर मे घुसकर जानलेवा हमले को लेकर हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।घायलों को बुधवार की देर रात लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद लखनऊ के राम मनोहर लोहिया हास्पिटल रेफर कर दिया गया है,वहां अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय व परिवार के भानु प्रताप पाण्डेय की स्थिति गंभीर बताई गई है।इधर जानलेवा हमले में तीन-तीन साथियों के चुटहिल होने को लेकर अधिवक्ताओं मे गुस्से का माहौल देखा सुना गया है।पुलिस ने देर रात नामजद आरोपियों में से कमल नारायण पाण्डेय को दबोचकर जेल भेज दिया है।सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है,शीघ्र ही सभी को जेल भेजा जाएगा,वहीं दूसरे पक्ष के कमल नारायण पाण्डेय की पत्नी ममता पाण्डेय ने भी पुलिस को दी गई तहरीर में विपक्षियों पर जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप मढ़ा है, हालांकि सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने घटना को लेकर दूसरे पक्ष की तहरीर मिलने से इंकार किया है।पुलिस का अभी तक की जांच में साफ मानना है कि घटना में मारपीट आरोपी पक्ष के द्वारा एकतरफा की गई है।

### सांगीपुर पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

इधर घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस की ढिलाई पर भी सवाल उठने लगे है।करीब एक वर्ष पहले 2024 मे 29 जून की शाम भी अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय पर जानलेवा हमला हुआ था।उस घटना में भी पुलिस ने इस घटना के ही आरोपी कमल नारायण पाण्डेय,सच्चिदानंद पाण्डेय समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था।पुलिस ने उस समय घटित घटना में आरोपियों की गिरफ्तारी की जहमत नही उठाई।इलाके में चर्चा है कि इससे हमलावरों का मनोबल सातवें आसमान तक बढ़ गया और बुधवार की शाम दबंगों ने फिर खून खराबे का नग्न ताण्डव किया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल बियार के पुण्यतिथि कार्यक्रम रोके जाने पर सपाजनों में आक्रोश, घटना की निन्दा की, पीडीए से भाजपा घबराई

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल बियार जी की बहुआर स्थित जमालपुर थाना क्षेत्र में बियार एवं सर्वसमाज द्वारा पुण्यतिथि का कार्यक्रम रखा गया था। उपजिलाधिकारी चुनार संतोष वर्मा ने बकायदे कार्यक्रम करने की अनुमति प्रदान की थी। 22-23 की रात लगभग 10 बजे सत्ता पक्ष के दबाव में जमालपुर पुलिस कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर बैनर, पोस्टर, फड़ तोड़ दी। साथ ही लगाई गई कुर्सिया भी तोड़ दी। इस दौरान लोगो के साथ दुर्व्यवहार किया गया। गाली गलौज भी दिया गया। भोजन के अलावा बनी मिष्ठान को भी तहस-नहस कर दिया गया। कई लोगो को हिरासत में लिया गया। भाजपा सरकार की तानाशाही रवैये के कारण रात 10 बजे कार्यक्रम को निरस्त करने का आदेश आयोजक को थमा दिया गया। इस घटना की समाजवादी पार्टी ने निन्दा की है। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार का यह तानाशाही रवैया ज्यादा दिन चलने वाला नही है। पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा आजादी के महानायक मंगल बियार हम सबके आदर्श एवं राष्ट्रनायक है। उनकी पुण्यतिथि पर भाजपा के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवधान डालना घोर निंदनीय है। पूर्व राज्यमंत्री गुलाब चन्द यादव ने कहा कि सपा मुखिया श्री अखिलेश यादव के बढ़ती लोकप्रियता से वर्तमान भाजपा सरकार भयभीत व डरी हुई है। बाबा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश भारतीय ने कहा कि भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस बात का ध्यान रखना होगा कि सरकार बदलती रहती है। पीडीए के लोगो से वर्तमान सरकार घबरा गई है। बियार समाज के कार्यक्रम निरस्त करना निंदनीय घटना है। पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल ने कहा कि पुलिस का रवैया ठीक नही था। जाँच कर न्यायोचित कार्यवाही होनी चाहिये। उन्होंने भी इस घटना की कड़ी निन्दा की है। पूर्व ब्लाक प्रमुख रमाशंकर कोल ने कहा कार्यक्रम को निरस्त करना ओछी मानसिकता का भाजपा के लोगो ने परिचय दिया है। मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति ने भी कहा मंगल बियार स्वतंत्रता आन्दोलन के परोधा थे। इन्हे किसी जाति में बाटना ठीक नही है। यह कार्यक्रम सर्वसमाज का था।

## हिंदू परिवार ने घर में बनवाई मजार, गुस्साए ग्रामीणों ने तोड़ दिया चबूतरा, गांव में तनाव

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर।** जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक हिंदू परिवार ने बहू की बीमारी से तंग आकरतांत्रिक के कहनेपर घर मेंमजार बना ली। इसकी जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और नाराज ग्रामीणों नेमजार कोध्वस्त कर दिया।उधर, गांव मेंतनाव बढ़ता देख पुलिस बल भी तैनात हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक गांव मेंएक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। हालांकि ये मामला फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है। ये मामला जिगना क्षेत्र का है। पुलिस उपाधीक्षक लालगंज ने गुरुवार को बताया कि तिवारीपुर कुशहा गांव के रहने वाले राम नारायण सिंह व रवि सिंह अपनी बहू की बीमारी सेबहुत तंग थे।

# मानव तस्करी की रोकथाम को रेलवे प्रशासन प्रयासरत

**स्वतंत्र भारत, गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, मानवीय सहायता के अन्तर्गत 22 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छपरा को निगरानी के दौरान स्टेशन के एफओबी पर उतरते समय फिसल कर गिरने से घायल एक यात्री मिला, जिसे रेलवे डाक्टर से प्राथमिक उपचार कराने के बाद रेफर कराकर जिला चिकित्सालय, छपरा में भर्ती कराया गया तथा उक्त की सूचना यात्री के परिजनों को दिया गया। 21 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बलिया को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 2 पर मानसिक रूप से विक्षिप्त एक युवक मिला, जिसे बलिया पोस्ट पर लाया गया। युवक के परिजन के पोस्ट पर उपस्थित होने पर परिजन को सुपुर्द किया गया। 22 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15104 में महिला यात्री का गिरा बैग मिला, जिसे वाराणसी सिटी पोस्ट पर जमा किया गया। महिला यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 22 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल चौकी हल्द्वानी को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 14120 में महिला यात्री का छूटा पर्स मिला, जिसे हल्द्वानी चौकी पर जमा किया गया। महिला यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त पर्स सुपुर्द किया गया। 21 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गाजीपुर सिटी को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 22434 में यात्री का छूटा 02 बैग मिला, जिसे गाजीपुर सिटी पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त दोनों बैग सुपुर्द किया गया। 21 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बलिया को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 13105 में यात्री का छूटा बैग मिला, जिसे बलिया पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के परिचित के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 18 अक्टूबर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15622 में एक यात्री का बैग भूलवश छूटा यात्री को मिलने पर सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। 21 अक्टूबर, 2025 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया।

## हरे पेड़ों को काटने पर मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** अंतू थाना के गड़वारा चौकी अंतर्गत दसियापुर गांव मे सागौन के हरे पेड़ों को काटा जा रहा था,स्थानीय लोगों ने वीडियो वायरल कर दिया,जिस पर पुलिस के न चाहते हुए भी कार्रवाई करनी पड़ गई।गड़वारा चौकी प्रभारी शैलेश सिंह ने कटी हुई हरे पेड़ों की लकड़ियां और पिकअप तथा स्वचलित आरा मशीन आदि जब्त करने की चर्चा जोरों पर है।पुलिस ने आठ लोगों पर कानूनी कार्रवाई की है,जिसमे मुख्य लकड़ी ठेकेदार सोनू इस्लाम बताया जा रहा है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अतुल शुक्ला द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

## एक नज़र

### बलूचिस्तान : तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत, 11 आतंकी भी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन सुरक्षाकर्मी और 11 आतंकवादी मारे गए। नोश्की में गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। एक अन्य घटना में, केच इलाके में एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने चगाई और सिबी जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए अभियान में 11 आतंकियों को ढेर कर दिया। लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी हुई और छह आतंकवादी मारे गए। सिबी में आतंकवाद निरोधी दस्ते ने एक परिसर पर छापा मारा जहां एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्य छिपे हुए थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जबरदस्त फायरिंग हुई। जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों जगहों से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संचार उपकरण जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोग सुरक्षा बलों, पुलिस और लेवी कर्मियों पर पहले भी हुए हमलों में शामिल थे।

### भारतीय मूल के सुनील अमृत ने जीता ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार

**लंदन।** भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को उनकी किताब द बर्निंग अर्थ : एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स के लिए ब्रिटिश अकादमी पुस्तक पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इस पुरस्कार के तहत विजेता को 25,000 पाउंड की रकम मिलती है, जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ गैर-काल्पनिक कृतियों को दिया जाता है। अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ। वे सिंगापुर में पले-बढ़े और उन्होंने इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि ली। 46 वर्षीय अमृत की किताब को ब्रिटिश अकादमी पुस्तक अवार्ड के निर्णायकों ने जलवायु संकट के मामले में महत्वपूर्ण पठन सामग्री बताया।

### ड्रग्स तस्करों पर अमेरिका का आठवां हमला, दो मरे

**वाशिंगटन।** ड्रग्स तस्करों पर कड़ी कार्रवाई के क्रम में अब अमेरिका ने कथित तौर पर प्रशांत महासागर में आठवीं बार ड्रग ले जा रही नाव पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर के जलक्षेत्र में एक कथित ड्रग ले जा रही नाव पर आठवां हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। यह हमला दक्षिण अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी पर ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के दायरे को बढ़ाता है।

### शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती

**रियाद।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया। 90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितंबर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली।

### जेल में बंद दो पत्रकारों को ईयू का शीर्ष मानवाधिकार पुरस्कार

**पेरिस।** यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रोबर्टा मेट्सोला ने बेलारूस व जॉर्जिया की जेल में बंद दो पत्रकारों को यूरोपीय संघ का शीर्ष मानवाधिकार सम्मान सखारोव पुरस्कार दिए जाने का एलान किया। मेट्सोला ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग स्थित संसद में कहा, पोलिश अखबार के संवाददाता आंद्रेज पोकजोबुत व जॉर्जिया की वरिष्ठ पत्रकार अमाघ्लोबेली वर्तमान में केवल अपना काम करने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के झूठे आरोपों में जेल में हैं।

### अब काला सागर में कहीं भी ड्रोन हमले में सक्षम यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन ने काला सागर में कहीं भी हमला कर सकने वाले उन्नत ड्रोन विकसित करने का दावा किया है। यह मानवरहित यान कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से भारी हथियार ले जा सकता है और लक्ष्य को निशाना बना सकता है। यूक्रेन ने काला सागर में रूसी जहाजों व बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने के लिए मानवरहित नौसैनिक ड्रोन का इस्तेमाल किया है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने सी बेबी नामक मानवरहित यानों से हमले कर रूस को चिंतित कर दिया है।

### सिंगापुर में भारत की बेजोड़ स्थापत्य कला का किया गया प्रदर्शन

**सिंगापुर।** भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को सूरजमुखी प्रदर्शनी का आगाज हुआ। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने मरिना जलाशय के पास स्थित 105 हेक्टेयर में फैले गार्डन्स बाय द बे में सूरजमुखी की 20 किस्में प्रस्तुत कीं। प्रदर्शनी में जयपुर के ऐतिहासिक इमारतों के मॉडल भी प्रस्तुत किए गए, जो भारत की अद्वितीय स्थापत्य कला का नमूना पेश कर रहे थे।

### दुबई में भव्य कंसर्ट का नेतृत्व करेंगे भारतीय सारंगी वादक नबील

**अबू धाबी।** मशहूर भारतीय सारंगी वादक नबील खान के नेतृत्व में 26 अक्तूबर को दुबई में भव्य संगीत समारोह का आयोजन होगा। खान के 'एमिरेट्स लव्स इंडिया' की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 50,000 से अधिक संगीत प्रेमी शामिल हो सकते हैं। दिल्ली में जन्मे नबील यूएई में प्रतिष्ठित 'गोल्डन वीजा' पाने वाले पहले भारतीय सारंगी कलाकार हैं।

### हैती में 10 साल बाद आम चुनाव की तैयारी

**पोर्ट-ओ-प्रिंस।** हैती में आम चुनाव होने जा रहे है। हालांकि दूसरी ओर सुरक्षा चिंता भी बढ़ गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हैती के नेताओं को चेतावनी दी है कि देश में सुरक्षा बहाल करने और आम चुनाव कराने के लिए अब बहुत कम समय बचा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि कार्लोस रुइज मासीउ ने कहा कि परिवर्तन की घड़ी तेजी से चल रही है, लेकिन लोकतांत्रिक शासन बहाल करने की दिशा में अब तक कोई स्पष्ट रास्ता नहीं दिख रहा है। हैती की अंतरिम राष्ट्रपति परिषद को फरवरी 2026 तक आम चुनाव कराकर सत्ता एक निर्वाचित सरकार को सौंपनी है।

# यूक्रेनी ड्रोन्स हमले से रूस के प्रमुख गैस संयंत्र में लगी भीषण आग



**मॉस्को।** यूक्रेन ने ड्रोन्स से रूस के एक प्रमुख गैस प्रसंस्करण संयंत्र को निशाना बनाया है। हमले के चलते रूसी गैस संयंत्र में भीषण आग लग गई। आग से संयंत्र को भीषण नुकसान हुआ, जिससे संयंत्र की कजाखस्तान से होने वाली गैस आपूर्ति को रोकना पड़ा। यूक्रेन का रूस पर यह हमला ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि रूस के साथ युद्धविराम के लिए यूक्रेन को अपनी जमीन छोड़नी पड़ सकती है। दक्षिणी रूस स्थित ओरेनबर्ग संयंत्र, जो सरकारी स्वामित्व वाली गैस कंपनी गाजप्रोम द्वारा संचालित है। यह संयंत्र ओरेनबर्ग नामक रूसी क्षेत्र में कजाखस्तान सीमा के नजदीक स्थित है। यहां कजाखस्तान से आने वाली गैस और ओरेनबर्ग से निकलने वाली गैस का प्रसंस्करण होता है। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में से एक है, जिसकी वार्षिक क्षमता 45 अरब क्यूबिक मीटर है। स्थानीय गवर्नर येवगेनी सोलन्त्सेव ने बताया कि ड्रोन हमलों ने संयंत्र की एक कार्यशाला में आग लगा दी और उसका एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेन की तरफ से हाल के महीनों में रूस के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले तेज किए गए हैं। यूक्रेन की कोशिश है कि रूस के युद्ध को वित्तपोषित करने वाले उसके तेल के व्यापार को नुकसान पहुंचाया जाए।

■ **कजाखस्तान की आपूर्ति हुई ठप**

**ट्रंप के रुख में आया बदलाव, पुतिन का किया समर्थन**

वहीं ट्रंप का कहना है कि शांति के लिए यूक्रेन को अपनी जमीन छोड़नी पड़ सकती है। गुरुवार को एक अमेरिकी मीडिया को दिए इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, युद्ध रोकने के लिए यूक्रेन की जमीन पर कब्जा छोड़ने के लिए तैयार होंगे? इस पर ट्रंप ने कहा कि ठीक है, वह कुछ तो लेंगे ही। उन्होंने युद्ध लड़ा और उनके पास बहुत सारी संपत्ति है। उन्होंने कुछ संपत्ति जीती भी है। ट्रंप ने कहा हम एकमात्र देश हैं जो युद्ध में जाता है, जीतता है और फिर युद्ध छोड़ देता है।

# रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध

## बुडापेस्ट बैठक रद्द होने के बाद ट्रंप का एक्शन



**वाशिंगटन।** बुडापेस्ट में राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठक रद्द होने के बाद अमेरिका ने रूस पर एक और बड़ा आर्थिक प्रहार किया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को घोषणा की है कि अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बेवजह युद्ध खत्म करने से इनकार के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि अब हत्या बंद करने और तत्काल युद्धविराम का समय है। पुतिन के इस निरर्थक युद्ध को समाप्त न करने की जिद को देखते हुए ट्रेजरी विभाग रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहा है, जो क्रेमलिन की युद्ध मशीन को फंड करती हैं। दरअसल, रोसनेफ्ट और लुकोइल के साथ-साथ दर्जनों सहायक कंपनियों पर प्रतिबंध का यह निर्णय महीनों से चल रहे दलीय दबाव के बाद लिया गया, जिसमें सांसदों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से रूस के तेल उद्योग को निशाना बनाने की मांग की थी। बेसेंट ने कहा कि वित्त मंत्रालय युद्ध समाप्त करने के ट्रम्प के प्रयासों का समर्थन करने के लिए यदि आवश्यक हुआ तो आगे की कार्रवाई करने के लिए तैयार है। इसी के साथ सहयोगी देशों से भी इन प्रतिबंधों में शामिल होने का आग्रह किया है।

# इनामी तालिबान कमांडर ने मुनीर को दिया चैलेंज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने खुली धमकी दी है। टीटीपी ने हाल ही में कई वीडियो जारी किए हैं। इनमें उनका एक शीर्ष कमांडर असीम मुनीर को ललकारता नजर आ रहा है। कमांडर ने कहा है कि पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों को मौत के मुंह में भेजने के बजाय अपने शीर्ष अधिकारियों को युद्ध के मैदान में उतारे। यह धमकी ऐसे समय में आई है, जब टीटीपी के हमलों ने पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। 8 अक्टूबर को खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम इलाके में टीटीपी ने एक घात लगाकर हमला किया, जिसमें उनके दावे के मुताबिक 22 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

■ **कहा सिपाहियों नहीं फौज के अफसरों को जंग में उतारो**

वीडियो में हमले की फुटेज, लूटी गई गोलियां और वाहन भी दिखाए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने इस हमले में केवल 11 सैनिकों के मारे जाने की पुष्टि की है। टीटीपी के एक वरिष्ठ कमांडर ने वीडियो में सीधे आसिम मुनीर को चुनौती दी। काजिम ने कहा, अगर तुम मर्द हो तो सामने आकर लड़ो। उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा, अगर तुमने मां का दूध पिया है, तो हमसे मुकाबला करो। इस धमकी के बाद 21 अक्टूबर को पाकिस्तानी अधिकारियों ने काजिम की गिरफ्तारी के लिए 10 करोड़ पाकिस्तानी रुपये के इनाम की घोषणा की। टीटीपी के वीडियो से पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। जानकारों का मानना है कि इन वीडियो और हमलों का मकसद न केवल सेना का मनोबल तोड़ना है, बल्कि आम जनता में डर पैदा करना भी है।

# फिलिस्तीन को लेकर बंटे अमेरिकी नागरिक

## ट्रंप प्रशासन से अलग राय | सर्वे रिपोर्ट ने सबको चौंकाया

**न्यूयॉर्क।** सीजफायर घोषित होने के बावजूद गाजा पट्टी में इजरायल और हमास के बीच लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर सीजफायर का उल्लंघन करने के आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच, रॉयटर्स/इप्सोस के एक ताजा सर्वेक्षण ने खुलासा किया है कि अधिकांश अमेरिकी नागरिकों का मानना है कि अमेरिका को फिलिस्तीनी राज्य को औपचारिक मान्यता देनी चाहिए। उनका तर्क है कि इससे मध्य पूर्व में इजरायल के साथ दो-राज्य समाधान संभव हो सकेगा। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फिलिस्तीन-विरोधी नीति से पूरी तरह विपरीत है, जो जनता की राय से मेल नहीं खाती। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह छह दिनों तक चला सर्वेक्षण सोमवार को संपन्न हुआ। इसमें 59 प्रतिशत लोगों ने फिलिस्तीनी राज्य को अमेरिकी मान्यता देने का समर्थन किया, जबकि 33 प्रतिशत ने इसका विरोध जताया। बाकी या तो अनिश्चित थे या जवाब देने से कतराए। ट्रंप के रिपब्लिकन समर्थकों में भी 53 प्रतिशत ने विरोध किया, लेकिन उसी पार्टी के 41 प्रतिशत सदस्यों ने समर्थन की बात कही। यह सर्वेक्षण ऐसे समय में आया है जब हाल के हफ्तों में पश्चिमी देशों ( ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया) ने फिलिस्तीनी राज्य को औपचारिक मान्यता दे दी है। 1948 में स्थापित इजरायल ने इन कदमों की कड़ी निंदा की है, क्योंकि उसकी स्थापना के बाद लाखों फिलिस्तीनियों को विस्थापित होना पड़ा और दशकों से संघर्ष जारी है।

# ईयू ने भी दिया पुतिन को झटका

**ब्रुसेल्स।** रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ता ही जा रहा है। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद यूरोपीय संघ ने भी रूस के छद्म तेल बेड़े पर प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही यूरोपीय संघ ने रूस से होने वाले एलएनजी आयात पर भी नए प्रतिबंध लगा दिए हैं। गुरुवार को डेनमार्क के यूरोपीय संघ के अध्यक्ष और विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा की। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान रूस पर लगे प्रतिबंधों का एलान करते हुए कहा कि, आज यूरोप और यूक्रेन के लिए एक अच्छा दिन है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ के भीतर रूसी राजनयिकों की आवाजाही को सीमित करने पर भी सम्मेलन में सहमति बनी। नए प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस के तेल उद्योग पर दबाव बनाना और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बातचीत की मेज पर लाना है। अमेरिका का मानना है कि रूस के तेल उद्योग ही यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को वित्तपोषण दे रहा है। यही वजह है कि अब अमेरिका और पश्चिम के देश रूस की इसी ताकत पर प्रहार कर रहे हैं।

# 'नौसेना आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार'

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की द्विवार्षिक कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2025 का दूसरा सत्र गुरुवार से शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने नौसेना की आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम और भविष्य की योजना पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नौसेना के जवानों की समर्पण भावना, पेशेवर कौशल और देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में नौसेना की भूमिका को राष्ट्र के लिए गर्व का विषय भी बताया। बता दें कि इससे पहले बुधवार को वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी नौसेना कमांडरों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति और विभिन्न चुनौतियों से निपटने में उसकी भूमिका की प्रशंसा की थी। नौसेना प्रमुख ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नौसेना की तैयारी, अनुकूलनशीलता और क्षेत्रीय सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौसेना आज एक कॉम्बैट-रेडी और विश्वसनीय फोर्स के रूप में उभर चुकी है। उन्होंने बताया कि नौसेना ने हाल के महीनों में कई सफल ऑपरेशनों और संयुक्त मिशनों को अंजाम दिया है। साथ ही नई तकनीक, जहाजों और हथियार प्रणालियों की खरीद से नौसेना की क्षमता और बढ़ी है। नौसेना प्रमुख ने महासागर दृष्टिकोण के तहत आईओएस सागर मिशन और आईकाईम अभ्यास जैसी पहलों को भारत को हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय सुरक्षा भागीदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम बताया। उन्होंने कहा कि नौसेना 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। तकनीक के क्षेत्र में नवाचार, नए उपकरणों का समावेश और आईडेक्स पहल इसके मजबूत उदाहरण हैं।

■ **कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में बोले नौसेना प्रमुख**


















# महागठबंधन : तेजस्वी मुख्यमंत्री का चेहरा

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद के चेहरों का एलान कर दिया। महागठबंधन ने स्पष्ट कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है। बिहार में बदलाव लाने के लिए तैयार है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। वहीं मुकेश सहनी को महागठबंधन ने उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया गया है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि, सरकार बनने पर अन्य वर्गों से भी उपमुख्यमंत्री बनाएं जाएंगे। सभी दलों ने एक स्वर में कहा कि भारी बहुमत से हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव में कुछ चंद सीटों के कारण हमलोग सरकार नहीं बना पाए। आज फिर से वह समय आया है। नीतीश सरकार ने छात्रों के साथ अन्याय किया। उनपर लाठियां बरसाई। महिलाओं को रोजगार योजना के नाम पर 10 हजार देकर छल किया। पूरे देश में लोगों की आशंका है कि क्या बिहार में महाराष्ट्र चुनाव वाला किस्सा दोहराया जाएगा। लेकिन, हम लोगों को आश्वस्त करते हैं कि बिहार बिल्कुल तैयार है। महागठबंधन के सातों दल पूरी एकता के साथ बदलाव के एजेंडे को पूरा करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि एनडीए वाले नकलची हैं। इनके नेता थके हुए हैं। यह लोग बिहार को ठगने में लगे हुए हैं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा, सीएम नीतीश कुमार की पार्टी को खत्म करना चाहती है। तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को नया बिहार बनाना है। इसलिए हमलोग एकजुट हुए हैं। हमलोग इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प ले चुके हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के साथ एनडीए में अन्याय किया गया है। एनडीए ने एक बार भी संयुक्त प्रेस वार्ता नहीं की। अब तक मुख्यमंत्री का चेहरा नीतीश कुमार को घोषित किया गया है।

■ **गहलोत बोले- डिप्टी सीएम एक से ज्यादा होंगे**



इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने मुहर लगा दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक दल का नेता मुख्यमंत्री तय करेगा। लेकिन, क्या कारण है कि आपलोग नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं घोषित कर रहे हैं? आपलोग पिछले 20 साल में कई जगह मुख्यमंत्री का चेहरा चुनाव से पहले घोषित कर चुके हैं। पिछले चुनाव में भी आपलोगों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया था। लेकिन, इस बार क्या कारण है कि उन्हें सीएम फेस घोषित नहीं कर रहे हैं।

## बाजार दर्पण







